TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 26 अंक 234
शनिवार 21 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 33°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-14 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# अब मथुरा के विकास की बारी : योगी

## सीएम योगी ने किया गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

**आजमगढ़, 20 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 7283 करोड़ की लागत से बने 91 किलोमीटर लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दल समाजवादी पर तंज कसते हुए कहा कि आजमगढ़ सपा को जिताता रहा, इस जिले के लिए किया कुछ नहीं। आज उत्तर प्रदेश राज्य एक्सप्रेस वे प्रदेश बन रहा है।

लोकार्पण के बाद जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस आजमगढ़ ने सांसद से लेकर मुख्यमंत्री तक दिया लेकिन वे न विश्वविद्यालय बना पाए न एक्सप्रेस वे बना पाए।

हमने गैर सैफईवासी दिनेश लाल यादव निरहुआ को सांसद बनाया। वर्ष 2016 में उन लोग 110 मीटर चौड़ा एक्सप्रेस वे बनाने के टेंडर जारी कर दिया था। एक्सप्रेसवे निर्माण में डकैती डालने वाले आज ईमानदारी का ढोंग दिख रहे हैं। वे मुम्बई की डी कंपनी के साथ पार्टनरशिप करते थे। अंडरवर्ल्ड के साथ सांठगांठ करते थे।

**तंज**
- कहा-डी कंपनी के साथ सांठगांठ करने वाले लोग आज ईमानदारी का ढोंग कर रहे
- मुख्यमंत्री ने विपक्षी दल समाजवादी पर कसा तंज
- आजमगढ़ सपा को जिताता रहा, इस जिले के लिए किया कुछ नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष पर पहले उत्तर प्रदेश के युवा और नागरिकों के सामने पहचान का संकट था।

पूर्व की सरकारों ने आजमगढ़ के लिए पहचान का संकट पैदा कर दिया था। आज आजमगढ़ अदम्य साहस का गढ़ बन गया है। प्रगति होगी तो समृद्धि होगी। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से इस आजमगढ़ मऊ के लोग सुबह लखनऊ जाकर काम निपटा कर वापस आ जाते हैं। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 में जब हम आये तो उत्तर प्रदेश में डेढ़ एक्सप्रेसवे थे। अब पटना से लेकर लखनऊ से दिल्ली की कनेक्टिविटी बन कर तैयार हो रही है। दिल्ली मेरठ के बीच 12 लेन का एक्सप्रेस वे पहले बन चुका है। 45 मिनट में दिल्ली से मेरठ तक आवागमन होता है।



मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस-वे बन कर तैयार हो रहा है। 6 एक्सप्रेसवे निमार्णाधीन हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को इतना मजबूत कर देंगे कि प्रदेश को समृद्ध होने से कोई रोक नहीं सकेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 के पहले पता ही नहीं चलता था कि गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढे। आज इन्हीं एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टर बनाये जा रहे हैं। उद्योग यहीं लगेंगे, युवाओं को रोजगार यहीं मिलेगा। जाति के नाम पर बांटने वाले लोग जब सत्ता में थे तो ये अपने परिवार की बात करते थे।

आज 60 हजार सिपाही भर्ती में इसी आजमगढ़ के युवा भर्ती हुए हैं। किसी का जाति मत मजहब नहीं पूछा गया। कोई सिफारिश नहीं हुई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले यही भर्ती होती तो चाचा भतीजा झोला लेकर निकल पड़ते थे। यही है सबका साथ सबका विकास? उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने विरासत और विकास का समन्वय स्थापित किया है।

महाकुंभ, काशी विश्वनाथ धाम, चित्रकूट धाम, विंध्यवासिनी धाम, सबका विकास भी हुआ। अब मथुरा के विकास की बारी है। आज आजमगढ़ की साड़ियां देश दुनिया में पहचान बना रही हैं। निरहुआ के सांसद बनने के बाद हरिहरपुर गांव के संगीत की प्रतिभा को भी सम्मान दिया गया।

# बिहार को मिली नयी वंदे भारत एक्सप्रेस

- नयी रेल लाइन की सौगात
- नई ट्रेन सेवा का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन
- यूपी में अब 15 और बिहार में 13 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही

**पटना, 20 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस की शुक्रवार को सौगात दी और वैशाली से देवरिया तक नयी रेल लाइन एवं एक नयी ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया। मोदी ने सीवान में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन से रवाना किया।

मोदी ने वैशाली से देवरिया (उत्तर प्रदेश) तक नई ट्रेन सेवा 29 किलोमीटर की नयी लाइन एवं दोनों स्टेशनों के बीच का उद्घाटन किया। देवरिया और वैशाली के बीच के क्षेत्र के विकास को नया आयाम मिलेगा। क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा और कृषि उत्पादों की बाजार तक तीव्र पहुंच सुनिश्चित होगी।

पाटलिपुत्र स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन, पाटलिपुत्र से पूर्व सांसद रामकृपाल यादव उपस्थित थे। जबकि पाटलिपुत्र की सांसद मीसा भारती समारोह में नहीं दिखाई दीं।

रविशंकर ने संवाददाताओं से कहा, बिहार का विकास प्रधानमंत्री के दिल में है। जब भी वह बिहार आते हैं, हजारों करोड़ की विकास परियोजनाएं यहां एक वास्तविकता बन जाती हैं।

हम यहां वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आए हैं। प्रधानमंत्री वास्तव में बिहार राज्य को पसंद करते हैं और इसके विकास को लेकर चिंतित हैं। देश में वंदे भारत एक्सप्रेस श्रृंखला की यह 71वीं जोड़ी ट्रेन सेवा है। ■ शेष पेज 13 पर

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को दी जन्मदिन की बधाई

**नयी दिल्ली, 20 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर राष्ट्रपति के नेतृत्व और सार्वजनिक सेवा को देश के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा, राष्ट्रपति को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनका जीवन और नेतृत्व देश भर में लाखों लोगों को प्रेरित करता रहेगा। सार्वजनिक सेवा, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए आशा और शक्ति की किरण है।

### जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा : सिसोदिया

**नयी दिल्ली, 20 जून।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भारतीय जनता पार्टी पर राजनीति से प्रेरित होकर जाँच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार हर मामले में विफल हो गयी है। सिसोदिया ने क्लासरूम घोटाला मामले में पूछताछ में शामिल होने दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) दफ्तर जाने से पहले पत्रकारों से शुक्रवार को कहा, दिल्ली में शानदार स्कूल बने और अच्छी पढ़ाई हुई दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत शानदार काम हुआ जिसे सारा देश जानता है, लेकिन भाजपा राजनीति से प्रेरित होकर अपनी एजेंसी का दुरुपयोग करके इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करती है और फिर आज मुझे एसीबी ने बुलाया है।

### अंतरिक्ष मिशन एक्सिओम-4 की लॉन्चिंग टली

**नई दिल्ली, 20 जून।** केंद्रीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि एक्सिओम मिशन-4 (एक्सिओम-4) की प्रस्तावित लॉन्चिंग फिलहाल टाल दी गई है। यह मिशन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना होने वाला था, जिसमें भारत के शुभांशु शुक्ला सहित चार अंतरिक्ष यात्री सवार होने वाले थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पोस्ट में बताया कि नासा ने फिलहाल 22 जून को निर्धारित संभावित लॉन्च तिथि से स्टैंड डाउन (वापस हटने) का फैसला लिया है। अब मिशन की लॉन्चिंग नई तिथि पर की जाएगी, जिसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी।

### ईडी ने सतिंदर भसीन की 27 करोड़ की आवासीय संपत्ति कुर्क की

**लखनऊ, 20 जून (तरुणमित्र)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ की टीम ने शुक्रवार को भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के मामले में पीएमएलए, 2002 के तहत सतिंदर सिंह भसीन की 27.01 करोड़ रुपये की आवासीय संपत्ति को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ईडी कार्यालय के अनुसार सतिंदर सिंह भसीन की संपत्ति का वर्तमान बाजार मूल्य 44 करोड़ रुपये के करीब आंका गया है। इस संपत्ति को रियल एस्टेट परियोजनाओं में निवेश के नाम पर जनता को धोखा देने से संबंधित एक मामले में अपराध की आय के बराबर मूल्य के रूप में कुर्क किया गया है। वहीं एक दूसरे मामले में ईडी लखनऊ ने शाइन सिटी समूह व अन्य के पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत इलाहाबाद निवासी मोहम्मद जावेद की 55.07 लाख रुपये मूल्य के बैंक बैलेंस के रूप में संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है।

# अब तक 223 मृतकों के डीएनए सैंपल का हुआ मिलान

**अहमदाबाद, 20 जून।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में 20 जून को सुबह 11:50 बजे तक कुल 223 मृतकों के डीएनए सैंपल मेल खा चुके हैं। इनमें से 220 परिजनों से संपर्क किया गया है, जिनमें से 202 परिवारों को उनके प्रियजनों के पार्थिव शरीर सौंपे जा चुके हैं।

सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि सिविल अस्पताल में उपचाराधीन दो (2) घायलों की मृत्यु हो जाने के कारण उनके शव भी परिजनों को सौंपे गए हैं। इस प्रकार कुल 204 शव सिविल अस्पताल से सौंपे गए हैं। डॉ. जोशी ने बताया कि जिन 223 मृतकों के डीएनए सैंपल मेल खाए हैं, उनमें 168 भारतीय नागरिक, 7 पुर्तगाल, 36 ब्रिटेन, 1 कनाडा और 11 स्थानीय यानी नॉन-पैसेंजर शामिल हैं। डॉ. जोशी ने बताया कि अब तक जो 204 शव सौंपे गए हैं, उनमें से: उदयपुर- 7, वडोदरा- 21, खेड़ा- 11, अहमदाबाद- 58, मेहसाणा- 6, बोटाद- 1, जोधपुर- 1, अरावली- 2, आनंद- 21, भरूच- 7, सूरत- 11, पालनपुर- 1, गांधीनगर- 6, महाराष्ट्र- 2, दीव- 14, जूनागढ़- 1, अमरेली- 2, गिर सोमनाथ- 5, महीसागर- 1, भावनगर- 1, पटना- 1, राजकोट- 3, मुंबई- 9, नडियाद- 1, जामनगर- 2, पाटण- 2, द्वारका- 2, साबरकांठा- 1, नागालैंड- 1, लंदन- 2, मोडासा- 1 को उनके परिजनों तक पहुंचाया गया है।

# ईरान ने फिर दागीं इजराइल पर मिसाइलें

**तेल अवीव, 20 जून।** ईरान-इजराइल सैन्य संघर्ष आज आठवें दिन में प्रवेश कर गया। इजराइल के शुरू किए गए हवाई हमलों से प्रतिशोध की आग में जल रहा ईरान तबाही मचा रहा है। ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलें दागनी शुरू कर दी हैं। ईरान की एक मिसाइल और बीशेर्बा शहर में टेक पार्क के पास गिरी है।

इसके बाद विस्फोट और आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। यह स्थान माइक्रोसॉफ्ट के ऑफिस के पास है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की खबर के अनुसार, ईरानी मिसाइल बीशेर्बा में गिरी है। इससे काफी नुकसान हुआ है पर किसी के घायल होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने नागरिकों से कहा कि वह बीशेर्बा में अपने आश्रय स्थल छोड़ सकते हैं।

खबर के अनुसार, अभी भी बीशेर्बा शहर और आसपास के शहरों में हमले के सायरन बज रहे हैं। आईडीएफ ने कहा कि ईरानी मिसाइलों को निष्क्रिय करने के लिए डिफेंस सिस्टम काम कर रहा है। अमेरिका के सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार, आईडीएफ ने कहा है कि बीशेर्बा में लगी आग बुझाई जा रही है। एक ईरानी मिसाइल को रोक दिया गया है। यह आग टेक पार्क के पास विस्फोट के बाद लगी है। यहां माइक्रोसॉफ्ट का ऑफिस है।

**तबाही**



- बीशेर्बा में टेक पार्क के पास विस्फोट, पास में है माइक्रोसॉफ्ट का ऑफिस
- आईडीएफ ईरान के सभी परमाणु संयंत्रों को नष्ट करने में सक्षम : नेतन्याहू

इजराइल पुलिस ने कहा कि दक्षिणी जिले के खुले इलाकों में गोला-बारूद गिरने की रिपोर्ट मिली है। इससे चल-अचल संपत्ति को नुकसान हुआ है। उल्लेखनीय है कि कल ईरानी हमले में बीशेर्बा का प्रमुख अस्पताल सोरोका मेडिकल सेंटर क्षतिग्रस्त हो चुका है।

बीशेर्बा नेगेव रेगिस्तान में है। यहां इजराइल का नेवातिम एयरबेस है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी मेहर की खबर के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के इस्लामी गणराज्य के मिशन ने सोरोका मेडिकल सेंटर को निशाना बनाने के इजराइल के आरोप को खारिज कर दिया है। मिशन ने कहा कि ईरान आत्मरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप कार्रवाई कर रहा है। ■ शेष पेज 13 पर

# अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है, शर्म नहीं, शक्ति : राहुल

**नई दिल्ली, 20 जून।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अंग्रेजी बोलने वाले बयान पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पलटवार किया है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नहीं चाहते कि गरीब के बच्चे अंग्रेजी सीखे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं - जंजीरें तोड़ने का औजार है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, इखढ-फरर नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे। वह नहीं चाहते हैं कि वह पढ़-लिखकर सवाल पूछें, आगे बढ़ें और बराबरी करें। आज के समय में अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है जितनी आपकी मातृ भाषा - क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी और आत्मविश्वास बढ़ाएगी। राहुल ने कहा कि भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है - और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है।

# पुरुलिया में सड़क हादसा, नौ की मौत

**पुरुलिया, 20 जून।** पश्चिम बंगाल में पुरुलिया के बलरामपुर थानांतर्गत नामशोल गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी लोग झारखंड के रहने वाले थे। हादसा जमशेदपुर-पुरुलिया नेशनल हाईवे 18 पर हुआ।

पुलिस के अनुसार, बलरामपुर की ओर से आ रहे एक ट्रेलर और विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दोनों वाहन पलट गए। स्थानीय लोगों और बलरामपुर पुलिस ने बोलेरो सवार 9 लोगों को लहूलुहान हालत में निकाला और ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना का शिकार हुए बोलेरो सवार लोग झारखंड के निमड़ी इलाके से पुरुलिया शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। मृतकों में बृहस्पति महत, गुरुपद महत, शंकर महत, विजय महत, अजय महत, कृष्णा महत, स्वपन महत शामिल हैं। ■ शेष पेज 13 पर

**दु:खद**



- मरने वाले सभी झारखंड के रहने वाले थे
- हादसा जमशेदपुर-पुरुलिया नेशनल हाइवे 18 पर हुआ
- दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुआ ट्रेलर चालक

# सरकारी स्कूलों का विलय कर रही सरकार : अखिलेश

**लखनऊ, 20 जून (तरुणमित्र)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश के गरीबों और वंचितों को शिक्षा से दूर करने के लिए भाजपा सरकारी स्कूलों का विलय कर रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। अखिलेश यादव शुक्रवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में दो लाख से अधिक पद खाली हैं लेकिन उनकी भर्ती नहीं की जा रही है।

स्कूलों के विलय से शिक्षक भर्ती भी नहीं होगी। शिक्षामित्र और 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं लेकिन उनकी अभी तक नहीं सुनी गई है। स्कूलों के विलय से ड्रॉप आउट रेट बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षकों का उत्पीड़न हो रहा है।



राजभवन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योगाभ्यास करते लोग। - छाया तरुणमित्र

# मुठभेड़ में महिला नक्सली ढेर

**कांकेर, 20 जून।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के थाना छोटेबेठिया कोटरी नदी पार के ग्राम आमाटोला व कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया गया। उसका शव बरामद कर लिया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि थाना छोटेबेठिया अंतर्गत ग्राम आमाटोला व कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। एक महिला नक्सली मारी गई है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद जारी की जाएगी। बताया गया है कि क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थित की सूचना पर डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सुकमा जिले के सीमा क्षेत्र में आंध्र प्रदेश के मारडेपल्ली के जंगल में नक्सलियों और ग्रेहाउंड्स फोर्स के बीच मुठभेड़ हुई थी।

## बिहार : मानसून सत्र के जरिये चुनावी तैयारियां होंगी मजबूत

# नीतीश के लिए मास्टरस्ट्रोक है पांच दिन का सत्र

■ साशा सौवीर

**नई दिल्ली, 20 जून।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में विधानसभा का 21जुलाई से आरम्भ होने वाला मानसून सत्र नीतीश कुमार सरकार के लिए बड़ा मौका माना जा रहा है। नीतीश भी इस मौके को भुनाने का अवसर नहीं छोड़ना चाहते, इसीलिए नीतीश सरकार इस सत्र में कई नए विधेयक लाने की तैयारी में है। इनमें युवाओं, किसानों और गरीबों से जुड़े कानूनों की चर्चा तेज है।

जाहिर है, नीतीश के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इस मंच का इस्तेमाल 2025 विधानसभा के अपने चुनावी रोडमैप की झलक दिखाने के लिए कर सकती है। विपक्षी महागठबंधन के टूटने के बाद यह नीतीश कुमार का पहला बड़ा सत्र होगा, जिसमें वे खुद को मजबूत और निर्णायक मुख्यमंत्री के तौर पर पेश करना चाहेंगे। यह सत्र उनके लिए बजट से पहले का चुनावी ट्रेलर बन सकता है, जिसमें नीतीश जनता को ये संदेश देना चाहेंगे कि बिहार में वे अकेले एक स्थाई और अनुभवी नेता हैं। जदयू और बीजेपी, दोनों इस सत्र का इस्तेमाल जनता को अपने पक्ष में मोड़ने और विपक्ष को घेरने के लिए कर सकते हैं।

**अवसर**
- राज्य के अनुपूरक बजट में मिलेगी चुनावी लॉलीपॉप की झलक
- विपक्ष भी किलेबंदी मजबूत करने में जुटा, दिलचस्प होगा सत्र
- एनडीए के साथ तालमेल की भी मिलेगी झलकी, तैयारी पूरी

जाहिर है, मानसून सत्र में सीएम नीतीश कुमार जनकल्याणकारी योजनाओं की घोषणाएं करके अपना 'सॉफ्ट मुख्यमंत्री' वाला चेहरा और मजबूत करेंगे और इसके अतिरिक्त भी वे सत्र में सरकारी भर्तियों, आरक्षण में विस्तार, महिलाओं और युवाओं को लेकर नई योजनाएं पेश कर सकते हैं।

नीतीश ये दिखाने की कोशिश करेंगे कि केंद्र की एनडीए सरकार के साथ मिलकर बिहार को स्थिरता और विकास की दिशा में ले जाया जा सकता है। इसीलिए उम्मीद लगाई जा रही है कि मानसून सत्र इस बार काफी हलचल भरा हो सकता है क्योंकि जहां सरकार कई बड़ी घोषणाओं की तैयारी में है, ■ शेष पेज 13 पर

# दिल्ली में अगले चार दिनों के भीतर दस्तक दे सकता है मानसून

**नई दिल्ली, 20 जून।** दिल्ली में अगले चार दिनों में यानी अगले सप्ताह मानसून दस्तक दे सकता है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले चार दिनों में आमतौर पर बादल छाए रहने और कभी-कभी बूंदा-बांदी के साथ गर्मी और उमस रहने की उम्मीद है।

मौसम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी की गई जानकारी के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों और लद्दाख के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। विभाग ने बताया कि अगले 2 दिनों के दौरान उत्तरी अरब सागर के शेष हिस्सों, राजस्थान के कुछ और हिस्सों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के शेष हिस्सों और जम्मू और कश्मीर-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद के कुछ हिस्सों, लद्दाख के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मंगलवार तक जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों तथा चंडीगढ़ और दिल्ली के शेष भागों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो रही हैं।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली में मानसून आमतौर पर 27-30 जून के आसपास आता है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित

## आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध करायें-जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़, 20 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र, केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, शौचालय की व्यवस्था, पुष्टाहार वितरण, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस मशीनों का विवरण तथा कार्यप्रणाली, अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती किये जाने, बच्चों का वजन/ऊंचाई आदि मापने की मशीन की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं पर



गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय प्रातः 8 बजे से पूर्वान्ह 10 बजे यथावत रहने का निर्देश दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने बताया कि जनपद की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन करते हुए पंजीकृत लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। स्कूल चलो अभियान की तरह आंगनबाड़ी चलो अभियान की रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो बच्चे 3 वर्ष के पूरे हो गये है उनका नामांकन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कराया जाये।

डीपीओ को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जो भी मशीने है वह खराब स्थिति में है जिससे बच्चों का वजन नहीं हो पा रहा है इसके लिये मशीन खरीदने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाये जिससे 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन मापा जा सके। बैठक में पोषण समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाये और उसकी रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पोर्टल, टीम द्वारा बच्चों का चिन्हांकन, सैम बच्चों को ट्रैक कर उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं, पोर्टल पर फीडिंग की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समस्त सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर एक हैण्डवास और साबुन अवश्य रखें, आने वाले बच्चों को हाथ धोने की प्रक्रिया को पूर्ण तरीके से बताये जिससे डायरिया व अन्य घातक बीमारियों से बचा जा सके। बच्चों को एल्बेन्डाजोल की गोलियां समय-समय पर दिया जाये। नई आंगनबाड़ी की जाये भर्तियां हुई है उनके कार्यो की जांच की जाये तथा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अभिलेखों का रख-रखाव सुव्यवस्थित ढंग से रखें।

# संगम तट अरैल घाट पर हुआ तीसरा 'त्रिवेणी योग महोत्सव'

**प्रयागराज, 20 जून (तरुणमित्र)।** ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योगाभ्यास हेतु आयोजित त्रिवेणी योग महोत्सवह में शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में स्त्री, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

उल्लेखनीय है कि भारत को पूरी दुनिया में योग साधना के लिए विश्व गुरु के रूप में जाना जाता है। प्रति वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन विश्व स्तर पर किया जाता है। योग साधना व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार है, जिसके माध्यम से न केवल मानव शरीर के अंगों बल्कि मन और मस्तिष्क में आसानी से संतुलन बनाया जाता है। इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए प्रयागराज



फाउण्डेशन, पीयूष ग्रामोद्योग सेवा समिति सहित अन्य सभी सहयोगी संस्थाओं व सामाजिक संगठनों के माध्यम से आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अन्तर्गत त्रिवेणी योग महोत्सव आयोजित किया गया।

इस दौरान आरोग्यम-योग केन्द्र की निदेशिका योग प्रशिक्षिका आचार्य कुमकुम ने ध्यान सहित योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला ने कहा कि तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी तट पर सामूहिक योगाभ्यास से निकला संदेश निश्चित ही पूरी दुनिया को मानवता की रक्षा हेतु प्रेरणा देने का काम करेगा। गत कुम्भ के जैसे ही आने वाले वर्षों में यह योग महोत्सव भी धीरे-धीरे पूरी दुनिया के लिये योग कुम्भ के स्वरूप को धारण कर प्रेरणादायी बनेगा।

अपर शासकीय अधिवक्ता शशांक शेखर पाण्डेय एवं कार्यक्रम के समन्वयक दत्तात्रेय पाण्डेय ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए अतिथियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं तुलसी के पौधे का वितरण कर उनका अभिवादन कर सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### 11वॉ अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस अम्बेडकर स्टेडियम में होगा आयोजित

**अमेठी, 20 जून (तरुणमित्र)।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो. मोसर्रफ खॉ ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में 11वॉ अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 दिन शनिवार को जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने उक्त निर्धारित तिथि को नियत स्थल पर जनपदवासियों से अधिक से अधिक पुरूष व महिला एवं बालक व बालिका खिलाड़ी को प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया है।

### उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा फसलों में संस्तुत मात्रा में ही उर्वरकों का करे प्रयोग

**कौशाम्बी, 20 जून (तरुणमित्र)।** जिले में जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि जनपद के समस्त उर्वरक बिक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि खरीफ सीजन प्रारम्भ हो चुका है। जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। उर्वरक यूरिया, डी0ए0पी0,अमोनियम फास्फेट (20:20:0:13), एन0पी0के0 (12:32:16), (19:19:19) आदि सहकारी समतियों एवं अन्य निजी बिक्री केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जनपद के सभी उर्वरक बिक्रेताओ को निर्देशित किया जाता है कि कृषकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार (फसल क्षेत्राच्छादन व फसलों की संस्तुत मात्रा के अनुसार) ही उर्वरक बिक्री करें। यदि कोई भी उर्वरक बिक्रेता कृषक की फसल क्षेत्राच्छादन, कृषक के भू-अभिलेख से अधिक उर्वरकी की बिक्री करते हुए आई.एफ.एम.एस.पोर्टल के टॉप-20 में प्रर्दशित होता है तो तत्काल उक्त उर्वरक बिक्रेता का उर्वरक लाइसेन्स निरस्त कर दिया जायेगा तथा रिटेलर आईडी बन्द कराते हुए उसके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 में दिये प्राविधानों के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### रेस्टोरेंट में बमबारी करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक को लगी गोली

**प्रयागराज, 20 जून (तरुणमित्र)।** खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में अटाला के समीप शुक्रवार भोर में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में मोटर साइकिल सवार बदमाश गोली लगने से एक अपराधी घायल हो गया। उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया। गोली से घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने दी। उन्होंने बताया कि गोली से घायल बदमाश से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अब्दुल्ला बताया है। उसका उपचार अस्पताल में कराया जा रहा है। जबकि गिरफ्तार किया गया उसका साथी अपना नाम भानुप्रताप बताया है। पुलिस टीम ने उसके पास से एक मोटर साइकिल और तमंचा और कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि खुल्दाबाद के अटाला मोहल्ले में स्थित एक रेस्टोरेंट पर बमबारी इन्ही दोनों अपराधियों ने किया था।

### तैनात दरोगा की सड़क दुर्घटना मौत, दो घायल

**अमेठी, 20 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली में तैनात दरोगा मंजीत सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपनी टीम के साथ दबिश देकर लौट रहे थे। उनकी कार बांगरमऊ टोल प्लाजा के पास एक निजी बस से टकरा गई। घटना शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे की है। मंजीत सिंह (30) अपनी टीम के साथ लखनऊ से एक युवती की बरामदगी के लिए गए थे। टीम में हेड कांस्टेबल प्रदीप तिवारी और पवन (35), संतोष, शिखा गुप्ता (19) और शीतला (23) शामिल थे। वापसी के दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बांगरमऊ टोल प्लाजा के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर एक निजी बस से जा टकराई। हादसे में कार चला रहे दरोगा मंजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य पांच लोग घायल हो गए। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने सभी घायलों को बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उन्हें अन्य अस्पताल रेफर कर दिया गया। बांगरमऊ पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 26 को जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी किसान मेला का होगा आयोजन

**रायबरेली, 20 जून (तरुणमित्र)।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया है कि कृषि सूचना तंत्र के सुद्दढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी, किसान मेला/प्रदर्शनी एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम से सम्बन्धित 1 दिवसीय खरीफ किसान मेला का आयोजन 26 जून 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर जनपद रायबरेली में किया जा रहा है, जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित क्रियाकलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी. प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों/उपभोक्ताओं को दी जानी है।

# नौ दिवसीय महर्षि चेतना विज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**सुलतानपुर, 20 जून (तरुणमित्र)।** महर्षि विद्या मंदिर में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव व प्रधानाचार्य जेएन उपाध्याय ने संयुक्त रूप से परंपरागत गुरु पूजा व दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पूरे भारतवर्ष के विभिन्न क्षेत्रो में महर्षि संस्थान के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश जी के निर्देशन में संपन्न हो रहा है।

जिसमें महर्षि विद्या मंदिर समूह के प्रयागराज संभाग के विभिन्न जनपदों के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानाचार्य महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर जे एन उपाध्याय ने कार्यक्रम की रूपरेखा से परिचित कराते हुए विद्यालय प्रांगण में उपस्थित मुख्य अतिथि उप जिला विद्यालय निरीक्षक व महर्षि विद्या मंदिर समूह के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का स्वागत किया तथा साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि द्वारा संपादित एवं प्रणीत चेतना का विज्ञान मानव लक्ष्य की पूर्ति में अत्यंत सहायक है। जिससे हम वैश्विक स्तर पर शांति एवं ज्ञान को समन्वित रूप से स्थापित कर सकते है। मुख्य अतिथि उप जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव ने कहा कि महर्षि जी द्वारा प्रतिपादित चेतना विज्ञान हमें वैश्विक पटल पर एक अलग स्थान देने में समर्थ है। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे लक्ष्य को सुलभ ढंग से पाया जा सकता है।

# नपाप से 3 करोड़ से अधिक रुपयों का गबन करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

## पालिका परिषद से लगभग 3.17 करोड़ रुपये किया बरामद

**रायबरेली, 20 जून (तरुणमित्र)।** साढ़े तीन करोड़ का गबन करने वाले नगर पालिका परिषद के संविदा कर्मी विक्रम शर्मा को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्त शाहजहांपुर जनपद के हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने उक्त मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बीते 25 अक्टूबर 23 को नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी स्वर्ण सिंह की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर पर सरकारी खाते से अज्ञात लोगों द्वारा 3 करोड़ रुपयों से अधिक का गबन करने के संबंध में मु0अ0सं0-562/2025 धारा-66 आईटी एक्ट अभियोग पंजीकृत किया गया था।



जिसमें टीमें गठित कर जांच एवं विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित थी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ० यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत विवेचना के क्रम में तकनीकी सहयोग से नगर पालिका परिषद रायबरेली से लगभग 3.17 करोड़ रुपये को बरामद किया गया तथा आज थाना कोतवाली नगर व अपराध शाखा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-562/2025 धारा-66 आईटी एक्ट के संबंधित/प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. विक्रम शर्मा 2. जसवन्त शर्मा पुत्र मुंशीलाल शर्मा पुत्रगण मुंशीलाल शर्मा निवासीगण ग्राम पकड़िया हाकिम थाना पुंवाया जनपद शाहजहांपुर को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

साक्ष्य संकलन/विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा-409/419/420/467/468/471 भा0द0वि की बढ़ोत्तरी की गयी है। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# मारपीट के दौरान महिला की मौत, 2 नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, 20 जून (तरुणमित्र)।** गुरुवार को वादी निवासी खजोहरी, नगर पंचायत कटरा मेंदनीगंज, थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ के घर पर पड़ोसी प्रदीप यादव पुत्र रामसुख आदि द्वारा पैसे के लेनदेन को लेकर कहासुनी के दौरान एकराय होकर गाली-गलौज व मारपीट की गई। प्रदीप के ललकारने पर परिजनों ने वादी की माँ को मारा-पीटा तथा प्रदीप ने ईंट से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।



घायलावस्था में परिजन द्वारा महिला को एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 146/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम 4 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया है। घटना की संवेदनशीलता एवं गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ द्वारा स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया गया है कि प्रकरण में त्वरित व निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए तथा नामजद अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर प्रभावी कार्यवाही की जाए।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी नगर शिवनारायण वैस के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार सिरोही मय हमराह उ0नि0 मृत्युजंय पाण्डेय, हे०का दुर्गविजय कुमार, म0का0 अंजली त्रिवेदी मय मय चालक कां० धीरज कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चेकिंग, विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात में पंजीकृत मु0अ0सं0 146/2025 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित 2 अभियुक्त/ अभियुकता 1. प्रदीप यादव पुत्र रामसुख यादव नि0 खजोहरी थाना कोतवाली देहात जनपद उम्र 23 वर्ष, 2, अभियुक्ता रोशनी यादव पुत्री रामसुख यादव नि० खजोहरी थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ उम्र 24 वर्ष को थाना क्षेत्रान्तर्गत भुपियामऊ पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में संचारी रोग की आयोजित की गयी बैठक

**प्रतापगढ़, 20 जून (तरुणमित्र)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोहडौर में संचारी रोग की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त ग्राम पंचायतों में संचारी रोग के रोकथाम के उपाय, टीकाकरण, झाडियों की साफ सफाई, नाली की सफाई, कीटनाशको का छिड़काव एवं नशा विरोधी पखवाडा (12 जून 26 जून 2025) के मनाये जाने के लिए चर्चा/ सुझाव दिये गये, स्थाई/ अस्थाई गौशाला वाले सचिवों को गौशाला पर स्वच्छता बनाये रखने एवं लू से बचाव के लिए तिरपाल उचित की व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी मंगरौरा सुरेन्द्र बहादुर सिंह सहित प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

### दहेज उत्पीड़न को ले महिला ने ससुरालीजनों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**लालगंज, रायबरेली, 20 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के गौरा रुपई गांव की महिला शिवानी पुत्री गनेश ने अपने पति रोहित पुत्र राम सुमेर, ससुर राम सुमेर पुत्र अंगनू और सासु बबिता निवासी बरदाही लालगंज के खिलाफ दहेज मांगने व मारपीट करने के बाबत मुकदमा पंजीकृत कराया है।

शिवानी ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका विवाह 28 नवंबर 2022 को रोहित के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुरालीजन दहेज कम लाने को लेकर प्रताड़ित करते रहते हैं ।17 जून को मारपीट कर घर से भगा दिया है। महिला की शिकायत पर लालगंज पुलिस ने उसका मेडिकल करा कर आरोपी जनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक अमरेश द्विवेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। ग्राम पंचायत अधिकारी को मौरंग सीमेंट सप्लाई करने वाले से कमीशन मांगना पड़ा महंगा, सेक्रेटरी को एंटी करप्शन टीम ने धर दबोचा डलमऊ रायबरेली।

डलमऊ विकासखंड के तेरुखा गांव में तैनात ग्राम विकास अधिकारी प्रेमचंद यादव को एंट्री करप्शन टीम ने कमीशन मांगने के आरोप में रुपए लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है ।तेरुखा गांव के प्रधान उमेश मौर्य ने बताया कि उनके गांव में होने वाले विकास कार्यों में राज ट्रेडर्स के मालिक देवन्ना निवासी बैजनाथ यादव सीमेंट मौरंग सप्लाई करते थे। उनसे सेक्रेटरी प्रेमचंद कमीशन की मांग कर रहा था। 2 लाख से अधिक रुपए का भुगतान बैजनाथ यादव को मिलना था।

# आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का पुलिस लाइन परिसर में होगा आयोजन

### डीएम ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रतिभाग करने हेतु जनपदवासियों से की अपील

**प्रतापगढ़, 20 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि जनपद में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पुलिस लाइन परिसर में प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है और सारी तैयारियॉ पूरी कर ली गयी है। जनपद में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य



कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और एक अच्छे जीवनशैली की तरफ हम सब आगे बढ़ें।

### बाल अधिकारों की रक्षा को ले समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सुल्तानपुर, 20 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त सिंह की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई और विशेष किशोर बाल पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई ।बैठक में जनपद के सभी थानों पर नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारीगण मौजूद रहे। बैठक का प्रमुख उद्देश्य बाल अधिकारों की सुरक्षा, किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और बाल अपराधों की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा ।बैठक में सभी अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों की पुनः जानकारी दी गई तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

# मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का भूमि पूजन

**रायबरेली, 20 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय योजना के तहत, रायबरेली जिले के मजरा हमीरमऊ ग्राम पंचायत बेला-भेला में सदर विधायक अदिति सिंह और जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विद्यालय का भूमि पूजन किया।



यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को भी कम करना है। शिक्षा में समानता की ओर एक कदम के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मॉडल के तहत कुछ चुनिंदा जनपदों को चिन्हित किया है, जिनमें सर्वप्रथम प्रयोग के तौर पर रायबरेली को चुना गया है। प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालय को छोड़कर शेष 57 जनपदों में एक मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के नवीन उन्नत विद्यालय का निर्माण किया जाना है।

इस विद्यालय में प्री-प्राइमरी एवं कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाएं होगी जिसमें लगभग 1500 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर सकते हैं। विद्यालय में कक्षाओं की संख्या 30 होगी जो लगभग 6 एकड़ में बनाया जाए। विद्यालय में विज्ञान, वाणिज्यिक, कला वर्ग की शिक्षा दी जाएगी। साथ ही प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों कर्मचारियों के लिए आवास की भी व्यवस्था होगी।

इसकी अतिरिक्त प्रार्थना स्थल, क्रीडा स्थल, ओपन जिम, सामान्य एवं दिव्यांग शौचालय, झूले, सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, इंसिनरेटर, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास एवं प्रयोगशालाएं भी बनेगी। इस विद्यालय निर्माण की कार्यदाई संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (उप्र जल निगम) है। बेला में सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा किए गए भूमि पूजन के अवसर पर बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ गौरी सिंह राठौड़,बीईओ बृज लाल वर्मा,ग्राम प्रधान विनय यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अवैध कब्जे पर चला प्रसाशन का बुलडोजर

### एसडीएम और भारी संख्या में पुलिसबल की मौजूदगी में हो रही है कार्यवाही

**अमेठी, 20 जून (तरुणमित्र)।** जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित माधोपुर वार्ड न 13 में दो दिन पहले जिस अवैध अतिक्रमण को हटाने गई एसडीएम और उनकी टीम पर दबंगों ने हमला किया था उस अवैध अतिक्रमण पर आखिरकार प्रशासन का बुलडोजर चल गया। एसडीएम प्रीति तिवारी की मौजूदगी में भारी संख्या में पुलिस फोर्स और राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में बंजर भूमि पर किये गए अवैध निर्माण को बुलडोजर से गिराया जा रहा है।

पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर गांव वार्ड नंबर 13 का है जहां बुधवार की दोपहर अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंचे एसडीम और राजस्व टीम पर अतिक्रमणकारी दबंगों ने हमला कर दिया था। दबंगो के हमले में नायब तहसीलदार और लेखपाल को चोटें आई जिसके बाद अधिकारियों ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई।

घटना के बाद लेखपालों की तहरीर पर पुलिस ने बड़ी संख्या में नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर में लेकर जेल भेज दिया। अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही को लेकर गुरुवार की दोपहर कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की मैराथन मीटिंग हुई है। मीटिंग के बाद आज गौरीगंज एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में राजस्वकर्मी बुलडोजर लेकर मौके पर पहुँचे और अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी उदयभान सिंह द्वारा बंजर की जमीन पर अवैध निर्माण कराया गया था। बताया जा रहा है कि दबंग उदयभान सिंह और उसके परिवार के द्वारा बड़ी संख्या में सरकारी जमीनों को कब्जा किया गया है और इन सभी जमीनों पर प्रशासन की नजर है और अब प्रसाशन इन जमीनों पर कार्रवाई करने में जुट गया है।

# भ्रमण के दौरान मंडलायुक्त ने किया भौतिक निरीक्षण

**कौशाम्बी, 20 जून (तरुणमित्र)।** जिले में मडलायुक्त द्वारा ग्राम पंचायत जजौली विख मंझनपुर में विशेष बीएचएनडी सत्र तथा आरआरसी सेन्टर, मनरेगा बाजार हाट,पंचायत भवन एवं अन्यपूर्णा भवन सहित अन्य स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर लिया जायजा।

उन्होंने सर्वप्रथम सैग्रीगेशन केन्द्र के कैम्पस में वृक्षारोपण किया गया तत्पश्चात आरआरसी सेन्टर को देखा एवं ओपेन जिम को भी देखा अन्नपूर्णा भवन में निःशुल्क राशन वितरण को देखा इसके पश्चात पंचायत भवन में विशेष बीएचएनडी सत्र को भी देखा और वहॉ पर ड्यू लिस्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गॉव के लोगों से कहा कि सब लोग अपनी-अपनी जॉच करायें



किसी प्रकार की परेशानी हो तो उसकी दवा लें। जिससे आप लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहें।

वही पर पंचायत भवन में गॉव के लोगों के साथ बैठक की गयी बैठक में लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं गॉव की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की,उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारी को जॉचकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त से गॉव के लोगों ने राशन की दुकान से कोटेदार द्वारा राशन कम दिए जाने की शिकायत की गयी। जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसकी जॉच कराकर कठोर कार्यवाही की जाय। उसके उपरान्त समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं एवं उनकी आमदनी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जिस पर समूह की महिलाओं द्वारा अपने आमदनी के साधन के सम्बन्ध में विस्तार से मण्डलायुक्त को जानकारी दी। इसके उपरान्त मेडिकाल कालेज का भी निरीक्षण किया गया है।

निरीक्षण में नव निर्मित एवं निमार्णाधीन भवनों को देखा तथा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार,प्राचार्य मेडिकल कालेज, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके उपरान्त मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जन प्रतिनिधिगणों के साथ बैठक भी किये जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्म राज मौर्य, राज्य महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व विधायक लाल बहादुर, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल उपस्थित रहे।

### चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य न शुरू करने पर 1714 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को चेतावनी जारी

**प्रतापगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने बताया है कि शासन द्वारा चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली के माध्यम से अनिवार्य वितरण, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपस्थित बच्चों की उपस्थिति की निगरानी और पंजीकरण के समय चेहरा पहचान व्यवस्था विकसित करने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश प्राप्त हुये हैं। 30 जून 2025 तक शत प्रतिशत फेस आथेंटिकेशन एवं ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कराना है। निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उप्र लखनऊ द्वारा एफआरएस और ईकेवाईसी हेतु डाटा के लिये 1 हजार रुपए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खाते में भेजा गया है। जनपद की 1714 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य न शुरू किये जाने के कारण दिनांक 18 जून 2025 को उनका मानदेय अवरूद्ध करते हुये चेतावनी जारी की गई कि 02 कार्य दिवसों में यदि कार्य शुरू नहीं किया गया और दिनांक 30 जून 2025 तक शत प्रतिशत एफआरएस का कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी।

# योग को किसी मुल्क-मजहब के बन्धन में नहीं बांधा जा सकता: नकवी

## पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे रामपुर



**रामपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री,वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी दो दिवसीय प्रवास पर रामपुर पहुंचे। सायंकाल पार्टी पदाधिकारियों, प्रमुख लोगों से मुलाकात की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

नकवी ने योग दिवस की पूर्व संध्या पर कहा कि योग को किसी मुल्क-मजहब के बन्धन में नहीं बांधा जा सकता,बल्कि सम्पूर्ण मानवता के बेहतरी का भारतीय उपहार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर अपने आवास पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हजारों साल पुरानी भारतीय विरासत योग मानवता की सेहत-सलामती का सार्थक साधन साबित हो रहा है,आज दुनिया योग दिवस को तंदुरूस्ती के त्योहार की तरह मना रही है। योग दिवस का यह ₹तंदुरुस्ती त्योहार₹ मुल्कों की सीमाओं,मजहबों के बन्धनों से मुक्त है। आज योग साधना समाज के सेहत, सलामती,समरसता,सहिष्णुता का सशक्त सन्देशवाहक साबित हो रहा है। योग जहां सभी धर्मों,जातियों और समाज को एक सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है,वहीं दुनिया के सामने दिन प्रतिदिन बढ़ते युद्ध के संकट-और कटुता के कंटक को सद्भाव, शांति के मार्ग पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता है।योग,किसी धर्म, जाति, क्षेत्र के संकुचित दायरे से मुक्त, मानव कल्याण के प्रकल्प से युक्त है। कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री नकवी प्रातः 5:30 बजे रामपुर के सिविल लाइन में रोशन बाग स्थित पार्क में चेतना योग संस्थान द्वारा आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिलापंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, महा सिंह राजपूत,भागीरथ सिंह गंगवार, कपिल आर्य, जागेश्वर दयाल दीक्षित, मोहन लोधी, पंकज लोधी, रविंद्र सिंह रवि, रवि रोहिला, कृष्ण अवतार लोधी, विकास दीक्षित, संजय पाठक, धर्मवीर यादव, अर्जित सक्सेना, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, मानसिंह, अनुज सक्सेना, विक्रम सिंह, डॉ मनोहर लाल, अजीत गौतम, अभिषेक अग्रवाल, राहुल गुप्ता, पुष्कर राणा, योगेंद्र गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## चोरी का ट्रैक्टर सहित आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**हरदोई, 20 जून (तरूणमित्र)।** पाली थाना क्षेत्र के ग्राम सिघारपुर से ट्रैक्टर चोरी करने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को चोरी के ट्रैक्टर और काल्टीवेटर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 19 जून को कौशल उर्फ प्रमेन्द्र पुत्र नरेश निवासी सिघापुर, थाना पाली जनपद हरदोई द्वारा थाना पाली पर तहरीर दी गई कि अभियुक्त अमित पुत्र रामाआधार निवासी भाहपुर थाना पाली द्वारा उसके गांव के बाहर खड़े ट्रैक्टर को चोरी कर लिया गया। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पाली पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी।थाना पाली के प्रभारी निरीक्षक सोमपाल गंगवार और पुलिस बल द्वारा अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी को चोरी किये गये ट्रैक्टर मय कल्टीवेटर सहित गिरफ्तार किया गया।

## यात्रियों से भरी बस हादसे का शिकार, सभी यात्री सुरक्षित, 6 मामूली रूप से घायल



**बिलग्राम/ हरदोई, 20 जून (तरूणमित्र)।** गंगा एक्सप्रेसवे पर बिलग्राम रोड के फ्लाईओवर के पास एक टाटा बस (UP 35 T 7486) अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सौभाग्यवश सभी 30 से अधिक यात्रियों की जान सुरक्षित रही, और केवल 6 यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घायलों में मंजू सिंह (45) पत्नी संजय निवासी चंदीपुरवा हरदोई , राधेश्याम (31)पुत्र घुरई निवासी सुल्हाड़ा बिलग्राम राम श्री,40 पत्नी राम किशोर,राम किशोर 54 पुत्र हीरालाल निवासी गुरौली मेहजवी (35),पत्नी शफी अहमद और कुलसुम (7) पुत्री शफी अहमद निवासी रफैय्यतगंज बिलग्राम शामिल हैं, जिन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, सभी घायलों की स्थिति स्थिर है और उनका इलाज सुचारु रूप से चल रहा है।

स्थानीय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत कार्य शुरू किए। तहसीलदार अमित कुमार और प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता की। यात्रियों ने बताया कि चालक के लापरवाह रवैये और संदिग्ध नशे की स्थिति के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चालक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय समुदाय और प्रशासन की तत्परता ने इस हादसे को और गंभीर होने से रोक दिया। सभी यात्री अब सुरक्षित हैं, और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# विद्युत लाइन की चपेट में आने से तीन मवेशी समेत पांच की मौत

**कलान/शाहजहांपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** कलान थाना क्षेत्र के ग्राम झकरेली(नवाबवाली) निवासी सत्यवीर पुत्र हरनाम सिंह यादव ने गुरुवार सुबह तड़के गांव में पाकड़ के पेड़ के नीचे तीन गर्भवती भैंस एवं दोपड़रा पांच मवेशी बांध दिए थे जहां वह बंधे थे उनके ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही थी बताया जाता है कि अचानक संचालित विद्युत लाइन पर स्पार्किंग होने लगी जिससे विद्युत लाइन की तार टूट कर जमीन पर गिर गए जहां मवेशी बंधे थे जब तक लोगों ने देखा तब तक मवेशी मौत के मुंह में जा चुके थे लोगों ने शोर शराबा किया काफी हजूमलग गया बताया जाता है कि मवेशी मालिक अपने खेत की रखवाली करने निकल गया था।

उधर जब इस हादसे की खबर सत्यवीर को लगी तो उसके पैरों तले की जमीन खिसक गई वह रोता बिलखता मवेशी देखने पहुंच गया उधर हादसे की खबर विद्युत विभाग को दी गई तब संचालित विद्युत लाइन की बिजली काट दी गई पीड़ित सत्यवीर ने थाने पर तहरीर देकर सरकार से मवेशी विद्युत हादसे में मृत्यु पर सहायता राज दिलाए जाने की मांग की है उधर विद्युत विभाग एवं पुलिस राजस्व विभाग ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया है और रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेज दी है।

# जिलाधिकारी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**हरदोई, 20 जून (तरूणमित्र)।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने आम जन की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। आज कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही न की जाये।

बड़ी संख्या में वंचित पात्रों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन मौके पर ही बनाई गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड आधार देखकर मौके पर ही बनाये गए। आज कुल 03 बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार जिलाधिकारी अनुनय झा के आगमन के उपरांत अब तक जन सुनवाई के दौरान ही कुल 93 बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए भूमि विवाद के मामले में मौके पर जाकर त्वरित कार्रवाई की जाये। वरासत के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। चकरोड पर कब्जे की शिकायत को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई की जाये। नक्शा दुरुस्ती के कार्य में देरी न की जाये। सुरभि नाम की एक बच्ची जिलाधिकारी के समक्ष पहुँची और बताया कि उसके पिता की मृत्यु 6 मई को हो चुकी है उसकी माँ पहले से नहीं हैं। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी विरा को कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की धनराशि दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रोबेशन विभाग को निर्देश दिया कि बच्ची को बाल सेवा योजना से आच्छादित किया जाये। रामू नाम के एक व्यक्ति ने बताया कि वह गंभीर बीमारियों से ग्रसित है उसके पास इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उनको सहायता दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अनंतराम नाम के एक बुजुर्ग व्यक्ति का मौके पर पेंशन व आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विवेकानंद सभागार में नगर निकाय व डूडा की हुई बैठक

**हरदोई, 20 जून (तरूणमित्र)।** विवेकानंद सभागार में अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह की अध्यक्षता में नगर निकाय व डूडा की बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि 15वें वित्त के अंतर्गत चल रहे कार्यों में समय सीमा व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। नगर सृजन योजना में पाली व शाहाबाद में तेजी से कार्य कराये जाएं। वंदन योजना के अंतर्गत शहीद उद्यान में कार्य तेजी से कराया जाये। वंदन योजना के अंतर्गत विक्टोरिया हॉल का प्रस्ताव जल्द पूरा किया जाये। बाबा मंशानाथ में चल रहे कार्यों में तेजी लायी जाये। पेयजल योजना के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण किये जाएं। सीवर व जल निकासी का कार्य तेजी से कराते हुए पूर्ण किया जाये। कान्हा गौशाला की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाये। नगर निकायों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने पर जोर दिया जाये। टेम्पो व टैक्सी के लिए अस्थायी स्टैंड के लिए स्थान चिन्हित किया जाये।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकाल का किया रिहर्सल

**रामपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जनपद में उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी में जुटे योग प्रशिक्षक ।योग से जुड़े विभिन्न समिति के सदस्यों ने योग प्रोटोकाल का सामूहिक रिहर्रल किया ।आयुष विभाग की ओर से 11वीं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर गुरुवार को जिला पंचायत स्थित पार्क में योगा मास्टर ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना व मुनीश चंद्र शर्मा ने प्रोटोकाल का अभ्यास कराया ।पतंजलि योग समिति,क्रीड़ा भारती और आर्ट आफ लिविंग व आयुष विभाग से जुड़े योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकाल का रिहर्सल किया ।21 जून को अलग अलग स्थानों पर शिविर के माध्यम से योग प्रोटोकाल का अभ्यास कराए जाने को लेकर मंथन किया गया। योग दिवस को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, राजीव कुमार, उमेश चंद्रा, सोनू चौहान, उमा शंकर, तुषार शर्मा, गिरीश कुमार,मनोज कुमार, ग्रीश,अंशू सक्सेना, अर्चना गुप्ता, निशा गंगवार,अंतरा यादव उपस्थित रहे।

### एसपी ने परेड सहित क्वाटर गार्ड व मेस का किया निरीक्षण

**हरदोई, 20 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर अपराध को रोकने के टिप्स दिए ।उन्होंने पुलिस लाइन,112पीआरबी मेस,क्वाटर गार्ड आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली इस अवसर पर परेड का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उपस्थित पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में अपराध रोकने के टिप्स देते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा ही हमारा प्रथम कर्तव्य है ।पीड़ित न्याय की आस लेकर पुलिस के पास आता है हमे हर हाल में उसका दर्द सुनकर निराकरण के लिए सही कदम उठाना चाहिए। परेड सलामी के बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण करते हुए क्वार्टर गार्ड,मेस सहित यूपी 112 का निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा,क्षेत्राधिकारी संडीला,प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने शातिर चोरों को गिरफ्तार कर अंतर्जनपदीय गिरोह का किया पर्दाफाश



**हरदोई, 20 जून (तरूणमित्र)।** संडीला और पूर्वी जोन की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर अंतर्जनपदीय वाहन और डीजल चोर गिरोह का पदार्फाश किया है ।पुलिस ने गिरफ्तार चोरों के कब्जे से चोरी की इनोवा और घटना में प्रयुक्त दो स्विफ्ट डिजायर, एक बोलेरो,ढाई हजार लीटर चोरी का डीजल और तीन तमंचे भी बरामद किए हैं।

प्राप्त विवरण में 17 जून को मो0 आदिल पुत्र मो० आशिक अली निवासी मोहल्ला सैनिक कालोनी थाना को शहर जनपद शाहजहांपुर द्वारा थाना संडीला पर तहरीर दी गयी कि वह अपनी इनोवा गाड़ी से जनपद लखनऊ से शाहजहांपुर जा रहा था। थाना संडीला क्षेत्रान्तर्गत विकास व उनके कुछ अन्य साथियों द्वारा वादी को रोककर उनकी इनोवा गाड़ी छीन ली गई। इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना संडीला पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।थाना संडीला पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोगों से संबंधित नामजद/प्रकाश में आए विशाल उर्फ मटरू उर्फ शिवकुमार पुत्र रामासरे निवासी धनसुआ थाना फतेहगढ जनपद फरुर्खाबाद, अशरफ अली पुत्र तजीर शाह निवासी ग्राम जेहदीपुर थाना माधौगंज उसके पुत्र इशरत अली, अरशद अली,आलम अली को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार चोरों की निशादेही पर इनोवा गाडी (छीनी गई), स्विफ्ट डिजायर (काला रंग), स्विफ्ट डिजायर (सफेद रंग घटना में प्रयुक्त), बुलेरो (घटना में प्रयुक्त), मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त), चोरी किया हुआ 2360 लीटर डीजल,एक लाख दस हजार सात सौ बीस रुपये की नगदी व 03 तंमचे मय 04 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार चोरों ने पुलिस को बताया कि विशाल अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर डीजल चोरी कर चुका है। विशाल व उसके अन्य साथी जनपद फरुर्खाबाद से थाना माधौगंज क्षेत्रान्तर्गत असरफ के घर आकर रुकते थे तथा अपने कपडे बदलते थे। असरफ व उसके तीन पुत्र (इशरत अली, अरशद अली व आलम अली) उनकों डीजल तेल चोरी करने हेतु आवश्यक उपकरण व गाड़ी उपलब्ध कराते थे। अभियुक्त विशाल व उसके साथी रात्रि में सड़क किनारे खडे वाहनों की रैकी कर उनसे डीजल चोरी करते थे तथा चोरी किए गए डीजल को असरफ को कम कीमत पर बेच देते थे। थाना संडीला क्षेत्रांतर्गत वादी से गाड़ी छीनने का उद्देश्य था कि उक्त वाहन का प्रयोग कर क्षेत्र में अन्य चोरी की घटनाएं कारित की जा सकें ।इनके द्वारा थाना संडीला के अतिरिक्त थाना बिलग्राम, बघौली व कछौना से चोरी की घटनाएं की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त इशरत अली उपरोक्त थाना माधौगंज का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है ।गिरफ्तार विशाल पर फरुर्खाबाद और हरदोई के विभिन्न थानों में नौ मुकदमे दर्ज हैं ।पुलिस ने गिरफ्तार चोरों को न्यायलय में प्रस्तुत किया है। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

# भारतीय किसान यूनियन भारत ने एक्सईएन विद्युत को सौंपा ज्ञापन



**शाहाबाद/हरदोई, 20 जून (तरूणमित्र)।** ग्रामीणों की विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भारत के जिलाध्यक्ष विद्या सागर यादव ने कार्यकताओं के साथ विद्युत विभाग के एक्सियन को ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

ज्ञापन में किसान यूनियन ने आंझी पावर हाउस हाउस द्वारा की जाने वाली अघोषित विद्युत कटौती को बंद करने की मांग की है। ग्राम पंचायत गहोरा में एक माह में तीन ट्रांसफार्मर बदले जाने के बावजूद विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। ग्राम पंचायत टडेर के मजरा राठौर पुरवा में विद्युतीकरण करवाने की मांग की है। गांव में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है जिससे विद्युत आपूर्ति ठीक नहीं मिल रही है ।100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की गई। ग्राम पंचायत सहोरा में एलटी लाइन जर्जर अवस्था में हैं उन्हें बदलवाने की मांग की है। लाइन मैनों को विद्युत आपूर्ति के समय लाइन चेक न करने के कहा जाए। रोस्टिंग के समय में लाइन चेक करें। नगर पालिका के मोहल्ला जोगीपुर में विद्युत व्यवस्था नहीं है। वहां विद्युतीकरण करवाया जाए। इस अवसर पर किसान यूनियन भारत के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिलग्राम में बारिश से मक्का मूंगफली किसानों की मुश्किलें बढ़ीं



**बिलग्राम/हरदोई, 20 जून (तरूणमित्र)।** क्षेत्र में हो रही बारिश ने मक्का और मूंगफली की खेती करने वाले किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में देर से बोई गई मक्का और मूंगफली की फसलें बारिश के कारण खराब हो रही हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिन किसानों ने मक्के की कटाई कर ली है, वे अब फसल सुखाने के लिए पर्याप्त धूप न मिलने से परेशान हैं। स्थानीय व्यापारी गीली मक्का खरीदने से मना कर रहे हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। स्थानीय किसान विद्यासागर ,खलील मोहम्मद अंसारी, और श्यामलाल ने बताया कि खेतों में खड़ी फसलों को अभी कम नुकसान हुआ है, लेकिन काटी गई फसल को सुखाने में भारी दिक्कत हो रही है। बारिश के कारण फसल भीग रही है, और अगर जल्द ही धूप नहीं निकली तो फसल पर सड़ने का खतरा मंडरा रहा है। किसानों का कहना है कि मौसम की मार उनके लिए दोहरी मुसीबत बन गई है, क्योंकि न तो फसल सुरक्षित है और न ही बाजार में सही दाम मिलने की उम्मीद बची है।

कृषकों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहा, तो नुकसान की मात्रा और बढ़ सकती है।

## एएसपी ग्रामीण ने किया पैदल मार्ग

**शाहजहांपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु द्वारा थाना तिलहर पुलिस के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पैदल गश्तह्व की गयी। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु द्वारा तिलहर थाना पुलिस के साथ आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए सार्वजनिक स्थानों/मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त की गयी। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मुख्य मार्गों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया और वहां सुरक्षा उपायों की स्थिति का जायजा लिया ताकि नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके और वे शांति से त्यौहार मना सकें।

# 'युवाओं के लिये योग के महत्व' निबंध पर प्रतियोगिता आयोजित

**शाहजहांपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व दिवस पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत एवं जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'युवाओं के लिये योग के महत्व' विषयक प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता व संगोष्ठी का आयोजन वन विभाग कार्यालय स्थित प्रभागीय एवं गंगा सभागार में किया गया व योग से सम्बंधित विभिन्न पोस्टर्स का विमोचन भी किया गया।

सर्वप्रथम जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने अपने संबोधन में आगामी जनपद स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में युवाओं की अधिकतम सहभागिता हेतु आग्रह करते हुए सभी को योग से होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभ, आत्मबल में वृद्धि, सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला व युवाओं को निरन्तर ईमानदारीपूर्वक प्रयासों के लिये प्रेरित किया। योग प्रभारी अधिकारी आयुष विभाग मृदुल कुमार गुप्ता ने कहा कि योग एक ऐसी साधना है जो मन मस्तिष्क को संतुलित रखती है और सभी को अपनी दिनचर्या में इसे अवश्य शामिल करना चाहिए व उन्होंने विभिन्न योगासनों से होने वाले लाभों के साथ साथ हरित योग पर भी प्रकाश डाला। योग प्रशिक्षक अभिनव शुक्ला ने कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक धरोहर है और आज जब आधुनिक जीवनशैली ने अनेक रोगों को जन्म दिया है, तब योग एक वरदान बनकर उभरा है। योग प्रशिक्षक पुष्पक श्रीवास्तव ने भी इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ के लिये योग व युवाओं के लिये योग के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान आशीष पाल, द्वितीय स्थान प्रवेश कुमार व तृतीय स्थान नेहा सिंह ने प्राप्त किया वहीं निबंध में सुरभि ने प्रथम स्थान, आशीष पाल ने द्वितीय व तृतीय स्थान दानियाल ने प्राप्त किया जिसके बाद सभी विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किये गए व अन्य युवाओं को सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिए गए। कार्यक्रम में विशेष सहयोग नमामि गंगे डी पी ओ डॉ विनय सक्सेना, शिक्षक मो नाजिश, हिमांशु सक्सेना, देवेश कुमार,अनूप सिंह कुशवाहा, अंकित श्रीवास्तव, नबील, माय भारत स्वयंसेवक, वन विभाग के कर्मचारीगण, युवा सर्व कल्याण समिति उ०प्र०, इंफोक्लिक इंस्टिट्यूट के विभिन्न सदस्यगण का रहा।

# भाकियू ने धरना, जल सत्याग्रह कार्यक्रम का किया आयोजन

**हरदोई, 20 जून (तरूणमित्र)।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन(सर्वसमाज) संगठन के तत्वाधान में भूपेंद्र सिंह कार्यवाहक जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को 11.00 बजे से दो बजे तक ग्राम भटपुर गोमती घाट थाना क्षेत्र अतरौली में ब्लॉक भरावन क्षेत्र की विभिन्न मांगो को लेकर जल सत्याग्रह/धरना कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उप जिला अधिकारी को संबोधित 19 बिंदु का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सैयापुर भटपुर अतरौली मार्ग पर छावन से घेरवा तक बनी मार्केट में विद्युतीकरण कराया जाये ।ग्राम पंचायत मटपुर के मजरा ग्राम देवरी में पिछले कई हादसे हो चुके हैं जिसमें राष्ट्रीय पक्षी भी मर चुके हैं जब से विद्युतीकरण किया गया है तब से लेकर आज तक 18 के०वी०ए० से पूरे ग्राम में विद्युत दौडाई जा रही है पूरे ग्राम के तार जमीन से झूल रहे है इसको सही कराया जाये और 25 के०वी०ए० का ट्रांसफार्मर रखा जाये। ग्राम पंचायत भटपुर के ग्राम कुंडा में 25 के०वी०ए० से 2500 आबादी के क्षेत्र ग्राम के चारों ओर नदी होने के कारण बहुत समस्याएँ होती है पूरे ग्राम की एलटी जली पड़ी है और गांव में लाइट नहीं भेजी गई है। जिसको 63 के०वी०ए० का ट्रांसफार्मर कराकर नई एलटी कराए जाने हेतु तत्काल निर्देशित करने की कृपा करें ।ग्राम पंचायत भटपुर में नई आबादी नेवादा रोड पर बसी है। 25 के०वी०ए० का ट्रांसफार्मर है जिसको 63 के०वी०ए० कराने की कृपा करें ।ग्राम पंचायत भटपुर में बैंक आफ इण्डिया शाखा है जिसमें भारत सरकार द्वारा चलाई जा रहे युवा उघमी योजना के तहत जो भी लाभार्थी फार्म अपलाई कराते हैं बैंक मैनेजर मैडम द्वार सभी फार्म रिजेक्ट करके युवाओं से बेहद बत्तमीजी से व्यवहार करती हैं इनको इस शाखा से हटाने की कृपा करें।

भरावन ब्लाक में किसी भी तालाब में इस भीषण गर्मी को देखते सुनकाल नहीं भरवाया गया है। तमाम जीव जन्तु जानवर प्यास के मारे प्यासे मर रहे हैं इसको तत्काल प्रभाव से प्रधानों / सचिवों को तालाब भराने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें ।भटपुर में बने पंचायत घर में तैनात कम्प्यूटर आपरेटर पिछले कई महीनों से नहीं आ रही हैं जिसका मानदेय निकालकर सरकारी पैसा का दुरूपयोग किय जा रहा है इनकी संविदा रद्द कर नया कम्प्यूटर आपरेटर की नियुक्ति किये जाने हेतु निर्देशित करें ।ग्राम पंचायत भटपुर में भटपुर चौराहे से केंडा तक पी०डब्लू०डी० रोड बनी है जिसके दोनों पटरियों पर जंगल हो गया है जिससे आवागमन व जंगली जानवरों से आने जाने वालों को खतरा बना रहता है इस रोड़ पर कई मोड़े हैं रोड़ को दोनों पटरियों से साफ कराने के सक्षम अधिकारी से निर्देशित करने की कृपा करें ।ग्राम पंचायत के मजरा गाम केशवपुर में कई पोल टूटे पड़े हैं एल०टी० तमाम लटकी हुई पड़ी है। बल्ली व रस्सी के सहारे लाइट आ रही है आम जनमानस व जानवरों पर कई हादसे हो चुके हैं इस ग्राम की पूरी एल०टी० व पोल सही कराने की कृपा करें ।भरावन ब्लाक के समस्त ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मी अपनी मर्जी से मनमानी कर रहे हैं कोई भी ग्राम पंचायत/कोई भी सफाई कर्मी काम नही कर रहा है। पूरे क्षेत्र में गन्दगी का अम्बार लगा है इसको टीम बना कर तत्काल सफाई कराने हेतु आदेशित करने की कृपा करें। संगठन के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह की राजनैतिक रंजिश / राजनैतिक गतिविधियों की निगरानी सी०सी०टी०वी० कैमरों के द्वारा कराई जा रही है जिसको संचालन किसी अन्य राजनैतिक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। इस कैमरे को उनके घर की सीमा से नीचे तत्काल कराने की कृपा करें। ग्राम पंचायत भटपुर/ हाजीपुर में कई नल खराब पड़े हैं जैसे जंगा रावत कुँडा, सुशील मिश्रा भटपुर, प्रेम पासी (बी०डी०सी) कूँडा आदि के खराब पडे हैं गर्मी व आम जनमानस को ध्यान में रखते हुए तत्काल री बोर कराकर संगठन को अवगत करायें। पिछले धरना प्रदर्शन में तहसील सण्डीला एसडीएम को ज्ञापन दिया गया था जिसे अंश निर्धारण में कमियों को दूर कराने हेतु नये काउण्टर सुभारम्भ किया गया था जिसमें क्षेत्रीय लेखपाल ग्राम पंचायत छावन के द्वारा किसानों से पैसा लेकर आज तक दौडाया जा रहा है। इसमें तत्काल लेखपाल से अंश निर्धारण की फाइल ले कर इनका क्षेत्र से तबादला कराया जाए। भटपुर अतरौली सण्डीला मार्ग से कानपुर बाईपास के सभी वाहन इस रोड़ से निकलते हैं भटपुर की आबादी अधिकांश रोड पर ही बनी रहती है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः–1640 / 2ए | दिनांक– 13.06.2025

ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क0 सं0 | जनपद /खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | पात्र ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोण्डा / निर्माण खण्ड–1 | Construction of Tin Shed and Inter locking work for two wheeler parking in District court Campus Gonda | 26.68 | 2.67 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.06.2025 से 30.06.2025 को सांय 3.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 30.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक अपलोड/डाउनलोड किये जा सकते है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 30.06.2025 को दोपहर 03.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, को साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर पर भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 30.06.2025 के दोपहर 03.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

U.P. 235096 dt. 19/06/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

(सुरेश राम)
अधिशासी अभियन्ता,
नि0ख0–1, लो0नि0वि0, गोण्डा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शनिवार, 21 जून 2025
विक्रम संवत्- 2082, आषाढ़ कृष्ण पक्ष- दशमी

# बाँके बिहारी कॉरिडोर

उप्र सरकार द्वारा हिन्दुओं की आस्था के शीर्ष स्थलों में से एक बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर की स्थापना की घोषणा के बाद वृंदावन में कॉरिडोर का विरोध अब मंदिर के सेवायतों के बाद अब वृंदावनवासियों द्वारा किया जा रहा है। उप्र सरकार ने पिछले दिनों ही बाँकेबिहारी मंदिर 'कॉरिडोर परियोजना' के साथ ही एक ट्रस्ट के गठन की घोषणा की थी। उप्र सरकार की इस परियोजना का उद्देश्य श्रद्धालुओं की भीड़ को सुव्यवस्थित करना और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना बताया गया। ज्ञात हो कि काशी, उज्जैन, में इस प्रकार के कॉरिडोर तैयार भी कर दिए गए हैं और ओरछा आदि के मंदिरों में कॉरिडोर निमार्णाधीन हैं।बाँकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के पीछे प्रदेश सरकार का तर्क है कि इसके निर्माण के बाद मंदिर परिसर और इसके आसपास की संकरी गलियों में भक्तों की भीड़ बढ़ने से पिछले वर्षों में कई बार स्थिति गंभीर बनी है। मंदिर में भीड़ के कुप्रबंधन और दबाव के कारण श्रद्धालुओं की मौतें भी हुईं हैं। तीर्थयात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या के कारण यहां यात्री सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है और ऐसे में इन दोनों योजनाओं का उद्देश्य, व्यवस्थापन को पारदर्शी और सुरक्षित बनाना है। प्रस्तावित परियोजना के तहत मंदिर के चारों ओर संरचनात्मक पुनर्विकास होगा, जिससे सरकार के अनुसार प्रतिदिन 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालु सुविधापूर्वक दर्शन कर सकेंगे। लेकिन दिक्कत ये है कि न तो यह तर्क वृंदावनवासियों के हृदय तक पहुँच पाया और न सरकार ने उन्हें कॉरिडोर के निर्माण से पूर्व विश्वास में लिया। मंदिर के प्रबंधन का जिम्मा संभाले गोस्वामी समाज का दावा है कि उनके पूर्वजों ने 1864 में स्वयं मंदिर का निर्माण कराया था और कॉरिडोर योजना मंदिर की व्यवस्था में न केवल गैरजरुरी प्रशासनिक हस्तक्षेप है बल्कि मंदिर की परंपराओं व अधिकारों का अतिक्रमण भी है। वृंदावनवासियों की भी धारणा है कि इस परियोजना की आड़ में निश्चित रूप से वृंदावन और बाँकेबिहारी की आध्यात्मिक विरासत सुरक्षित नहीं रह पाएगी। यही आध्यात्मिक विरासत और कुंज गलियां वृंदावन की पहचान है, इन्हीं को अनुभव करने के लिए देश -दुनिया में फैले बाँकेबिहारी के भक्त हर कष्ट उठाकर भी वृंदावन आने की अभिलाषा पाले रहते हैं। कॉरिडोर परियोजना से स्थानीय व्यापारी, निवासी और सेवायत सभी आशंकित हैं। उन्हें लगता है कि कॉरिडोर परियोजना मंदिर के आसपास की सैकड़ों दुकानों, घनी गलियों और उन प्राचीन स्वरूपों को निगल जाएगी, जो सदियों से वृंदावन की आत्मा का हिस्सा हैं। उनका डर वास्तविक भी है क्योंकि कम से कम वृंदावन में विकास की परिभाषा केवल पथ, प्रकाश और प्रबंध तक सीमित रह जाए, तो वह संवेदना को कुचल देती है। वृंदावन केवल तीर्थ नहीं, अनुभव है, जहाँ भक्त और भगवान के बीच किसी दीवार, किसी निर्देश या किसी परियोजना की आवश्यकता नहीं होती। सरकार की नीयत भले ही विकास की हो, लेकिन यदि उसका क्रियान्वयन आस्था के विरोध में होता है, तो परिणाम वह नहीं होगा जो वह चाहती है। न पर्यटन बढ़ेगा, न श्रद्धा। यहाँ आवश्यकता एक सहकारी मॉडल की है, जहाँ गोस्वामी समाज, स्थानीय निकाय, और राज्य सरकार मिलकर एक ऐसी संरचना रचें, जो आध्यात्मिकता को बचाते हुए संरचनात्मक सुधार करे।

# योग-क्रांति से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव



ललित गर्ग

## हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा के दौर में दुनिया शांति एवं अमन चाहती है और इसका सशक्त माध्यम है योग। इंसान से इंसान को जोड़ने, शांति का जीवन जीने एवं स्वस्थ जीवन के लिये भारतीय योग के महत्व को दुनिया ने स्वीकारा है।

योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है, यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य का आधार है, संयम और अहिंसा प्रदान करने वाला तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है। योग के व्यापक मानवहितकारी महत्व के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिये गये अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सर्वप्रथम इसे 21 जून 2015 को पूरे विश्व में मनाया गया। इस वर्ष 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' रखी है। इसे आसान भाषा में समझें तो 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगा' है।

इसका मतलब है कि जिस तरह से पृथ्वी एक है ठीक उसी प्रकार से हमारा स्वास्थ्य भी एकमात्र है, जिसे हमें दुरुस्त रखने की जरूरत है। इसी से नये मानव एवं नये विश्व की संरचना संभव है।

आज जबकि मनुष्य जीवन अनेक असाध्य बीमारियों से जूझ रहा है, ऐसे जटिल स्वास्थ्य-संकट के दौर में इस थीम का मुख्य उद्देश्य है कि हमें हमारे स्वास्थ्य की देखभाल करनी चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य एकमात्र ऐसी चीज है, जिसके सहारे आप अपना स्वस्थ जीवन जीते हुए न केवल परिवार, समाज, राष्ट्र बल्कि विश्व के लिये एक ऊर्जा, एक शक्ति एवं एक गति बन सकते हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने योग को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने वाली जीवनशैली के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों में योग की पहुंच बढ़ाने और स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण विश्व के निर्माण के लिए योग को एक साधन के रूप में उपयोग करने की दिशा में संयुक्त प्रयासों की अपील की।

योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि अपने भीतर एकता की भावना, अहिंसा एवं शांति, दुनिया और प्रकृति की खोज है। हमारी बदलती जीवन-शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न महासंकट से निपटने में मदद कर सकता है। योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख स्वस्थ-शांतिपूर्ण जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है, जिसकी आज विश्व मानवता को सर्वाधिक अपेक्षा है।

एक ऐसे विश्व में रहने की कल्पना करें जहां आपकी प्रत्येक सांस मानसिक शांति, शारीरिक शक्ति और हमारे साझा ग्रह पर सद्भाव को बढ़ावा देती हो। एक समय में एक मुद्रा, एक श्वास, एक क्षण, यह जानने के लिए कि योग किस प्रकार आपके जीवन और आपके आस-पास की दुनिया को बदल सकता है, योग दिवस का मुख्य ध्येय है। मनुष्य, पशु और पौधे सहित सभी जीवित प्राणी हमारे ग्रह को अपना घर मानते हैं। हमें प्राकृतिक दुनिया के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व बनाए रखते हुए इसकी देखभाल करनी चाहिए। योग हमें सद्भावना से रहना, सचेत रहना और समझदारी-विवेक से निर्णय लेना सिखाता है। हम योग का अभ्यास कर-के पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

पर्यावरण की स्थिति का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जब हम अपने पर्यावरण और खुद का ख्याल रखते हैं तो सभी को फायदा होता है। विश्व अनेक स्वास्थ्य एवं पारिस्थितिकी समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें प्रदूषण, तनाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ शामिल हैं। योग शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक त्वरित, प्राकृतिक साधन है।

अभी कुछ दिन पहले ही समाचारपत्रों में पढ़ा कि कैंसर क्यों होता है, इसके कई कारण हैं। एक कारण यह है कि जो लोग मस्तिष्क का सही उपयोग करना नहीं जानते, उनके कैंसर हो सकता है। मस्तिष्क विज्ञानी तो यह भी कहते हैं कि मस्तिष्क की शक्तियों का केवल चार या पांच प्रतिशत उपयोग आदमी करता है, शेष शक्तियां सुप्त पड़ी रहती है। यह भी कहा जाता है कि कोई मस्तिष्क की शक्तियों का उपयोग सात या आठ प्रतिशत करने में समर्थ हो जाए तो वह दुनिया का सुपर जीनियस बन सकता है।

सबसे पहले हमारी जानकारी मस्तिष्क विद्या के बारे में होनी चाहिए। योग विद्या भारत की सबसे प्राचीन विद्या है। योगविद्या के आचार्यों ने मस्तिष्क विद्या से दुनिया का परिचय कराया था। हमारे मस्तिष्क में एक पर्त है एनीमल ब्रेन की। वह पर्त सक्रिय होती है तो आदमी का व्यवहार पशुवत हो जाता है। जितने भी हिंसक और नकारात्मक भाव हैं, वे इसी एनीमल ब्रेन की सक्रियता का परिणाम है। इसे संतुलित करने का माध्यम योग है।

हमें अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम अपनी कमजोरियों पर ही नहीं, बल्कि उनसे उबरने के रास्तों पर भी विचार करेंगे। यहीं से हमारी तरक्की का रास्ता खुलता है और इसके लिये योग ही प्रभावी माध्यम है। हम अपनी समस्या को समझें और अपना समाधान खोजें। समस्याएं परेशान करती हैं। जरूरत खुद को काबू में रखने की होती है, हम दूसरों को काबू में करने में जुटे रहते हैं। आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्धेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी हैं, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बिछने लगी बिसात



राजेश माहेश्वरी

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक बिसात बिछने लगी है। नवंबर से पहले चुनाव होना तय है। इसी बीच एक ओपिनियन पोल आया है। जिसके आंकड़े चौंकाने वाले हैं। पोल ट्रैकर के सर्वे मुताबिक इस बार इंडिया गठबंधन एनडीए से आगे निकल सकता है।

सर्वे के मुताबिक बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजद नेता तेजस्वी यादव सीएम फेस के लिए पहली पसंद बताए जा रहे हैं। तेजस्वी के पक्ष में 43 फीसदी लोगों ने मत दिया है। सत्ता पर काबिज नीतीश कुमार दूसरे पायदान पर हैं। 31 फीसदी लोग नीतीश कुमार को पसंद करते हैं। जनसुराज के संयोजक प्रशांत किशोर तीसरे नंबर पर हैं। राजद नेता तेजस्वी लगातार सामाजिक व आर्थिक न्याय की बात कर रहे हैं। वह ओबीसी कुनबा बढ़ाने में जुटे हैं। तेजस्वी यादव बिहार में सीएम नीतीश के सोशल कॉम्बिनेशन को साधने में जुट गए हैं। नीतीश के लव कुश समीकरण को तोड़ने के लिए राजद ने औरंगाबाद से सांसद अभय कुशवाहा को लोकसभा में राजद संसदीय दल का नेता घोषित किया है। इसी तरह वह कुर्मी समुदाय में भी पैठ बना रहे हैं।

सर्वे की रपट के बावजूद, तेजस्वी यादव की सत्ता में वापसी की राह में कई चुनौतियां हैं। चुनाव में एक साथ उतरने को तैयार महागठबंधन के घटक दलों ने एक-दूसरे की पसंदीदा सीटों की सूची देखने भर के लिए तो सहमति बनी, लेकिन महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को सीएम कैंडिडेट बनाने पर सहमति नहीं दी है। महागठबंधन के नेताओं ने तय किया कि विधानसभा चुनाव में महागठबंधन जनता के बीच जाने के लिए एक कॉर्डिनेशन कमेटी का गठन करेगा। तेजस्वी यादव को इस कॉर्डिनेशन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। भले ही तेजस्वी को कॉर्डिनेशन कमेटी की कमान दे दी गई, लेकिन महागठबंधन के चेहरे के तौर पर तेजस्वी के नाम का ऐलान नहीं हो पाने से उनका मामला अटक गया है। इस बीच तेजस्वी यादव दो तरफा सियासी चुनौतियों से घिरे हुए हैं। एक तरफ एनडीए के निशाने पर तेजस्वी हैं, तो दूसरी तरफ असदुद्दीन ओवैसी से लेकर प्रशांत किशोर से भी उन्हें दो-दो हाथ करने पड़ रहे हैं।

इसके अलावा कांग्रेस ने भी तेजस्वी यादव की सियासी टेंशन बढ़ा रखी है। ऐसे में सवाल उठता है कि ओवैसी से लेकर पीके तक के सियासी चक्रव्यूह को तेजस्वी यादव कैसे तोड़ पाएंगे? तेजस्वी यादव बिहार की सियासत में खुद को स्थापित करने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। लेकिन उनकी राह में कई सियासी बाधाएं है। ओवैसी से लेकर पीके तक के सवाल तेजस्वी यादव के लिए चुभने वाले हैं। ऐसे में आरजेडी के लिए चुनौती बढ़ती जा रही है। इन बढ़ती सियासी पेचीदगियों के बीच विरोधी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के सरकारी आवास पर महागठबंधन के घटक दलों की हुई बैठक हुई। इसमें सभी सहयोगी दल न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सदन से सड़क तक साझा संघर्ष करने को सहमत हुए। लालू यादव और तेजस्वी यादव को उम्मीद थी कि महागठबंधन की इस बैठक में तेजस्वी को मुख्यमंत्री फेस के रूप में भी सहमति मिल जाएगी। लेकिन गठबंधन के नेताओं ने इस मुद्दे पर विचार-मंथन करने की जरूरत ही नहीं समझी। अब तेजस्वी यादव की उम्मीद पांच जुलाई को संभावित अगली बैठक से है। बिहार विधानसभा चुनाव की सियासी तपिश बढ़ने के साथ ही राजनीतिक एजेंडा सेट किए जाने लगे हैं। बिहार में एनडीए की अगुवाई कर रहे नीतीश कुमार सत्ता में बने रहने के समीकरणों को फिर से अपनी ओर मोड़ने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। दरअसल, तेजस्वी यादव के लिए इस बार मुस्लिम और दलित वोट बैंक को साधना और पार्टी के भीतर मतभेदों को सुलझाना बहुत मुश्किल भरा होता जा रहा है। इसके अलावा बिहार की सत्ता में वापसी की उम्मीद लगाए तेजस्वी के लिए सबसे बड़ी चुनौती एनडीए है। नीतीश कुमार के अगुवाई वाले एनडीए में जेडीयू, बीजेपी, एलजेपी, जीतन राम मांझी की एचएएम और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी और कई मजबूत और जनाधार वाले नेता शामिल हैं। इस तरह एनडीए एक मजबूत गठबंधन और समीकरण के सहारे तेजस्वी यादव के अगुवाई वाले आरजेडी को घेर रखा है। बिहार का चुनावी मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। महागठबंधन में आरजेडी और कांग्रेस सहित वामपंथी दल भी शामिल हैं, लेकिन एनडीए के निशाने पर तेजस्वी यादव हैं। मुस्लिम सियासत का आक्रामक चेहरा माने जाने वाले असदुद्दीन ओवैसी बिहार में पूरे दमखम के साथ चुनाव में उतरने की तैयारी की है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## हम भी करें प्रहार !

दो हमको अधिकार ।
लड़नी और लड़ाई ।।
करते आए, करना है ।
आप की भलाई ।।

दे दो इतनी सीटें ।
हम भी करें प्रहार ।।
और प्यार बरसा कर ।
पहनाओ फिर हार ।।

डाल रहे वो बाधा ।
करते जो भी काम ।।
वादा है निभाया ।
किए जो तमाम ।।

ना रूकना है हमको ।
यूं ही चलते जाना ।।
भले पूर्व में हमने ।
है भरा हर्जाना ।।



कृष्णेन्द्र राय

# वैदिक साहित्य में मुक्ति का साधन योग



अरुण कुमार दीक्षित

श्रीकृष्ण योगेश्वर हैं। वह अर्जुन से कहते हैं अर्जुन मेरे द्वारा किसी नई निष्ठा को अपनाने के लिए नहीं कहा गया है। तुझे अपना मित्र मानते हुए यह सनातन योग का रहस्य बतलाया है। धर्म शाश्वत है। धर्म को धारण करने हेतु अपनाई गई पद्धति योग है। योग से स्वयं की चेतना उर्ध्वगामी होती है। महाभारत के बाद कृष्ण द्वारा बताई गयी सनातन योग परंपरा धीरे धीरे क्षीण हो गई थी। सनातन का योग धर्म पीछे छूट गया। योग धर्म का प्रचार प्रसार रुक गया। तो भी भिन्न-भिन्न संप्रदायों मतों ने योग संस्कृति के प्रवाह को हजारों वर्षों तक बचाए और चलाए रखा। बहुत बाद में महर्षि पतंजलि ने वैदिक काल की योग संस्कृति को पुनर्नवा किया। पतंजलि योग सूत्र की रचना की। महर्षि पतंजलि के ग्रंथ का प्रथम श्लोक ही सबसे अधिक उल्लेखित किया जाता है। योगश्चितवृत्तिनिरोधः। योग से चित्त वृत्तियों का निरोध किया जा सकता है। रोका जा सकता है।

वैदिक वाङ्मय में योग की शिष्य परंपरा का उल्लेख मुण्डको उपनिषद में मिलता है। मुंडक में कहा गया है, कि देवों में सर्वप्रथम ब्रम्हा हैं। वह ही सारे जगत के नियंता सृष्टि धारक हैं। रक्षक भी ब्रह्मा हैं। ब्रह्मा ने सब विद्याओं में सुप्रतिष्ठित प्रधान ब्रह्म विद्या अर्थात योग विद्या को अपने पुत्र अथर्व को कही थी। अथर्व ने अंगिरस को और अंगिरस ने भारद्वाज सत्यवाहक को बताई थी। भारद्वाज सत्यवाहक ने प्रवाह से आगे सनक, सनातन, कपिल, आसुरि, पंचशिख ने ग्रहण की। वही कालांतर में सांख्य योग, ज्ञान योग, राज योग, अध्यात्म योग सहित अनेक नाम से प्रतिष्ठित हुआ।

गीता में कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि यही योग कौशल का मूल स्रोत है। 'योग कर्मसु कौशलम'। दूसरे अध्याय का पचासवां श्लोक गीता। योग का आरंभ परमात्मा हिरण्यगर्भ से हुआ है। (हिरण्यगर्भ सूक्त ऋग्वेद) कृष्ण यहां कह रहे हैं, कि यह योग मैं तुमसे कह रहा हूं, इसका आदि गुरु ईश्वर ही है। इससे पूर्व मैंने इस अविनाशी योग को सूर्य से कहा सूर्य ने वैवस्वत मनु से मनु ने अपने पुत्र इच्छवाकु से कहा। (गीता चौथा अध्याय) यजुर्वेद में तेज वृद्धि की प्रार्थना वायु से की गई है। अथर्ववेद में कहा गया है कि प्रज्ञावान व्यक्ति शरीर के सभी स्थानों से प्राण एकत्रित करके दिव्य लोक को प्राप्त करते हैं। वैदिक साहित्य में मुक्ति के लिए एक ही साधन ्योग् कहा गया है।

चिकित्सा विज्ञान कहता है कि हमारी श्वांस मन और जीवन के बीच सेतु की तरह काम करती हैं। योगियों, ऋषियों ने अन्तर् में सांसों के आने जाने को ध्यानपूर्वक देखने भर से ही ऊजार्वान बन सकने को कहा है। आधुनिक चिकित्सक भी परामर्श देते हैं कि गहरी श्वांस से मन हृदय, फेफड़ों सहित सभी शारीरिक अवयवों के लिए लाभदायक ही है। महर्षि पतंजलि ने मनुष्य के शरीर के सात चक्र बताएं हैं। इन सात चक्रों में मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्त्रार है। पतंजलि के अष्टांग योग में आठ अंग हैं। सात चक्र आठ अंग एक साथ काम करते हैं।

यह अंग हैं यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा,ध्यान और अंतिम समाधि है। जिसे स्थिरता कहा गया है। ऋग्वेद में योग को जुड़ने,विलय युक्त करने के अर्थों से लिया गया है।

युक्त करना जोड़ना यहां ज्ञान कर्म के साथ परम सत्ता तक जाने का मार्ग कहा गया है। आत्मा को परमात्मा से एकाकार होने का मार्ग 'योग' है। ईशावास्य उपनिषद में 'योग' को ज्ञान योग और कर्म योग के माध्यम से आत्म ज्ञान प्राप्त करना बताया गया है। यहाँ सब कुछ ईश से व्याप्त बताया गया है। मनुष्य जीवन में त्याग के साथ भोग को प्राथमिकता दी गई है। ज्ञान योग कहता है, परम सत्य या ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करना संसार बंधन से मुक्ति का मार्ग है। यही कारण होगा कि त्याग को यहां उच्चतम कहा गया है।

कृष्ण भी उपनिषद के बाद कह रहे हैं, कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनः। कर्मों के फल की चिंता न करो। गहन लोभ में न पड़ो। कर्म करते जाओ अंत सब हमें ही प्राप्त होता है। इस प्रश्न को लेकर हजारों प्रश्न प्रति प्रश्न है। मगर कृष्ण का जोर कर्म पर ही है। वह अर्जुन से कर्म की बात कह रहे हैं। तू अपना कर्म कर। युद्ध कर। स्वधर्मे निधनं श्रेयः। स्वयं अर्थात जो तेरा धर्म है क्षत्रिय धर्म है। युद्ध करना। युद्ध में मर जाता है तो कीर्ति मिलेगी। दूसरे के धर्म भयावह हैं। कृष्ण यहाँ आज की तरह वाले पन्थो मतों मजहबों की बात नही कर रहे। वे स्वधर्म जो उसका ( अर्जुन ) का क्षत्रिय धर्म है उस पर जोर दे रहें हैं। कह रहे हैं युद्ध नही करेगा तो अपकीर्ति को प्राप्त होगा। कृष्ण फिर विकल्प में सांख्य मार्ग अपनाने की बात अर्जुन से कहते हैं। वह युद्ध से भाग रहा है। गीता के सभी अठारह अध्याय योग के नामो से हैं। पहला अर्जुन विषाद योग। दूसरा सांख्य योग। तीसरा कर्म योग। चौथा ज्ञान कर्म संन्यास योग। पांचवा संन्यास योग। छठा आत्म संयम योग। सातवां ज्ञान विज्ञान योग। आठवां अक्षर ब्रम्हयोग। नवां राजविद्या गुह्ययोग। दसवां विभूति योग।ग्यारवां विश्वरूप दर्शन योग। बारहवां भक्ति योग। तेरहवां क्षेत्र क्षेत्रज्ञ विभाग योग। चौदहवा गुणत्रय विभाग योग। पन्द्रहवां पुरुषोत्तम योग। सोलहवाँ देवासुर सम्पद विभाग योग। सत्रहवां श्रद्धात्रय विभाग योग और अठारहवाँ है मोक्ष संन्यास योग। इस तरह सम्पूर्ण गीता में पूरी सृष्टि को लेकर योग का ही बीजारोपण दिखाई देता है। जैन धर्म में योग का अंतिम लक्ष्य परम मुक्ति है। यहां पर शरीर, मन ,वाणी पर भी नियंत्रण की भावना है।

जैनों के पांच महाव्रतों में अहिंसा,सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रम्हचर्य को योग से जोड़ा गया है। बौद्ध धर्म मे अष्टांग योग पर जोर है। योग और ध्यान साथ हैं। यहां योग कर्म को समझना और तदनुसार व्यवहार की विधि पालन के निर्देश हैं। योग और बौद्ध धर्म का लक्ष्य ज्ञान है। बुद्ध भी पांच महाव्रतों के निर्देश करते हैं। प्राणायाम का श्वास प्रश्वास की क्रिया के साथ इसका थोड़ा संबंध है। यह मात्र एक क्रिया है इसके माध्यम से हम यथार्थ प्राणायाम के अधिकारी होते हैं। प्राणायाम का अर्थ प्राण का संयम। भारतीय दार्शनिक जगत को दो पदार्थों से निर्मित मानते हैं। पहला है आकाश। यह आकाश सर्वव्यापी है। जिन वस्तुओं का आकार है। जो वस्तुयें कुछ वस्तुओं के मिश्रण से बनी है। वह आकाश से ही उत्पन्न हैं। आकाश ही वायु में परिणत होता है। तरल पदार्थ का रूप धारण करता है। यही फिर ठोस का आकार लेता है। आकाश ही, सूर्य पृथ्वी तारा नक्षत्र, धूमकेतु में परिणत होता है। सभी प्राणियों के शरीर सहित जो कुछ भी दृश्यमान हैं वह सभी आकाश से ही उत्पन्न है। सृष्टि के आदि में एक मात्र आकाश रहता है। फिर कल्प के अंत में समस्त ठोस, तरल और वाष्पीय पदार्थ पुनः आकाश में लीन हो जाते हैं। बाद की सृष्टि इसी तरह आकाश से उत्पन्न होती है। प्राण शक्ति के प्रभाव से आकाश जगत के रूप में रूपांतरित होता है। यह पुनः पुनः होता रहता है। यह गुरुत्वाकर्षण या चुंबकीय शक्ति के रूप में अभिव्यक्त होता है। यही स्नायु शक्ति है। प्राणायाम के सिद्ध होने पर हमारे लिए अनंत शक्ति के द्वार खुल जाते हैं। जिसकी समझ में यह प्राण विषय आ जाए तब कौन सी शक्ति है जो उसके अधिकार में न आए। प्राण पर विजय पाने का प्राणायाम ही एक मात्र उद्देश्य है। प्राणायाम के संबंध में जितनी साधनाएं हैं। उपदेश हैं। सबका उद्देश्य यही एक है। यह प्राण ही समस्त प्राणियों के भीतर जीवनी शक्ति के रूप में विद्यमान है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## सूडोकु नवताल- 7467

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7466 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## आज का राशिफल

**मेष** : शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। प्रेमभाव बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**वृष** : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मिथुन** : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क** : आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**सिंह** : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या** : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**तुला** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**वृश्चिक** : मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी।

**धनु** : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है।

**मकर** : किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कुम्भ** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मीन** : मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

पं० सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# लंबित मुकदमों का शीघ्रता से गुणवत्तापरक करें निस्तारित : एडीएम प्रशासन

**बरेली, 20 जून (तरूणमित्र)।** शुक्रवार को एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने तहसील फरीदपुर का औचक निरीक्षण किया। एडीएम प्रशासन ने राजस्व वादों, राजस्व अभिलेखागार सहित विभिन्न राजस्व कार्यों की जानकारी ली। एसडीएम न्यायालय में 5 वर्ष से अधिक एवं 3 वर्ष से अधिक का कोई राजस्ववाद लंबित नहीं पाया गया। इसी तरह धारा 35(2) का एक, धारा 38(1) के दो, धारा 144 के चार, धारा 134 का एक तथा धारा 116 के पांच वाद सहित कुल मिलाकर 13 राजस्व वाद एक वर्ष से लंबित पाए गए। एडीएम प्रशासन ने लंबित मुकदमों का दिन प्रतिदिन तारीख नियत कर शीघ्रता से गुणवत्तापरक निस्तारित करने के निर्देश दिए। तहसील में राजस्व अभिलेखों का रखरखाव एवं साफ सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। रखरखाव को सुव्यवस्थित रखते हुए साफ सफाई के लिए तहसीलदार फरीदपुर को आवश्यक निर्देश दिए। तहसील स्थित राजस्व अभिलेखागार में बस्तों एवं खतौनी की ग्रामवार रखने तथा उन पर बस्ता संख्या अंकित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जनता दर्शन, आइजीआरएस पोर्टल एवं संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शिकायतकर्ता को आवश्यक रूप से सुनते हुए गुणवत्तापरक निस्तारित करने के साथ-साथ शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम फरीदपुर मल्लिका नैन, तहसीलदार सुरभि राय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# राजश्री कालेज एवं क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग ने लगाया विशाल रोजगार मेला



**रिठौरा - बरेली, 20 जून (तरूणमित्र)।** राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टैक्नोलॉजी में क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग उ0 प्र0 सरकार के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती का दीप प्रज्वलित एवं माल्यापर्ण करके किया। भारतवर्ष की 50 नामी कम्पनियों से आये अधिकारियों ने ऑन कैम्पस साक्षात्कार आयोजित कर कुल पंजीकृत 1500 अभ्यर्थियों में से 648 चयनित प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नौकरी पाकर प्रतिभागियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ0 एमपी आर्य, संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर मोनिका अग्रवाल, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बरेली मंडल के सहायक निदेशक त्रिभुवन सिंह, प्रबन्ध निदेशक रोहन बंसल ने मेले में नौकरी प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में फ्लिपकार्ट कम्पनी में सेजल विश्वकर्मा, वृन्दा राजपूत, अजय गंगवार, सचिन गंगवार, विकास राठौर, सिद्धि इन्फोटैक में पारस सक्सेना, खुशबू, पुखराज हैल्थ केयर में राहुल, शिव कुमार, हरीश कुमार, भगवती प्रोडक्ट प्रा0 लि0 में मनोज कुमार, डॉली गोस्वामी, अमित कुमार, ए0 एन0 ए0 क्रेडिट कार्ड कम्पनी में सना, सिस्का इन्टरप्राइजेस में जगतपाल को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान दिए। मुख्य अतिथि विधायक डॉ0 एमपी आर्य ने उ0प्र0 सरकार की जनोपयोगी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियुक्तियों में पूर्ण पारदर्शिता रखते हुये प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने की शासन की मंशा है। इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन लक्ष्य प्राप्ति में बेहद सहायक है। राजश्री संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने रोजगार मेले में चयनित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और बताया कि रोजगार मेला नियोक्ता व प्रतिभागी के बीच के गैप को कम करता है। राजश्री संस्थान बदलती हुई, नौकरियों की प्रकृति के अनुरूप विभिन्न कार्यशालाओं के द्वारा प्रतिभागियों के कौशल विकास में प्रयासरत है। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बरेली मंडल के सहायक निदेशक त्रिभुवन सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रोजगार मेलों का आयोजन कराकर क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा करना है। इस दौरान सेवायोजन कार्यालय से अनूप दुबे, ब्रजेश कुमार, अनिल कुमार, मला पाण्डेय, राजश्री संस्थान के निदेशक डॉ अनिल कुमार, डॉ पंकज शर्मा, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, प्लेसमेंट हेड अंकुर भटनागर, दीपाली सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# कांवड़ियों को किसी प्रकार की ना हो असुविधा : एडीएम सिटी

**बरेली, 20 जून (तरूणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा के संबंध में बैठक हुई। बैठक में उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि श्रावण मास में समस्त मंदिरों में विद्युत की व्यवस्था उचित रखी जाए। बैठक मे उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए की मंदिर परिसर के आस पास साफ - सफाई तथा पीने के पानी की सुविधा उचित रखी जाए। बैठक उन्होंने पुलिस अधीक्षक नगर से अनुरोध किया गया कि समस्त मंदिरों में पुलिस फोर्स की व्यवस्था उचित रखी जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए । बैठक में उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री जी के निर्देश हैं कि मंदिर परिसर में प्लास्टिक को पूर्ण तरह से प्रतिबंध लगाया जाए। बैठक में उन्होंने नागरिक सुरक्षा को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर के प्रवेश तथा निकासी द्वार में सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स को




तैनात किया जाए। बैठक बनाने का कि श्रावण मास में मांस तथा मदिरा को खुले में ना बचा जाए जिससे कि किसी की आस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त मंदिरों में सीसीटीवी कैमरा द्वारा निगरानी की जाए तथा इसकी ऑडियो तथा वीडियो सुरक्षित रखी जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह सहित समस्त मंदिरों के महंत उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को चूजों, पिंजरे व दाना सामग्री का किया वितरण

**बरेली, 20 जून (तरूणमित्र)।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर द्वारा संचालित फॉर्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दलित वर्ग के ग्रामीण किसानों की आय वृद्धि एवं बैकयार्ड मुर्गीपालन को टिकाऊ व लाभकारी बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. अश्वनी कुमार पाण्डेय एवं सह-अन्वेषक जगवीर त्यागी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को बैकयार्ड मुर्गीपालन के वैज्ञानिक तरीकों, लाभकारी प्रबंधन तकनीकों, तथा बाजार से जुड़ाव के माध्यम से



आयवृद्धि के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के कटका रमन, सिंघा, भमोरा और सहसा गाँव के कुल 12 चयनित दलित वर्ग के ग्रामीण लाभार्थियों को कैरी श्यामा एवं कैरी निर्भीक नस्ल की मुर्गियों के 15-15 चूजे, पिंजरे, पानी व दाने के बर्तन, 20 किलो मुर्गी दाना तथा एक ड्रम वितरित किए गए। साथ ही, विशारतगंज क्षेत्र के कुछ सक्रिय मुर्गी पालकों को भी इस योजना का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. ए. के. तिवारी ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए संस्थान द्वारा विकसित मुर्गी की कैरी श्यामा एवं कैरी निर्भीक नस्लों की विशेषताओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ये नस्लें भारतीय पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ अंडा एवं मांस उत्पादन में भी बेहतर प्रदर्शन करती हैं। इसके अतिरिक्त संस्थान की टीम द्वारा मुर्गीपालकों के गांवों में जाकर उन्हें मुर्गी पालन में बरती जाने वाली महत्वपूर्ण सावधानियाँ तथा घरेलू स्तर पर मुर्गी दाना तैयार करने की विधियाँ भी सिखाई गईं, जिससे वे कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

# बरेली कॉलेज प्रांगण में सामूहिक योग संगम कार्यक्रम होगा आज

● वर्षा होने की संभावना के दृष्टिगत वैकल्पिक व्यवस्था रूप में स्मार्ट सिटी के अर्बन हाट के हॉल में भी की जाएगी व्यवस्थाएं

**बरेली, 20 जून (तरूणमित्र)।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून, 2025 को बरेली कॉलेज, बरेली के प्रांगण में प्रातः 5 बजे से सामूहिक योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया है, किन्तु वर्षा होने की सम्भावना के दृष्टिगत वैकल्पिक व्यवस्था होने के रूप में स्मार्ट सिटी के अर्बन हाट के हॉल में भी व्यवस्थाएं की गयी हैं। योग दिवस के आयोजन में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग/ प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग/नोडल अधिकारी सौरभ बाबू, जनपद के जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे। योग सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 15 से 21 जून, 2025 तक सामूहिक योगाभ्यास, रंगोली, स्लोगन, योगासन, आशुभाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं आदि का भी आयोजन किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आयोजन के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन सामान्य के उचित बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई, पार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में आदेशित किया गया। इसके साथ मुख्य चिकित्साधिकारी को योग स्थल पर प्राथमिक उपचार दल व एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

# दंपत्ति हत्याकांड एवं 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में ढेर

**फिरोजाबाद, 20 जून (तरूणमित्र)।** पति पत्नी हत्या कांड के आरोपी की शुक्रवार सुबह चार बजे के करीब पुरातन सरस्वती विद्या मंदिर के समीप पुलिस से मुठभेड़ हो गई आरोपित ने पिस्टल से पुलिस पर 12 राउंड फायर किये जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस की जबावी कार्यवाही में आरोपी के सिर के पीछे गोली लगी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस आरोपित को लेकर अस्पताल आई। जहां उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव फिरोजाबाद जिला अस्पताल भेज दिया।

नगर के बुढरई रोड स्थित बंशी नगर में पांच मार्च को घर के पास बने घेर में पशुओं के पास सो रहे दंपत्ति पर जान लेवा हमला किया। जिसमें वृद्ध मुन्नालाल और उनकी पत्नी मिथलेश देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं थी। उपचार को ले जाते समय मुन्नालाल ने दम तोड़ दिया था। जबकि घटना के



10 दिन बाद मिथलेश देवी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस मामले में मृतक के पुत्र मोहित कुमार ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तीन टीमें गठित कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। पुलिस ने इस घटना के खुलासे के लिए कड़ी मेहनत की और जनपद के अलावा गैर जनपदों और गैर प्रांतों में भी आरोपित के फोटो चस्पा कराए। जिसके बाद भी कोई सफलता नहीं मिली। हत्याकांड के खुलासे के लिए सीओ प्रवीन कुमार अपनी टीम के साथ प्रयास में जुटे रहे। इस दौरान एसएसपी सौरभ दीक्षित ने आरोपित पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। वहीं 16 जून को मलिखानपुर रोड नई बस्ती में भी घर के बाहर सो रही वृद्ध महिला पूरन देवी उर्फ सूरजमुखी पर भी जान लेवा हमला किया और उनके कान, नाक में पहने हुए सोने और पैरों में चांदी की पायल लूट ले गया। महिला गंभीर हालत में आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में उपचार करा रही हैं। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार राणा अपनी टीम के साथ इस घटना के आरोपित की तलाश में जुटे हुए थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि दौहरे हत्याकांड का आरोपित पुरातन सरस्वती विद्या मंदिर के पास किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है।

पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर ली। पुलिस को देख आरोपित ने फायरिंग शुरू कर दी। उसने 12 राउंड फायरिंग की। जिसमें एक गोली हरवीर सिंह नामक सिपाही की बांह को चीरती हुई निकल गई। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली आरोपित के सिर के पीछे जा घुसी। जिसके बाद वह वहीं पर गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज बंद होने पर पुलिस ने तलाश की तो वह एक प्लाट में पड़ा मिला। पुलिस उसको लेकर अस्पताल आई। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

● पुत्र और पुत्र वधू घायल

**फिरोजाबाद, 20 जून (तरूणमित्र)।** थाना नगला सिंधी क्षेत्र के गढी भगवंत के स्थित ठार हीरा सिंह के समीप शुक्रवार की दोपहर का संतुलित ट्रक द्वारा बाइक में टक्कर मारने के फल स्वरुप महिला की मौत हो गई जबकि उसका पुत्र और पुत्रवधू घायल हो गये पुलिस महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है वहीं दोनों का उपचार चल रहा है।

जनपद आगरा के थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के गांव अमरपुरा निवासी राजेश कुमार अपनी मां 50 वर्षीय गुड्डी देवी और 24 वर्षी पत्नी दुर्गेश को बाइक पर बैठा कर फतेहाबाद पुल से होकर टूंडला आ रहा था। वह थाना नगला सिंधी क्षेत्र के गढी भगवंत स्थित ठार हीरा सिंह के समीप पहुंचा ही था, तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके फल स्वरुप बाइक पर बैठी गुड्डी देवी उछलकर सड़क पर आ गिरी उधर बाइक पर बैठी दुर्गेश और राजेश गिरकर घायल हो गये, दुर्घटना इतनी भीषण थी। ट्रक का पहिया गुड्डी देवी के ऊपर से होकर गुजर गया जिसके फलस्वरूप गुड्डी देवी की दर्दनाक मौके पर मौत हो गई, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची उसने घायलों को उपचार के लिए वही भर्ती कराया जबकि गुड्डी देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है, जहां शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भोजीपुरा में शहजील इस्लाम ने करवाई पीडीए पंचायत



**बरेली, 20 जून (तरूणमित्र)।** भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र में पी.डी.ए पंचायत के माध्यम से समाजवादी विचारधारा एवं समाजवादी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया और गांव के प्रत्येक ग्रामवासी के घर-घर पीडीए पर्चा को पहुंचाया गया और समझाया कि पूर्व में समाजवादी पार्टी ने किन-किन कार्यों को जनहित एवं जनता के हित में किया है। इस कार्यक्रम में विधायक शहजील इस्लाम अंसारी , इस्लाम साबिर , प्रवक्ता मयंक शुक्ला जिला उपाध्यक्ष तनवीर उल इस्लाम, अखिलेश पटेल, गजेंद्र कुर्मी, राकेश पटेल प्रधान भगवानपुर, त्रिलोकी सिंह, वीरपाल, दुर्विजय पटेल, तौसीफ भंडसर, पप्पू प्रधान सावरखेड़ा, अजमल, परमेश्री, दन्ने,विनय, सुधीर, हर्ष और समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

### युवा नेता को किसानों ने दिया धन्यवाद

**बांदा, 20 जून (तरूणमित्र)।** अतर्रा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मसुरी खेरवा में खुरहंड,बासी मार्ग पर बनी नहर नाली नं516 बंबी को प्रत्याशी ग्राम पंचायत मसुरी खेरवा राहुल मिश्रा ने युवराज सिंह की मदद एवं लापरवाह नहर विभाग के काबिल कर्मचारियों के साथ लगभग काफी दिनों से बंद पड़ी सिंचाई विभाग की नाली को पुनरजीवित कर 4 नए ढोले डालकर उसको ठीक कराया,उसमें से लगभग 700 बीघा किसानों की सीच होती थी जोकि बीते कई वर्षों से नहीं हो पा रही थी राहुल मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत की जनता व बड़े,छोटे सभी प्रकार के किसान बहुत परेशान थे। वही सभी किसानों ने राहुल मिश्रा धन्यवाद दिया।

### बंगाली डॉक्टर से इलाज कराने के दौरान पुत्र की पिता की त्रयोदशी करने से पूर्व मौत

**फिरोजाबाद, 20 जून (तरूणमित्र)।** थाना सिरसागंज क्षेत्र के गांव तिलयानी मैं बंगाली डॉक्टर की क्लीनिक पर उपचार के द्वारा एक ग्रामीण की मौत हो गई परिजन शव को लेकर जिला अस्पताल आये हैं। थाना नगला खंगर के गांव नगला गुलाल निवासी 48 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र रामनरेश किसी बीमारी से पीड़ित था वह इलाज करने के लिए थाना सिरसागंज के गांव तिलियानी मैं बंगाली डॉक्टर के यहां उपचार कराने के लिए गया था परिजनों का आरोप है डॉक्टर ने कोई इंजेक्शन लगा दिया जिसके फल स्वरुप उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ देर बाद ही मौत हो गई परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए क्लीनिक पर जमकर हंगामा काटा इधर डॉक्टर मौका देख दुकान बंद कर फरार हो गया परिजन शव को लेकर जिला अस्पताल आये जहां शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है।

# टूण्डला फ्लाईओवर की रैलिंग पर वृद्ध ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**फिरोजाबाद, 20 जून (तरूणमित्र)।** फिरोजाबाद आगरा राष्ट्रीय राज मार्ग पर टूण्डला फ्लाईओवर पर बने ओवरब्रिज की रैलिंग पर एक बृद्ध का शव फाँसी के फन्दे पर लटका देख हड़कम्प मच गया मौके पर लोगो की भीड़ एकत्रित हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस बृद्ध के शव को फाँसी के फन्दे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लेकर आयी जहाँ शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है।

टूण्डला के बालाजी पुरम सविता नगर निवासी 65 वर्षीय सोनवीर पुत्र गुलाब सिंह ने शुक्रवार की दोपहर किसी बात को लेकर फिरोजाबाद आगरा राष्ट्रीय राज मार्ग स्थित टूण्डला के फ्लाईओवर पर बने ओवरब्रिज की रैलिंग में अँगोछे से फांसी का फंदा बनांकर खुदकुशी कर ली, सोनवीर को फाँसी पर लटका देख लोगो की भीड़ एकत्रित हो गयी। और हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी। और उसके शव को फाँसी के फन्दे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लेकर आयी है। जहाँ शव को विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया है। इधर बृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गये, जिनमे शव को देख कोहराम मच गया। परिजनों से बृद्ध के फाँसी लगाने की बजह पूँछी तो कोई जानकारी नही दे सके।

### गर्भावती महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**फिरोजाबाद, 20 जून (तरूणमित्र)।** अतिरिक्त दहेज में 50 हजार रुपये और एक सोने की चैन ना मिलने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता का उत्पीड़न किया ससुरालीजनों ने महिला को गर्वावस्था में मारपीट कर घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया है पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ससुरालीजनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है नसीरपुर के गांव केसरी निवासी संतोषी देवी की शादी वर्ष 2023 में खैरगढ़ के गांव भामई निवासी सनी के साथ हुई थी। जिसमें उसके पिता ने तीन लाख रुपये नकद और सोने-चांदे के आभूषण के साथ शादी का सभी सामान दिया था। लेकिन उसके ससुरालीजन उससे संतुष्ट नहीं थे। आये दिन ताने दिया करते थे।

# शिवसेना ने मनाया 59वां स्थापना दिवस

**फिरोजाबाद, 20 जून (तरूणमित्र)।** शिवसेना के 59 वें स्थापना दिवस पर शिवसेना फिरोजाबद के जिला प्रमुख पण्डित राजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में रसूलपुर डाकबंगला बंगला के सामने स्थित श्री हनुमान जी महाराज मंदिर पर हवन कर शिवसेना की उन्नति की प्रार्थना की।

इस अवसर पर शिव सैनिकों ने हवन कुण्ड में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दीं और जगदीश्वर भगवान आदि की आरती गाकर वातावरण गुंजायमान किया जय भवानी जय शिवाजी के गगनभेदी नारे लगाये और प्रसाद वितरण भी किया उसके बाद शिवसैनिकों ने कहा कि शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे ने आज के दिन शिवसेना का गठन किया था, जो कि आज पूरे भारत में हिन्दुत्व प्रहरी के रुप कार्य कर रही है। शिवसेना ने ही बाबरी विध्वंस किया था, जिसकी छाती ठोक जिम्मेदारी बाला साहब ठाकरे ने ली थी, उस समय हिन्दुत्व के छद्म नेता और आज के समय सत्ता पर काबिज पार्टी के नेता बाबरी विध्वंस से पल्ला झाड़े नजर आते थे, तथा सन 2018 में शिवसेना राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने ही अयोध्या में रैली कर पहले मंदिर फिर सरकार का नारा देकर सरकार पर राम मंदिर निर्माण का दबाब बनाया, और भविष्य में शिवसेना ही मथुरा काशी मुक्त को मुक्त बाबरी विध्वंस की तर्ज पर कराएगी आज के समय में शिवसेना ही देश के भीतर रहने वालों से लड़ने के लिए तैयार है। देश में देश विरोधी तत्व की संख्या अधिक होती जा रही है। लेकिन सरकार ठोस उपाय ना कर छद्म मुस्लिम तुष्टिकरण कर हिन्दू बलिदानियों का अपमान करती है। गाय को राष्ट्रीय पशु , राष्ट्रीय धरोहर घोषित नहीं करती है, आज देश में पाक परस्ती बड़ रही है, कोई भी ठोस योजना सरकार पर इसके विरुद्ध नहीं हैं, जिसका विरोध शिवसेना करती है। शिवसौनिक ठाकरेवादी है, इसी ठाकरेवाद के उग्र हिन्दुत्व के विचार पर कार्य कर इन देश द्रोहियों से लड़ेगी।

इस अवसर पर सुनील राठौर, कन्हैया लाल सविता, विशन यादव, सौरभ शर्मा, करण राठौर, बल्लू आदि शामिल रहे।

# चिराग सोसायटी ने ड्रीम अचीवर काउन्सलिंग प्रोग्राम के बारे में दी जानकारी

**फिरोजाबाद, 20 जून (तरूणमित्र)।** चिराग सोसायटी द्वारा प्रेस वार्ता के दौरान ₹ड्रीम अचीवर काउंसलिंग प्रोग्राम' की जानकारी ओसियन गार्डन में दी गयी।

संस्थाध्यक्ष डॉ. जफर आलम ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस प्रोग्राम की बहुत लम्बे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। क्योंकि पिछड़े इलाकों में हाई स्कूल इण्टर करने के बाद बच्चे अच्छी काउंसलिंग न होने की वजह से मजबूत इरादों के साथ अच्छे फैसले नहीं ले पा रहे थे। पिछड़े इलाकों में शिक्षा का स्तर कम है। कहीं कहीं देखने में आता है, कि पेरेण्ट्स भी अशिक्षित है, जिस वजह से बच्चों को सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाता है,




और बच्चे अच्छे फैसले नहीं ले पा रहे हैं। संस्था की यह पहल बच्चों के मुस्तकबिल को बनाने में एक अहम भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा का बहुत महत्व है, तथा शिक्षा मंहगी होने के कारण इण्टर तक की शिक्षा प्राप्त करने में माता-पिता की इनकम का एक बड़ा हिस्सा खर्च हो जाता है। और बच्चे अपना कैरियर नही बना पाते हैं। जिससे बच्चे और माता-पिता दोनो मायूस हो जाते हैं। ड्रीम अचीवर काउंसलिंग प्रोग्राम जनपद का पहला कार्यक्रम है, इस कार्यक्रम में अलग-अलग फील्ड के एक्सपर्ट को इनवाइट किया है। इन एक्सपर्ट के जरिये बच्चों को अलग-अलम क्षेत्रों में काउंसलिंग दी जायेगी। जैसे कोई बच्चा डॉक्टर बनना चाहता है, तो उसी से सम्बन्धित एक्सपर्ट उसे काउंसलिग देंगे। अगर कोई दूसरे फील्ड में जाना चाहता है, तो उसी फील्ड से सम्बन्धित एक्सपर्ट उसे काउंसलिंग देगे। अधिकतर फील्ड के एक्सपर्ट हमारे इस प्रोग्राम में उपस्थित रहेंगे। यह प्रोग्राम एक तरफा न होकर दोनों तरफ से यानि एक्सपर्ट और छात्र/छात्राओं के बीच सवाल और जवाब का आदान प्रदान भी किया जायेगा।

# नगर निगम के पार्षद ने महापौर एवं नगर आयुक्त के खिलाफ न्यायालय का दरबाजा खटखटाया

**फिरोजाबाद, 20 जून (तरूणमित्र)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 20 से पार्षद मनोज शंखवार ने न्यायालय में अपने अधिवक्ता द्वारा निगम की महापौर एवं नगर आयुक्त के खिलाफ शिकायत की है


शिकायत में कहा गया है, मामला 4 अप्रैल 2025 का है, नगर निगम के जीवाराम हॉल में सदन की बैठक हो रही थी, जिस में एक देश एक चुनाव मुद्दे पर चर्चा होनी थी, तो बैठक प्रारम्भ होते ही वार्ड न.20 से पार्षद मनोज शंखवार ने कहा ₹वैसे तो मीटिंग होती नहीं हैं जिसमें हमारी बात सुनी जाए, हम नगर निगम के प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं परन्तु पहले हमारे क्षेत्र की समस्याओं को सुन लिया जाए, इस पर नगर आयुक्त ऋषि राज ने पार्षद से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सदन से बाहर फिकवाने के लिए बोला तो पार्षद ने इसका विरोध किया तो बीच में ही नगर आयुक्त के इशारे पर अधिकारी एवं भाजपा पार्षदों ने बिना सूचना दिए ही राष्ट्रगान प्रारंभ कर दिया जिससे राष्ट्रगान का भी अपमान हुआ है।

पार्षद ने न्यायालय में अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपील की है, कि मैं दलित जाति से आता हूँ, यह जानते हुए भी मेरे साथ यह कृत्य हुआ है, और इस कृत्य की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई जिससे मेरी छबि धूमिल हुई है। लोग मुझे हीन भावना से देख रहे है। पार्षद ने न्यायालय से माँग करते हुए कहा है, कि मुझे न्याय दिलाया जाये।

# नमामि गंगे के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**बिजनौर, 20 जून (तरूणमित्र)।** नमामि गंगे के अंतर्गत शहरी नदी प्रबंधन योजना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में नदियों के स्वरूप और रखरखाव के प्रति जागरूकता पर तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया गया,साथ ही नदियों के स्वरूप को बनाए रखने के लिए सुझावो का आदान प्रदान भी किया गया।

विकास भवन के सभागार में शहरी नदी प्रबंधन योजना पर बिजनौर नगर पालिका परिषद की चेयरमैन श्रीमती इंदिरा सिंह की अध्यक्षता व ईओ विकास कुमार के संचालन में कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में शहरी प्रबंधन योजना के विशेषज्ञ चंद्रशेखर सिंहा ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिले की नदियों के प्रबंधन पर बल दिया,उन्होंने शहरों के जल प्रबंधन के




साथ बहु उपयोग पर बल दिया। राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान की पर्यावरण विशेषज्ञ सिमरन प्रीत कौर ने नदियों को स्वच्छ और अविरल रखने की प्रस्तावित योजना पर कार्यशाला में सुझाव मांगे,साथ ही नदियों के संरक्षण के साथ धार्मिक व पर्यटन गतिविधियों के दौरान जागरूकता पर बल दिया। कार्यशाला में शहरी नदी प्रबंधन योजना से जुड़े जीआईएस विशेषज्ञ बनीब्रता चौधरी ने नदियों के भविष्य को लेकर चिंता जताई। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ बीरबल सिंह ने पर्यावरण के लिए प्लास्टिक के प्रयोग पर चिंता जताई,साथ ही पेयजल का सही उपयोग किए जाने पर बल दिया। व्यापारी नेता मुनीश त्यागी ने गंगा व मालन नदी किनारे स्थित कण्व आश्रम के विकास और नदियों में जमा सिल्ट को निकलवाने पर बल दिया। पत्रकार ज्योति लाल शर्मा ने नदियों के किनारे धार्मिक अनुष्ठान में प्रयुक्त सामग्री के निस्तारण में धर्मगुरूओं का सहयोग लेने और नगर वन बनाए जाने पर बल दिया।

कार्यशाला में जिला कृषि अधिकारी ने नदियों के किनारे बसे गौव में जैविक खेती के प्रति जागरूकता के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

# डीएम के प्रयास से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न

**आजमगढ़, 20 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के प्रयास से स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई मेडिकल एम्बुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री द्वारा रवाना किया गया। ग्राम हरिहरपुर के पद्मश्री से सम्मानित पंडित छन्नू लाल मिश्र के घराने के सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बनारस के गायक चंद्रशेखर गोस्वामी द्वारा मुख्यमंत्री के बारे में स्वरचित मनमोहन गीत को प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर यूपीआईडी द्वारा एक्सप्रेसवे से संबंधित तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म चलायी गई। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु



जिलाधिकारी के नेतृत्व में एक हफ्ते से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय रहा। जिलाधिकारी स्वयं 3 दिन से कार्यक्रम स्थल का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बारीकी से निरीक्षण कर रहे थे। लोकार्पण से एक दिन पूर्व जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ लोकार्पण स्थल पर बिंदुवार ड्यूटी में लगाएं गए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के संबंध में निर्देशित किया गया।

- सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई तथा जन सामान्य के लिए मेडिकल टीम एवं ओआरएस/स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई

आजमगढ़ से आने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सर्विस लेन से लोकार्पण स्थल तक आने वाले जनमानस के सुविधा हेतु सड़कों की साफ सफाई, मिट्टी समतलीकरण एवं पार्किंग के लिए जमीन चिन्हित कर उसको समतलीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। बस, चार पहिया वाहन, छोटे वाहनों एवं वीवीआईपी पार्किंग के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाया गया, ताकि जनसेवा स्थल पर आने के लिए जन सामान्य को परेशानियों का सामना न करना पड़े। आने वाले वाहनों को ट्रैफिक का सामना न करना पड़े, इसके लिए वन वे ट्रैफिक की व्यवस्था की गई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर आम जनमानस को आने-जाने में किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसके दृष्टिगत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तथा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से उतरने पर दोनों साइड सर्विस लेन पर जहां-जहां अंडरपास एवं कट था, वहां पर साइनेज लगाया गया था। इसके साथ ही जनपद अंबेडकर नगर एवं सुल्तानपुर से कार्यक्रम स्थल पर आने वाले जन सामान्य के लिए जगह-जगह साईनेज लगाए गए थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया था।

## दीवार गिरने से महिला की दबकर मौत

**फतेहपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के कसेरूआ में देर रात बारिश होने के दौरान दीवार ढह जाने से 33 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कसेरूआ गांव निवासी लाल सिंह की पत्नी राधा देवी खाना खाने के बाद अपने कमरे में बैठी थी। तभी तेज बारिश के दौरान अचानक दीवार ढह गयी। जिसके मलबे नीचे दब गयी। शोर शराबा सुनकर परिजन व आस पास के लोगों ने जल्दी-जल्दी मलबा हटाया तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## वेतन व सुरक्षा को ले धरना प्रदर्शन कर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उठाई मांग

**एटा, 20 जून (तरूणमित्र)।** 20 जून को आंगनबाड़ी कार्यकत्री संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला आंगनबाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष धनदेवी ने अन्य कार्यकत्रियों के साथ मिलकर प्रशासनिक अधिकारी को सरकार के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि कार्यकत्रियों से जबरन केवाईसी कराने से पहले सरकार उन्हें मोबाइल, टाटा और अन्य आवश्यक साधन उपलब्ध कराए। साथ ही लाभार्थियों को निर्देशित किया जाए कि वे अपने आधार से मोबाइल नंबर लिंक कराएं। धनदेवी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कम मानदेय के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। मांग की कि उन्हें न्यूनतम वेतन 18,000 दिया जाए। उन्होंने कहा कि हर विभाग का कार्य आंगनबाड़ी से कराया जाता है, जबकि मानसिक और आर्थिक शोषण का सामना भी इन्हीं बहनों को करना पड़ता है।

हाल ही में एक लाभार्थी द्वारा की गई मारपीट में एक कार्यकत्री घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। संघ की मांग है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राज्य या केंद्र सरकार के कर्मचारी का दर्जा मिले या जब तक यह नहीं हो, तब तक 18,000 वेतन दिया जाए और केवाईसी प्रक्रिया समाप्त की जाए।

# अधिवक्ता चेंबर के उद्घाटन पर चौक बाजार में हुआ भंडारा

**फतेहपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** शहर के चौक बाजार में शुक्रवार को अधिवक्ता चेंबर का उद्घाटन दुकान नंबर 191/172 व 192/173 पर मोहल्ला कजियाना चौक बाजार में दिलीप चन्द्र त्रिवेदी एडवोकेट व राजेन्द्र भान मौर्य एडवोकेट व संदीप कुमार त्रिपाठी द्वारा आज एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक अधिवक्ताओं की उपस्थिति में प्रसाद वितरण व अधिवक्ता चेंबर का उद्घाटन किया गया।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री गया प्रसाद दुबे एवं महामंत्री जितेंद्र सिंह गौतम, पूर्व अध्यक्ष अभिलाष चन्द्र त्रिवेदी, मणि प्रकाश दुबे, आशीष गौड ओम प्रकाश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, विवेक दुबे, शाश्वत गर्ग यशु



- बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने लिया हिस्सा

रस्तोगी, मोनू श्रीवास्तव आशीष कुमार मौर्य, राकेश मौर्य, रीतेश मौर्य, रोहित मौर्य, अमन शुक्ला, अरुण यादव, अनश, वजी, महेश मौर्य, मनोज सिंह, धीरेन्द्र मौर्य, पंकज सिंह यादव, राम प्रताप सिंह, शक्ती सिंह चौहान, विशाल सिंह, अनुज विश्वकर्मा आदि अधिवक्ताओं की उपस्थिति में प्रसाद वितरण व अधिवक्ता चेंबर के उद्घाटन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर हजारों की तादात में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सर्पदंश से भट्ठा मजदूर की मौत

**फतेहपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पखरौली के समीप ईंट भट्ठा में शुक्रवार की सुबह 30 वर्षीय मजदूर को जरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इलाज उपरान्त चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद थाना लालागंज गांव बसंतपुर निवासी हरीप्रकाश का पुत्र पप्पू शंकर छह माह से पखरौली स्थित ईट भट्ठा में मजदूरी करता था। शुक्रवार की सुबह उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब भाई कृपाशंकर को हुयी तो तत्काल उसे सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

# दुष्कर्म व कर्तव्य पटेल की हत्या के विरोध में हुआ प्रदर्शन

**फतेहपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** लोहंदा कौशांबी में पाल समाज की बिटिया के साथ दुष्कर्म, बदायूं जिले में कर्तव्य पटेल की हत्या एवं उत्तर प्रदेश में लगातार बहुजन मूल निवासी समाज के ऊपर हो रहे अन्याय और अत्याचार के विरोध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुन्ना लोधी के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश इस समय अपराध प्रदेश बन गया है। रोज कहीं न कहीं नाबालिग बच्चियों के साथ बलात्कार, छेड़खानी के साथ हत्याएं हो रही हैं। बहुजन समाज के ऊपर मनुस्मृति के अनुसार व्यवहार किया जा रहा है। अंसार अली ने बताया कि मुस्लिमों के साथ मॉबलिंचिंग जैसे कृत्य बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद आदि




संगठनों द्वारा लगातार किए जा रहे हैं। यह सरकार संविधान विरोधी है। इसको जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हम ओबीसी मोर्चा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ेंगे। वंदना पटेल ने बताया कि इस सरकार में सरकार के नुमाइंदे ही बहन बेटियों के साथ गलत काम कर रहे हैं। इनके नेताओं के कई सारे कांड सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन नेताओं से बेटी बचाओ अभियान चलाना पड़ेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंसार अली, बीएमपी के प्रदेश सचिव डा फूल सिंह लोधी, भारत मुक्ति मोर्चा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना पटेल, जिलाध्यक्ष सीमा यादव, ब्रजरानी, रामकांती, ओबीसी मोर्चा के रंजीत मौर्य, मनोज मौर्य, दिलीप पटेल, बीएमपी जिलाध्यक्ष राम सजीवन लोधी आदि उपस्थित रहे।

## स्पेस लैब का उद्घाटन आज

**फतेहपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** बहुआ विकास खण्ड की ग्राम पंचायत महमदपुर में क्षेत्र पंचायत बहुआ के अंतर्गत निर्मित स्पेस लैब (सतीश धवन अन्तरिक्ष विज्ञान एवं स्टेट प्रयोगशाला) का उद्घाटन कल (आज) प्रातः ग्यारह बजे मुख्य अतिथि अयाहशाह विधायक विकास गुप्ता उर्फ बब्लू द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख संतोष, ग्राम प्रधान बद्री प्रसाद के अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्रामीण भी शिरकत करेंगे।

# ‘परवाह’ डिजिटल सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में पुलिस की सोशल मीडिया टीम की सराहना

**अमरोहा, 20 जून (तरूणमित्र)।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली श्री रमित शर्मा द्वारा ‘परवाह’ डिजिटल सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद अमरोहा की सोशल मीडिया सेल टीम द्वारा किए गए रचनात्मक एवं प्रभावी कार्यों की सराहना की गई है।

परवाह अभियान का उद्देश्य आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अमरोहा पुलिस की सोशल मीडिया टीम द्वारा नवाचारयुक्त, भावनात्मक तथा संदेशप्रद पोस्ट, वीडियो व इन्फोग्राफिक्स के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने का कार्य



किया गया।

रमित शर्मा ने टीम की सक्रियता, संप्रेषण शैली और जनसंपर्क कौशल की विशेष प्रशंसा करते हुए भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इसी प्रकार नवाचार एवं प्रतिबद्धता के साथ पुलिस विभाग आमजन के हित में निरंतर कार्य करता रहेगा।

जनपद अमरोहा पुलिस सोशल मीडिया टीम के इस योगदान ने न केवल बरेली जोन बल्कि प्रदेश स्तर पर भी एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## भाकियू स्वराज का विद्युत विभाग की मनमानी के खिलाफ धरना, तीन मांगों पर मिला आश्वासन

**एटा, 20 जून (तरूणमित्र)।** मारहरा कस्बे में विद्युत सब स्टेशन पर कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति, रोस्टर के अनुसार बिजली कटौती न होने और जर्जर तारों की समस्या को लेकर शुक्रवार को भाकियू स्वराज के बैनर तले किसानों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार ने किया।

धरना कस्बे के बिजली विभाग कार्यालय से शुरू होकर मिरहची अड्डा, अस्पताल चौराहा व हैदरी चौक होते हुए विद्युत सब स्टेशन पहुंचा। इस दौरान किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के चलते थाना पुलिस व एलआईयू के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

किसानों ने तीन सूत्रीय मांगों फर्जी कर्मचारियों को हटाने, बिजली कटौती रोस्टर के अनुसार लागू करने और जर्जर तारों को बदलवाने को लेकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। एसडीओ ने शीघ्र समस्याओं के समाधान का आश्वासन देकर प्रदर्शन को शांतिपूर्वक समाप्त कराया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष कासगंज एके लोधी, मोहित यादव, पंकज लोधी, आसिफ , नासिर, शैलेंद्र कुमार, शिव कुमार, साहिबे आलम, सत्यवीर, डॉ कुलदीप यादव, अशरफ खान, शाहिद कुरैशी , मनोज कुमार, निर्दोष कुमार, दुर्वेश यादव, वंशीधर आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## व्यक्ति के सर्वांगीण विकास को योगाभ्यास जरूरी-सुनील

**सोनभद्र, 20 जून (तरूणमित्र)।** पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के तत्वाधान में रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में शुक्रवार को प्रातः कालीन सत्र में योगाभ्यास कुशल मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राम पाठक की अध्यक्षता में सभी प्रमुख योग गुरुओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व पूर्वाभ्यास कराया गया। भारत स्वाभिमान के जिला महामंत्री सुनील कुमार चैबे योगी ने कहा कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी है। उन्होंने 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में प्रातः 4य30 बजे सभी योग प्रेमियों से समय से पहुंचने के लिए आग्रह किया। इसके अलावा योग के दौरान सभी को सफेद कुर्ता, पायजामा अथवा योग टीशर्ट पहनकर आने, बातचीत न करने, मोबाइल स्विच ऑफ रखने का भी आग्रह किया।

## कार्यालयः ग्राम पंचायत औलियालालपुर, वि.ख. सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

पत्रांकः मेमो/पंचम वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/एस0एल0डब्ल्यू0एम0/अल्पकालीन निविदा सूचना/ 2025-26 दिनांक 20.06.2025

### अल्पकालीन निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत औलियालालपुर वि०खं०-सिरौलीगौसपुर जनपद-बाराबंकी में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध योजना अन्तर्गत विभिन्न कार्यों के निर्माण/मरम्मत हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, एस०ओ०बी० ईंट, ईंट गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाईप, सीमेन्ट बेंच, स्ट्रीट लाईट, कूड़ादान, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर सामग्री, रंगाई-पुताई एवं विद्युतीकरण सामग्री, आर० ओ० सिस्टम वाटर कूलर स्थापना, स्मार्ट सी०सी०टी०वी०, कुर्सी मेज, सोलर कैमरा, सोलर पैनल, डेस्क बेंच, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, सरिया, लोहा, टाईल्स, ई-रिक्शा, ठेलिया, सफाई किट, आदि अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक योग्य फर्म धारकों से उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के आधीन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.07.2025 तक निर्धारित प्रपत्र पर ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती हैं तथा प्राप्त मोहरबन्द निविदायें सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत की निविदा समिति द्वारा दिनांक 05.07.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे सम्बन्धित निविदादाता/फर्म धारकों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा क्रय की जाने वाली सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी रहेगी, 1-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा, 2-आपूर्ति की गयी सामग्री का विभिन्न योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, 3- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म धारक मालिक/ ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत औलियालालपुर में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित/ स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर आपूर्ति करने में विफल रहने पर बिना कारण बताये किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत औलियालालपुर का होगा।

**(धर्मेन्द्र कुमार)**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत औलियालालपुर
वि.ख. सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**(रवि कुमार)**
सचिव
ग्राम पंचायत औलियालालपुर
वि.ख. सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

## चेयरमैन पर कर्मियों के पटल परिवर्तन में मनमानी का आरोप

**फतेहपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** नगर पालिका परिषद में एक ही सीट पर लंबे समय से कार्यरत कर्मियों के स्थानांतरण की मांग के बाद अध्यक्ष के स्थान परिवर्तन से असंतुष्ट सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्या पर स्थानांतरण सूची में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए मांग पत्र सौपकर पुनः स्थानांतरण सूची जारी करने की मांग किया।

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के सभासद विनय तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सभासदों द्वारा नगर पालिका परिषद के कार्यों को सुव्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए कई वर्षों से एक ही सीट पर कार्यरत कर्मियों के पटल परिवतन की मांग की गई थी। जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष द्वारा कर्मियों का स्थानांतरण कर नई सूची जारी कर दी। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष पर कर्मियों के पटल में मामूली परिवर्तन कर केवल खानापूर्ति करने का आरोप लगाया। कहा कि कर्मियों के स्थान परिवर्तन की जगह उसी विभाग में मामूली फेरबदल किया गया है। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप जनहित एवं नगर पालिका परिषद के हितों को दृष्टिगत रखते हुए नई स्थानांन्तरण सूची जारी करने की मांग किया। साथ ही कहा कि जब तक परिवर्तित सूची जारी नहीं की जाती तब तक नई सूची पर रोक लगाए जाने के लिए अध्यक्ष पालिका के अधिशासी अधिकारों को निर्देशित करें।

# श्रीराम कॉलेज में दो दिवसीय योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 20 जून (तरूणमित्र)।** उ0प्र0 की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ध्यान में रखते हुए योग सप्ताह के अंतर्गत श्रीराम कॉलेज में दो दिवसीय योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ‘एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग’ रही। इस कार्यक्रम में श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार, डीन एकेडमिक्स डा विनीत कुमार शर्मा, आदि उपस्थित रहें।

इस योग शिविर की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे-पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ प्रतिभाग किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल की भूमिका में ललित कला विभाग के निदेशक मनोज धीमान, प्रवक्ता ललित कला विभाग मयंक तथा बेसिक साइंस विभाग के प्रवक्ता राजदीप सेहरावत रहें।

इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कशिश चौधरी, बीएजेएमसी, द्वितीय स्थान आयुषी त्यागी, बेसिक साइंस तथा तृतीय स्थान प्राची चौधरी, बीबीए, निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महिमा सैनी, द्वितीय स्थान मुस्कान सिंन्हा तथा तृतीय स्थान अंश चौधरी बीबीए ने प्राप्त किया।

## आटोमेटिक टेस्टिंग व फिटनेस स्टेशन का हुआ उद्घाटन



**फतेहपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।** शहर के गोपाल नगर स्थित मे. श्याम ट्रैक्टर्स (एटीएस) में चार पहिया व भारी वाहन के आटोमेटिक टेस्टिंग व फिटनेस स्टेशन का उद्घाटन भाजपा के पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्त ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर प्रतिष्ठान में सर्वप्रथम हवन पूजन करके शुभारंभ किया गया उद्घाटन अवसर पर संचालक गोपाल गुप्ता ने बताया कि यहां सभी बड़ी गाड़ियों के ऑटोमेटिक मशीनों द्वारा टेस्टिंग की जाएगी। शहर में पहली बार गाड़ियों की टेस्टिंग कार्य किया जाएगा। इससे पहले यह सभी कार्य आरटीओ ऑफिस में होते थे। इस मौके पर आयाहशाह विधायक विकास गुप्ता, साक्षी गुप्ता, सक्षम गुप्ता, अवनीश गुप्ता (मोंटी), भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, सौर्य गुप्ता, श्रीराम गुप्ता एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कार्यालयः ग्राम पंचायत परसा, वि.ख. सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

पत्रांकः मेमो/पंचम वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/एस0एल0डब्ल्यू0एम0/अल्पकालीन निविदा सूचना/ 2025-26 दिनांक 20.06.2025

### अल्पकालीन निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसा वि०खं०-सिरौलीगौसपुर जनपद-बाराबंकी में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध योजना अन्तर्गत विभिन्न कार्यों के निर्माण/मरम्मत हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, एस०ओ०बी० ईंट, ईंट गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाईप, सीमेन्ट बेंच, स्ट्रीट लाईट, कूड़ादान, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर सामग्री, रंगाई-पुताई एवं विद्युतीकरण सामग्री, आर० ओ० सिस्टम वाटर कूलर स्थापना, स्मार्ट सी०सी०टी०वी०, कुर्सी मेज, सोलर कैमरा, सोलर पैनल, डेस्क बेंच, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, सरिया, लोहा, टाईल्स, ई-रिक्शा, ठेलिया, सफाई किट, आदि अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक योग्य फर्म धारकों से उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के आधीन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.07.2025 तक निर्धारित प्रपत्र पर ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती हैं तथा प्राप्त मोहरबन्द निविदायें सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत की निविदा समिति द्वारा दिनांक 05.07.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे सम्बन्धित निविदादाता/फर्म धारकों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा क्रय की जाने वाली सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी रहेगी, 1-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा, 2-आपूर्ति की गयी सामग्री का विभिन्न योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, 3- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म धारक मालिक/ ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत परसा में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित/ स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर आपूर्ति करने में विफल रहने पर बिना कारण बताये किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत परसा का होगा।

**(शोभा वर्मा)**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत परसा
वि.ख. सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**(रवि कुमार)**
सचिव
ग्राम पंचायत परसा
वि.ख. सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

## कार्यालयः ग्राम पंचायत सैदनपुर, वि.ख. सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

पत्रांकः मेमो/पंचम वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/एस0एल0डब्ल्यू0एम0/अल्पकालीन निविदा सूचना/ 2025-26 दिनांक 20.06.2025

### अल्पकालीन निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सैदनपुर वि०खं०-सिरौलीगौसपुर जनपद-बाराबंकी में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्ध योजना अन्तर्गत विभिन्न कार्यों के निर्माण/मरम्मत हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, एस०ओ०बी० ईंट, ईंट गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाईप, सीमेन्ट बेंच, स्ट्रीट लाईट, कूड़ादान, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर सामग्री, रंगाई-पुताई एवं विद्युतीकरण सामग्री, आर० ओ० सिस्टम वाटर कूलर स्थापना, स्मार्ट सी०सी०टी०वी०, कुर्सी मेज, सोलर कैमरा, सोलर पैनल, डेस्क बेंच, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, सरिया, लोहा, टाईल्स, ई-रिक्शा, ठेलिया, सफाई किट, आदि अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक योग्य फर्म धारकों से उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के आधीन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.07.2025 तक निर्धारित प्रपत्र पर ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती हैं तथा प्राप्त मोहरबन्द निविदायें सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत की निविदा समिति द्वारा दिनांक 05.07.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे सम्बन्धित निविदादाता/फर्म धारकों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा क्रय की जाने वाली सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक-पृथक होगी निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी रहेगी, 1-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा, 2-आपूर्ति की गयी सामग्री का विभिन्न योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, 3- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म धारक मालिक/ ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत सैदनपुर में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित/ स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर आपूर्ति करने में विफल रहने पर बिना कारण बताये किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत सैदनपुर का होगा।

**(सायरा बानो)**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सैदनपुर
वि.ख. सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**(रवि कुमार)**
सचिव
ग्राम पंचायत सैदनपुर
वि.ख. सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



बहराइच , 20 जून (तरुणमित्र)। बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र में निजी निवेश से स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीति, 2025 का व्यापक स्तर पर प्रचार किया जाय। डीएम ने कहा कि स्थानीय स्तर पर विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारियों तथा इस क्षेत्र में निवेश करने के इच्छुक व्यक्तियों को नीति के सम्बन्ध में जानकारी देकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाय ताकि प्रदेश में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ अलग-अलग स्थानों एवं क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर हो सके। डीएम मोनिका रानी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी वाहन अनुज्ञा-पत्र के अनुसार निर्धारित रूटों पर ही संचालित हों तथा किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग न होने पाये। उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अनाधिकृत रूप से संचालित बस अड्डों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। डीएम ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर विभिन्न मार्गों से अतिक्रमण को हटवाकर पटरियों को दुरुस्त करायें। ब्लैक स्पाट पर चर्चा के दौरान निर्देश दिया गया कि वन व एनएचएआई संयुक्त रूप से कुड़वा मोड़ का भ्रमण कर चारों ओर जगह बढ़ाकर पटरियों का सुदृढ़ीकरण कराएं। अधि.अभि. लो.नि.वि. को निर्देश दिया गया कि विगत 03 वर्षों में ब्लैक स्पाट के सम्बन्ध में व्यय की गई धनराशि तथा कराये गये कार्यों का विवरण अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध करा दिया जाय। डीएम ने कहा कि हिट एण्ड रन के मामलों में माता पिता को खोने वाले बच्चों को जिला प्रोबेशन अधिकारी से समन्वय कर मुख्यमंत्री बाल योजना से आच्छादित कराया जाय। उन्होंने तहसीलों को निर्देश दिया कि हीट एण्ड रन के मामलों में संबंधित तहसील जांच आख्या समय से उपलब्ध कराये ताकि प्रभावित लोगों को नियमानुसार सहायता समयान्तर्गत उपलब्ध करायी जा सके। डीएम ने निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु एनएच पर चलने वाले अनाधिकृत ट्रैक्टरों तथा सड़क के दोनों ओर खड़े होने वाले वाहनों विशेषकर ट्रकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन कार्यों में निरन्तरता लाकर अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। डीएम ने नो हेलमेट-नो पेट्रोल का कड़ाई के साथ पालन कराने तथा मरीमाता चौराहे पर ऐरो मार्क, लाइटिंग के साथ बहराइच शहर को इंगित करते हुए बोर्ड स्थापित कराये जाने का भी निर्देश दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि किसी दुर्घटना में मृतकों की संख्या दो से अधिक होने पर लोक निर्माण, पुलिस व परिवहन विभाग संयुक्त रूप से दुर्घटना के कारणों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार कार्रवाई समय से सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में तथा लोक निर्माण विभाग को एनएचआई ब्लैक स्पॉटों व प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी लगवाये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा व ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, एआरटीओ ओपी सिंह, सम्बन्धित एसडीएम, अधि. अभि. लो.नि.वि. अमर सिंह व प्रदीप कुमार सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए मुख्यालय पर कराया जा रहा योगाभ्यास



अम्बेडकरनगर , 20 जून (तरुणमित्र)। गुरुवार को नगर पालिका परिषद अकबरपुर अधिशासी अधिकारी के निर्देश के क्रम में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 15 से 21 जून तक चलने वाले एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत चिल्ड्रन पार्क कलेक्ट्रेट गेट के सामने योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हनुमान सिंह द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराए गए साथ ही साथ इन योगासनों का महत्व भी बताया गया। हनुमान सिंह द्वारा बताया गया की योग हमारी प्राचीन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है, तथा ऋषियों मुनियों द्वारा दी गई एक अनुपम भेट है। आज संपूर्ण विश्व योग की महिमा को मान रहा है, तथा योग को विश्व भर में योग दिवस के रूप में अलग पहचान मिली है इसी क्रम में कल बृहस्पतिवार को भी नगर पालिका परिषद अकबरपुर अधिशासी अधिकारी के निर्देश के क्रम में शिवाला घाट पांडा टोला पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बाबा राम शब्द यादव द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराए गए। साथ ही साथ तीन योगासनों का महत्व भी बताया गया। बाबा राम शब्द यादव द्वारा बताया गया कि सभी के द्वारा प्रतिदिन की दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए यदि शरीर को स्वस्थ रखना है तो प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए।योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग शिक्षक हरिशंकर पाठक, हर नारायण पांडे ,रमेश कनौजिया, रामकिशोर ,वरिष्ठ लिपिक अनूप कुमार ,लेखाकार ओंकार नाथ तिवारी ,अर्बन विशेषज्ञ रवि उपाध्याय ,स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जसवंत यादव, स्वच्छता प्रभारी इजराइल व नगर पालिका परिषद के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन को ग्राम प्रधान व सचिव लगा रहे पलीता, जिम्मेदार कौन

**दैनिक तरुणमित्र अखबार की पड़ताल में खुलासा**



हरख,बाराबंकी, 20 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार स्वच्छ गांव व सुन्दर गांव बनाने के लिए गांव में लाखों की लागत से कूड़ा निस्तारण भवन,सामुदायिक शौचालय,सहित सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया है ताकि स्वच्छ व सुन्दर गांव दिखे।जिसको लेकर आज दैनिक तरुण मित्र अखबार की टीम ने पड़ताल कर बड़ा खुलासा किया। बात जनपद के विकास खंड हरख क्षेत्र के सराय प्रशंडा गांव की है जहां आज समय करीब 11 बजे दैनिक तरुण मित्र की टीम पहुंची,गांव के बाहर मेन सड़क किनारे दोनों पटरियों पर बड़े बड़े कूड़ा करकट के ढेर लगे मिले,जिसकी दुर्गंध से लोग परेशान दिखे,गांव के लोगो ने बताया कि अभी तो ये हाल है बरसात में रास्ता निकलने में दिक्कतें होती है। लेकिन ग्राम प्रधान सुनते ही नहीं वही जब टीम सामुदायिक शौचालय पहुंची जिसको चार लाख कुछ की लागत से तैयार किया गया उसमें ताला लटका मिला,स्थानीय लोगों ने बताया कि भैया ये शौचालय जब से बना है आज तक खुला ही नहीं सरकारी धन को बर्बाद किया गया है।नालिया रही बज बजा,रास्ते में बह रहा पानीबात गांव के अंदर की करे तो पूरे गांव की नालियां बजबजा रही थी। कही कही नालिया चोक होने के कारण रास्ते में नालियां का पानी बहता मिला।कूड़ा निस्तारण भवन की दुर्दशा सरकार की मंशा थी कि गांव का कूड़ा इकठ्ठा कर कूड़ा निस्तारण भवन में लाया जाए और उसका निस्तारण किया जाए ताकि स्वच्छ भारत मिशन का सपना पूरा किया जा सके।लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव की लापरवाही से आज भी आधा अधूरा कूड़ा निस्तारण भवन पड़ा है। सूत्रों की माने तो ग्राम प्रधान के द्वारा खाना पूर्ति कर पैसा निकाल लिया गया है।

और इसे इसी हाल में डाल दिया गया ग्राम प्रधान राजकरण सिंह ने बताया कि सामुदायिक शौचालय समूह के हैंडवर हो गया है,सफाई कर्मी गांव नहीं आता है,कूड़ा निस्तारण का कार्य पूरा कराया जाएगा।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी प्रीती वर्मा ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## एमबीबीएस चिकित्सकों के साक्षात्कार में 40 चिकित्सक रहे उपस्थित

अम्बेडकरनगर , 20 जून (तरुणमित्र)। शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में एम०बी०बी०एस० चिकित्सकों, के रिक्त पदो के सापेक्ष पूर्व निर्धारित दिवस के अनुसार साक्षात्कार आयोजित किया गया। साक्षात्कार समिति की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा किया गया। समिति के अन्य सदस्य मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त जिला चिकित्सालय, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एवं जिला लेखा प्रबन्धक उपस्थित रहे। साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख / दस्तावेज का परीक्षण / सत्यापन डा० संजय वर्मा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अध्यक्षता में डा० रवि वर्मा, डा० सर्वेश गुप्ता एवं सुनील कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। साक्षात्कार हेतु कुल 60 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया था, जिसके सापेक्ष 40 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने की मासिक व्यापारी गोष्ठी

श्रावस्ती, 20 जून, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय सभागार में सर्राफ, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, ईंट भट्ठा व अन्य प्रमुख व्यापारियों के साथ मासिक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में यातायात, सड़क अतिक्रमण, टैक्सी/बस स्टैंड की अनुपलब्धता तथा थाना/चौकी स्तर पर नियमित बैठक न होने जैसी समस्याओं को व्यापारियों द्वारा प्रमुखता से रखा गया। पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि बाजारों व कस्बों में पुलिस गश्त/पिकेट बढ़ाने, अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने, बैंक/एटीएम क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने तथा व्यापारी समस्याओं के निराकरण हेतु प्रत्येक माह थाना स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे लगवाने, गार्डों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने, तथा बाल श्रम से बचने की अपील की। साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूकता के निर्देश भी दिए गए।

जन सहयोग से लगाए गए कैमरों के लिए धन्यवाद देते हुए उन्होंने अग्निकांड जैसे हादसों से सुरक्षा हेतु संस्थानों पर फायर सेफ्टी उपकरण लगाने की भी सलाह दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार उत्तम, क्षेत्राधिकारी भिनगा आलोक कुमार सिंह, प्रभारी यातायात मो. शमीम, व्यापारीगण सुभेंद्र सिंह, मोहम्मद काशिफ, प्रमोद कुमार गुप्ता, सत्य प्रकाश आर्य, दीनानाथ गुप्ता, सगीर अहमद, राजेश कुमार गुप्ता, रिजवान अहमद, असिस्टेंट मैनेजर एचडीएफसी बैंक विशाल सिंह, उ0प्र0 ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक नीरज कुमार समेत अन्य बैंक शाखा प्रबंधक, व्यापारी एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### झोपड़ीनुमा मकान में लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर खाक

सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी, 20 जून (तरुणमित्र)। बीती रात कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के एक गांव में झोपड़ी नुमा मकान में आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान व खाद्यान्न जलकर राख हो गया। तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र के खजुरिहा गांव के रहने वाले बालचरण चौहान के यहां विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगने की वजह से उसका झोपड़ी नुमा बना मकान खाद्यान्न राशन बिस्तर कपड़े आदि जलकर खाक हो गया जिस समय आग लगी घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सोए हुए थे रात करीब 1:30 बजे अचानक झोपड़ी के बासो के दगने की आवाज को सुनकर पास पड़ोस के लोग जाग गये जब तक वे कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते उसकी झोपड़पट्टी जलकर खाक हो गई। इस संबंध में नायब तहसीलदार दिनेश पांडे ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए टीम भेजी गई है।

### पास्को एक्ट के अभियुक्त गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर , 20 जून (तरूणमित्र) थाना को0 अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0 454/25 धारा- 64(1) बीएनएस व ३ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। अवगत कराया गया कि जनपद में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी अंकुश लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.06.2025 को थाना को0 अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 454/25 धारा- 64(1) बीएनएस व ३ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त के बारे में मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि जिस अभियुक्त की तलाश आप कर रहे है वह कही जाने की फिराक में सहतूगंज बाजार में साधन के इन्तजार में खड़ा है। अकबरपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सहतुगंज बाजार से 100 मीटर दूर दबिश देकर पकड़ लिया गया तथा नाम पता पूछा गया तो अपना नाम सचिन रैदास पुत्र अरविन्द उर्फ बिन्दू निवासी लोरपुर पाल्हनपुर थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर बताया अभियुक्त को उसके जुर्म व धारा से अवगत कराते हुए समय करीब 11.35 बजे नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में श्रीनिवास पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना को0 अकबरपुर,निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ,उ0नि0 अशरफ अली खां , हे0का0 अजय कुमार शुक्ला शामिल रहे।

### जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 24 को

बहराइच , 20 जून (तरूणमित्र)। सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 24 जून 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### स्कूटी कार की आमने-सामने टक्कर से महिला घायल

रामनगर/ बाराबंकी, 20 जून (तरूणमित्र)। थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम लोधपुरवा में स्कूटी और कार की आमने सामने टक्कर में स्कूटी चला रही 21 वर्षीय महिला घायल हो गयी जिसका संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में उपचार चल रहा है। शुक्रवार को रामनगर से बदोसरांय मार्ग पर ग्राम लोधपुरवा के पास स्कूटी से आ रही रुपा पत्नी आकाश पुत्री राजपाल यादव निवासी रानीपुरवा मजरे मुड़िया डीह थाना बदोसरांय की टक्कर यूपी 32 पी एन 4598 व स्कूटी की आमने सामने टक्कर में रुपा गम्भीर रूप से घायल हो गयी जिसे स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर उपचार के लिए लाया गया जंहा इमरजेंसी में मौजूद डाक्टरों द्वारा घायल रुपा का उपचार किया जा रहा हैं।

### पास्को एक्ट के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर, 20 जून (तरूणमित्र)। थाना मालीपुर स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 60/25 धारा 137(2)/87/351(3) व बढोत्तरी धारा 70(2) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट में वाँछित 02 नफर अभियुक्तगण 01. सूरज राजभर पुत्र रमेश उर्फ सोखा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मछलीगांव मकदूमपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर एवं राहुल राजभर पुत्र जगदीश उम्र करीब 25 वर्ष निवासी दरगाह शाह रमजान को थाना मालीपुर पुलिस टीम को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। अवगत कराया गया है कि पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद अम्बेडकरनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण एवं तलाश वांछित अपराधियो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.06.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 60/25 धारा 137(2)/87/351(3) व बढोत्तरी धारा 70(2) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट में वाँछित 2 अभियुक्तगण सूरज राजभर पुत्र रमेश उर्फ सोखा उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मछलीगांव मकदूमपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर एवं राहुल राजभर पुत्र जगदीश उम्र करीब 25 वर्ष निवासी दरगाह शाह रमजान थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम दरगाह शाह रमजान से दोनो अभियुक्तों को 09.10 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया ।बाद विधिक आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायलय भेजा गया।

# कल जिले में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होंगे योगाभ्यास कार्यक्रम

श्रावस्ती, 20 जून, (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया है कि 21 जून को आयोजित होने वाले 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने बताया है कि दिनांक 21.06.2025 को स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा, श्रावस्ती तथा जगतजीत इन्टर कालेज, इकौना श्रावस्ती में ३ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस३ के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। योगाभ्यास कार्यकम में पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास विभाग एवं नगर विकास विभाग की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों में संम्बन्धित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यकम के एक दिन पूर्व सभी ग्राम पंचायतों तथा नगर निकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा तथा समस्त पुलिस थाना, पुलिस लाइन, पुलिस चौकी व सीमा सुरक्षा बल 62वीं बटालियन में भी योगाभ्यास का कार्यक्रम किया जायेगा।जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तकनीकी शिक्षण संस्थानों एवं आवासीय विद्यालयों को 21.06.2025 से एक दिन पूर्व खुलवाकर समुचित साफ-सफाई व्यवस्था करवाकर अन्तराष्ट्रीय योग दिवस में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन कर छात्रों/छात्राओं के मध्य मिष्ठान, फल एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया जायेगा। तकनीकी शिक्षण संस्थानों, कृषि महाविद्यालयों, उच्च शिक्षा महाविद्यालयों में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम प्रातः 06:00 से 08:00 बजे तक निर्धारित योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम।

# डीएम की अध्यक्षता में नार्को को-आर्डिनेशन समिति की बैठक सम्पन्न

बहराइच, 20 जून (तरूणमित्र)। बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को को.आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स पदार्थो के अवैध संचरण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये। डीएम ने कहा कि सभी एजेन्सियों के बीच संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो सभी सम्बन्धित एजेन्सी सूचनाओं को एक-दूसरे के साथ शेयर करते हुए तत्काल प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई कर नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि विगत बैठक में दिये गये निदेर्शों की अनुपालन आख्या तत्काल उपलब्ध कराएं। डीएम ने अपराध निरोधक एजेन्सियों को निर्देश दिया कि किसी भी कार्रवाई के दौरान नारकोटिक्स और ड्रग्स की जब्त की गयी मात्रा तथा उस सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का विवरण समिति की बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाय। डीएम ने औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया गया कि मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान संचालित कर प्रतिबंधित नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही दवाओं की बिक्री की जाय तथा सम्बन्धित मेडिकल स्टोर्स द्वारा उनका लेखा-जोखा रजिस्टर में अंकित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं संचरण के लिए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाय। उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के नमूने परीक्षण हेतु भेजे जाने का ब्योरा प्रत्येक बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा प्रस्तुत किया जाय।

## यातायात नियमों के पालन सघन चेकिंग व जनजागरूकता अभियान

श्रावस्ती, 20 जून, (तरुण मित्र)। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात मो0 शमीम व यातायात टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा यातायात नियमों के उल्लंघन में कार्यवाही की गई। थाना सिरसिया क्षेत्रांतर्गत चिल्हरिया मोड़, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं टैक्सी स्टैंड आदि पर ई-रिक्शा/ऑटो चालकों को एकत्र कर कलर कोडिंग व नंबरिंग हेतु जागरूक किया गया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करने, मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने, बिना बीमा व बिना नंबर प्लेट वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत

आजमगढ़, 20 जून (तरूणमित्र)। जिले के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के नसीरपुर के समीप स्थित शिफा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में शुक्रवार को एक दुखद घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। प्रसव के बाद 24 वर्षीय प्रिया गुप्ता और उनके नवजात शिशु की मृत्यु हो गई, जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों ने मृतका और नवजात के शव को अस्पताल के गेट पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया और शव को ले जाने से इनकार कर दिया।मृतका प्रिया गुप्ता, पत्नी शुभम गुप्ता, मूल रूप से अम्बेडकर नगर जिले के जहाँगीरगंज थाना क्षेत्र के मंसूरनगर की निवासी थीं। वर्तमान में वह अपने मायके, अमिला (थाना घोसी, मऊ जिला) में रह रही थीं। प्रसव के लिए प्रिया दो दिन पहले बिलरियागंज के नसीरपुर स्थित शिफा हॉस्पिटल में भर्ती हुई थीं। शुक्रवार दोपहर को सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) के बाद नवजात और प्रिया दोनों की हालत बिगड़ गई और दोनों की मृत्यु हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने जब शवों को बाहर निकालने का प्रयास किया, तो परिजनों का गुस्सा भड़क उठा। परिजनों ने अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया और शवों को अस्पताल के मुख्य द्वार पर रखकर विरोध शुरू कर दिया। परिजनों का कहना था कि अस्पताल की लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ। उन्होंने शव को ले जाने से साफ मना कर दिया और कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही बिलरियागंज थाना प्रभारी सुनील कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित करते हुए पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए थाने ले गई। थाना प्रभारी ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर पुलिस को प्राप्त नहीं हुई थी।

परिजनों का कहना है कि प्रिया की डिलीवरी के दौरान अस्पताल ने उचित चिकित्सा सुविधा और देखभाल नहीं की, जिसके कारण यह दुखद हादसा हुआ। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। स्थानीय लोगों के बीच भी इस घटना को लेकर गुस्सा देखा जा रहा है, और कई लोग निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

## जनपद में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

बहराइच , 20 जून (तरूणमित्र)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को स्थानीय इंदिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में वृहत योग संगम का कार्यक्रम प्रातः 06:00 बजे जन प्रतिनिधियों व शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा महेन्द प्रसाद अग्रवाल के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजन वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निदेर्शानुसार समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी स्वयं अपने स्टाफ के साथ योग संगम में प्रतिभाग करेंगे जिसमें विभिन्न विद्यालयों, स्पोर्ट्स स्टेडियम के बच्चे भी सम्मिलित होंगे। डॉ. वर्मा ने बताया कि प्रातः 06.30 बजे पर मोदी जी का लाइव उद्बोधन के पश्चात योग प्रोटोकॉल का शुभारंभ होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बहराइच , 20 जून (तरूणमित्र)। बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित अभियोजन विभाग की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने विभिन्न न्यायालयों में योजित गम्भीर धाराओं में अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित मुकदमों पर विशेष चर्चा करते हुए ट्रायल को गति देने के निर्देश दिये गये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि जिन प्रकरणों में दोष मुक्ति हुई है उनकी विशेष समीक्षा कर अपील में जाने योग्य वादों में समयबद्ध रुप से अपील कर प्रभावी पैरवी की जाय। बैठक का संचालन करते हुए संयुक्त निदेशक अभियोजन राजेन्द्र प्रसाद द्वारा बताया गया कि मा. सत्र न्यायालयों में प्रभावी पैरवी कर कुल 18 मामलों में सजा दिलायी गयी, जिसमें 08 मामले महिला अपराध से संबंधित है। पाक्सों अधिनियम के 7 मामले में सजाई करायी गयी, जिसमें 04 मामलों में 20 वर्ष का कारावास, 02 मामलों में 10 वर्ष का कारावास व 01 मामले में 03 वर्ष के कारावास की सजा करायी गयी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अधीनस्थ न्यायालयों में कुल 3324 भा.द.स. एवं बीएनएस के मामले एवं 1339 अन्य अधिनियम के मामलों में प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्तों को मा. न्यायालय द्वारा दण्डित कराया गया। बैठक में एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा एवं ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, डीजीसी क्रिमिनल गिरीश चन्द्र शुक्ला, संत प्रताप सिंह विशेष शासकीय अधिवक्ता, अभियोजन अधिकारी निर्मल कुमार यादव, एपीओ आकाश अरूण, तबस्सुम, प्रमोद कुमार, एसपीपी पाक्सो संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह एडीजीसी क्रिमि., प्रेम प्रकाश मिश्रा, सुनील कुमार जायसवाल उपस्थित रहे।

# राजभाषा हिंदी की प्रथम तिमाही कार्यशाला का सफल आयोजन

भिनगा/श्रावस्ती, 19 जून, (तरुणमित्र)। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के सभागार में राजभाषा हिंदी की प्रथम तिमाही कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता ललेंद्र रत्नाकर, कार्यवाहक कमांडेंट ने की। इस अवसर पर अनुज कुमार, जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड) एवं जुगल किशोर, अग्रणी जिला प्रबंधक, श्रावस्ती (नराकास), द्वारा ℌहिंदीः हमारी भाषा, हमारी पहचानℌ विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में गोवर्धन पुजारी, उप कमांडेंट, आनंद कुमार (नराकस) अधीनस्थ अधिकारीगण तथा अन्य कार्मिकों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी प्रतिभागियों ने हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रति अपने विचार साझा किए एवं इसे कार्यस्थल पर प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष श्री ललेंद्र रत्नाकर द्वारा आमंत्रित




अतिथियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में कार्यवाहक कमांडेंट ललेंद्र रत्नाकर ने हिंदी के संवैधानिक महत्व, प्रशासनिक उपयोगिता तथा इसकी जनभावनाओं से जुड़ी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने सभी कार्मिकों से आह्वान किया कि वे हिंदी के प्रयोग को अपने कार्य व्यवहार में प्राथमिकता दें एवं राजभाषा नीति के अनुपालन में सक्रिय भूमिका निभाए।

## आरओ प्लांट लगने से खिल उठे जवानों चेहरे

भिनगा/श्रावस्ती, 20 जून, (तरुणमित्र)। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के परिसर में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत आर.ओ. (रिवर्स ऑस्मोसिस) प्लांट का शुभारंभ किया गया। इस प्लांट की स्थापना का उद्देश्य वाहिनी परिसर में निवासरत कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस आर.ओ. प्लांट का उद्घाटन ललेंद्र रत्नाकर, कार्यवाहक कमांडेंट, के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में निरूपेश कुमार, उप कमांडेंट, पीयूष सिंहा, उप कमांडेंट एवं गोवर्धन पुजारी, उप कमांडेंट सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी, जवान एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## पूरेभगई व अमलोरा में ग्राम चौपाल का आयोजन

रामनगर/बाराबंकी, 20 जून (तरूणमित्र)। विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत पूरेभगई और अमलोरा में एडीओ कृषि डॉक्टर दलबीर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। एडीओ कृषि ने चौपाल के उद्देश्य पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। चौपाल में राशन कार्ड, फैमिली आईडी बनवाने, सम्मान निधि योजना, पेंशन, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, सामूहिक विवाह योजना आदि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारियां दी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में उन्होंने कहा कि इस मिशन से ग्रामीण महिलाओं की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने में महती भूमिका निभा रही है।पंचायती राज विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी पंचायत सहायक काजल रावत ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया और ग्रामीणों की समस्याओं को रजिस्टर पर नोट किया।

# 10 जुलाई से आवेदन कर सकते छात्र-छात्राएं

बहराइच , 20 जून (तरूणमित्र)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत उ.प्र. के मूल निवासी समान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) भुगतान हेतु समय-सारणी का निर्धारण कर दिया गया है। छात्र-छात्राओं के लिए प्रक्रियात्मक कार्यवाही के लिए निर्धारित समयसारिणी के अनुसार छात्र द्वारा रजिस्ट्रेशन/ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 10 जुलाई से 20 दिसम्बर 2025, छात्र द्वारा फाईनल प्रिन्ट आउट निकालने की कार्यवाही 12 जुलाई से 23 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण कर वांछित संलग्नकों सहित हार्ड कॉपी शिक्षण संस्था में जमा करने हेतु अन्तिम तिथि 24 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

# इंफ्रास्ट्रक्चर की गति बढ़ने से होगी प्रगति तो आएगी समृद्धि : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने किया 7283 करोड़ रुपये की लागत वाले 91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का लोकार्पण



गोरखपुर, 20 जून (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (ढांचागत विकास) की गति बढ़ती तो प्रगति भी तेजी से होगी। प्रगति तेज होने पर समृद्धि अपने आप आएगी। समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि उसके अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर का तेज गति से विकास किया जाए। सीएम योगी शुक्रवार को रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का उत्कृष्ट उपहार देने के सिलसिले को जारी रखते हुए 7283.28 करोड़ रुपये की लागत से बने 91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के अवसर पर भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा दुनिया के विकसित देशों का विकास उनके बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर की ही देन है। 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया गया, उसका ही परिणाम है कि यूपी अब बीमारू राज्य की बदनामी से उबरकर इमर्जिंग स्टेट के रूप में पहचाना जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है। *2017 के पहले यूपी में था बुनियादी सुविधाओं का अभाव*मुख्यमंत्री ने 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश की दशा का उल्लेख करते हुए कहा कि तब उत्तर प्रदेश में विकास की बात तो दूर थी, यहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव था। गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिलता था। परम्परागत उद्यम बंदी के कगार पर थे। एक जिला एक माफिया पिछली सरकारों की देन थी। तब विकास की योजनाओं में बंदरबांट और माफिया का वर्चस्व था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2017 के बाद का उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त राज्य बन चुका है। अब यह देश में पर्यटन और निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन गया है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले यूपी में यह पता ही नहीं चलता था कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, पर अब यह प्रदेश एक्सप्रेसवे के नए संजाल से अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रहा है। *यूपी में अब पहचान का संकट नहीं*सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं के सामने अब पहचान का संकट नहीं है। पांच दिन पूर्व गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में 60 हजार से अधिक युवाओं को पुलिस में नियुक्ति का पत्र दिया गया। इसमें 12045 बेटियों की भर्ती हुई है। आजादी के बाद 2017 तक यूपी पुलिस में सिर्फ दस हजार महिलाओं की भर्ती हुई थी, अब यह संख्या 40 हजार से अधिक हो चुकी है। *पहले भर्ती होती तो वसूली पर निकल जाती चाचा-भतीजा की जोड़ी मुख्यमंत्री ने कहा अब प्रदेश में सरकारी नियुक्तियों पर प्रश्न नहीं होते। अब जाति, क्षेत्र का भेद नहीं होता बल्कि भर्तियां मेरिट के आधार पर और आरक्षण के नियमों के अनुरूप होती हैं। उत्तर प्रदेश अब युवा ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। उन्होंने बिना दो नेताओं का नाम लिए कहा कि पुलिस सहित सरकारी भर्तियां 2017 के पूर्व में होती तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकल गई होती। उन्होंने गृह मंत्री के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि अब यूपी में अब पर्ची-खर्ची के बिना पारदर्शी तरीके से भर्ती होती है।

# गोंडा के तीन युवक इजराइल में फंसे

**घर वालों से वीडियो कॉल पर की बात बंकर में छिपे हैं, मिसाइलों व सायरन की गूंज रही आवाज**

गोंडा, 20 जून (तरुणमित्र)। इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच गोंडा के करनैलगंज तहसील के गांव बरांव के तीन युवक इजराइल में फंसे हुए हैं। ये तीनों युवक वहां की अलग-अलग फैक्ट्रियों में मजदूरी का काम करते हैं। परिवारों का कहना है कि उनको चिंता लगातार बढ़ रही है, लेकिन वीडियो कॉल के जरिए बेटों से बातचीत हो रही है जिससे थोड़ी राहत है। जानकारी के मुताबिक बरांव गांव निवासी अशर्फीलाल का बेटा सोनू करीब 10 महीने पहले इजराइल गया था। वहीं, रामकिशोर के दो बेटे धर्मेंद्र कुमार और सोनू कुमार एक साल और छह महीने पहले वहां काम करने गए थे। तीनों युवक इजराइल की अलग-अलग फैक्ट्रियों में काम करते हैं कोई प्लास्टिक की पैकिंग में, कोई ब्रेड फैक्ट्री में और कोई एल्युमिनियम फैक्ट्री में। सोनू कुमार ने एक वीडियो कॉल में अपने भाई जितेंद्र वर्मा को बताया, रजैसे ही मिसाइल गिरती है, सायरन बजते हैं मिसाइलों की रोशनी आसमान में दिखते ही हम बंकर में छिप जाते हैं। हालांकि इजराइल की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के कारण हम सुरक्षित हैं और हमारा काम भी प्रभावित नहीं हुआ है।ु वीडियो कॉल के दौरान सोनू की दादी अपने नाती को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह देती नजर आईं। सोनू के पिता अशर्फीलाल ने बताया, ह्मेरा बेटा बिल्डिंग लाइन में काम करने गया है। जब भी कोई खतरा होता है, वहां की सरकार काम बंद करवा देती है और सभी लोगों को बंकर में भेज देती है। बंकर में खाना-पानी की व्यवस्था है। जब खतरा टल जाता है, तो कंपनी वाले फिर से बाहर निकालते हैं ।वहीं धर्मेंद्र और सोनू कुमार के भाई जितेंद्र वर्मा ने कहा, रएक भाई मेरी ब्रेड फैक्ट्री में और दूसरा एल्युमिनियम फैक्ट्री में काम करता है। दोनों से बात हो रही है लेकिन डर बना हुआ है। बमबारी हो रही है, मिसाइलें गिर रही हैं लेकिन हमारे भाई सुरक्षित हैं। अगर हालात और बिगड़ते हैं तो भारत सरकार से अनुरोध है कि उन्हें सुरक्षित वापस लाया जाए।वहीं, दोनों युवकों के चाचा राजेंद्र कुमार ने बताया, रएक भतीजा एक साल पहले और दूसरा छह महीने पहले इजराइल गया। युद्ध की स्थिति को लेकर घर में चिंता बनी रहती है। दो दिन से सीधे बात नहीं हो पाई है, ।

# झूठी गवाही से इनकार करना महिला को पड़ा भारी,पति व ससुर ने पीटकर घर से निकाला

कटरा बाजार (गोंडा), 20 जून (तरुणमित्र)। एक महिला को झूठे मुकदमे में गवाही देने से इनकार करना इतना महंगा पड़ गया कि उसे न केवल ससुरालियों के अत्याचारों का सामना करना पड़ा,बल्कि उसे मारपीट कर घर से बाहर भी निकाल दिया गया। यह चौंकाने वाली घटना थाना कौड़िया क्षेत्र के ग्राम चचेरा मदारा की है, जहां की निवासी गुड्डी देवी ने अपने पति, चचेरा ससुर और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मारपीट, धमकी, घरेलू हिंसा और फर्जी केस में फंसाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल को शिकायती पत्र सौंपा है। दिए गए प्रार्थना पत्र में गुड्डी देवी ने बताया कि उनके ससुराल वालों और गांव के ही पड़ोसी लाल बहादुर के बीच खेत की मेढ़ को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा है। 14 मई 2025 को इस विवाद ने तब तूल पकड़ा जब दोनों पक्षों की महिलाओं में मामूली कहासुनी हो गई। इसके बाद चचेरे ससुर हरिराम ने कथित रूप से अपने ही हाथ पर ब्लेड मारकर खुद को घायल कर लिया और घटना को बढ़ा रूप देकर थाना कौड़िया में एक फर्जी एफआईआर दर्ज करवा दी। एफआईआर संख्या 89/2025 में ससुराल पक्ष ने पड़ोसी लाल बहादुर, अवधेश कुमार, अनूप कुमार,व विजय कुमार यादव को आरोपी बनाते हुए उन पर हमला करने का झूठा आरोप लगाया। लेकिन हैरान करने वाली बात यह रही कि इस केस को मजबूत बनाने के लिए गुड्डी देवी से झूठी गवाही देने को मजबूर किया गया। गुड्डी देवी ने कहा कि जब उसने झूठा बयान देने से इनकार कर दिया, तो ससुराल पक्ष ने उस पर मानसिक और शारीरिक रूप से अत्याचार करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि मेरे पति कृष्ण कुमार चचेरा ससुर हरिराम, जेठ फूलचंद, जेठानी अनीता, बच्ची देवी और क्रांति देवी सभी लोग एक राय होकर पड़ोसियों के खिलाफ मुझ पर झूठी गवाही देने का दबाव बना रहे थे और मेरे चचेरे ससुर हरिराम यादव कहने लगे की कौड़िया पुलिस के सामने झूठी गवाही दे दो की पड़ोसियों ने तलवार से मेरे चचेरे ससुर हरिराम के ऊपर हमला किया है। तब मैंने झूठी गवाही देने से मना कर दिया तो मुझे गालियां दी गई, और डंडो से पीटा गया व जान से मारने की धमकी दी गई। और मुझे घर से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता फिलहाल अपने सात साल की बेटी के साथ मायके में शरण लेकर किसी तरह गुजर-बसर कर रही है।

## चीनी मिल चलाने की मांग को लेकर 193वें दिन धरना जारी

देवरिया, 20 जून (तरुणमित्र)। बैतालपुर चीनी मिल चलाने हेतु कलेक्ट्रेट में चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति द्वारा जारी धरना 193 वें दिन जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए समिति के उपाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए देवरिया जिले के आम सभा में बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए चार-चार बार घोषणा किए और आंदोलन के नवें वर्ष भी किसानों की मांग और मुख्यमंत्री की घोषणा दोनों पूरी नहीं हो सकी जिससे किसानों में आक्रोश है। धरने पर समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, शारदानंद यादव, विकास दुबे ,बरकत अली , कृष्णा यादव ,मुन्ना यादव ,जय नाथ, राजू चौहान, सत्य प्रकाश सिंह,कर्मयोगी ,सुदामा यादव इत्यादि मौजूद थे ।

# लापरवाह आंगनबाडी कार्यकत्रियों के रोके गये पोषाहार व मानदेय

संतकबीरनगर, 20 जून (तरुणमित्र)। जिला कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के लाभार्थियों को दिये जाने वाले अनुपूरक पोषाहार में पारदर्शिता लाने यथा पात्र एवं वास्तविक लाभार्थियों को ही अनुपूरक पोषाहार दिये जाने के उद्देश्य से देश भर में पोषण ट्रैकर के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके अनुसार अब 01 जुलाई 2025 से आंगनबाडी केन्द्र के जिन लाभार्थियों का ई-केवाइसी और चेहरा प्रमाणीकरण नहीं होगा तब तक उसको आंगनबाडी केन्द्र पर दिये जाने वाले अनुपूरक पोषाहार का लाभ प्राप्त नहीं होगा।इस सम्बन्ध में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बाल विकास परियोजना हैसर बाजार में 106 आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं बाल विकास परियोजना मेंहदावल की 50 आंगनबाडी कार्यकत्रियों को अबतक ईकेवाईसी एवं फेस रिकाग्नेशन (चेहरा प्रमाणीकरण) का कार्य प्रारम्भ न करने पर कुल 156 आंगनबाडी कार्यकत्रियों का कार्य न किये जाने की दशा में पोषाहार एवं मानदेय रोक दिया गया है। इसके बावजूद भी कार्य न होने पर मानदेय सेवा से पृथक करने के निर्देश भी जारी किये गये है। उच्च स्तर से लगातार इसकी प्रगति की समीक्षा प्रमुख सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ०प्र० शासन, निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ०प्र० लखनऊ एवं जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कबीर नगर के द्वारा की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरानी रंजिश में पट्टीदारों के बीच मारपीट,नौ के खिलाफ केस

गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज), 20 जून (तरुणमित्र)। गुलरिहा क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो में बृहस्पतिवार को खेत में मूंगफली बुवाई के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदार आपस में भीड़ गए। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों चार लोग घायल हो गये । गुलरिहा पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो टोला ढढ़वनवा निवासी पिंटू बृहस्पतिवार को अपने खेत में मूंगफली बोने गए थे, आरोप है कि पट्टीदार छोटेलाल,उसके दोनों बेटे अरविंद व राजेश समेत उमेश तथा गणेश जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडे से मारपीट दिए। वही दूसरे पक्ष के अरविंद प्रजापति का आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर सब पट्टीदार निरहू,सुरेश,दिनेश व पिंटू गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट दिए। जिसमें उसके पिता घायल हो गए। घायल का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। गुलरिहा पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### नीट परीक्षा में सफल संजना ने बढ़ाया मान

कुशीनगर, 20 जून (तरुणमित्र)। उड़ान हौसलों से होती है, पंखों से नहीं। मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। उक्त कहावत पडरौना तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरया के ग्राम प्रधान राजकिशोर सिंह की भतीजी संजना सिंह पुत्री कैलाश सिंह ने चरितार्थ किया है। संजना ने नीट परीक्षा में आल इंडिया स्तर पर 2560 रैंक प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया है संजना की प्राथमिक शिक्षा मिडास जूनियर हाई स्कूल पडरौना, हाई स्कूल एवं बन्नी देवी इंटरमीडिएट कॉलेज पडरौना से प्राप्त किया है और गोरखपुर में रहकर एक वर्ष तक तैयारी की तथा पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है। संजना ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजन को दिया है। संजना की सफलता पर माता उर्मिला देवी, बड़े पिता ग्राम प्रधान राजकिशोर सिंह, बड़ी माता पूर्व प्रधान विमला देवी, चाचा पहवारी सिंह, भाई जयपाल सिंह लेखपाल, ई० मदन पाल सिंह, शिक्षक कृष्ण पाल सिंह, इं देवेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह फर्मासिस्ट आदि सहित क्षेत्र वासियों ने बधाई दी है।

### संचारी रोग पशुपालन विभाग का माइक्रोप्लान तैयार

देवरिया, 20 जून (तरुणमित्र)। जनपद में माह जुलाई में शुरू होने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अरविंद कुमार वैश्य ने सभी विकास खंडो के पशु चिकित्साधिकारियों को पशुपालन विभाग का माइक्रोप्लान तैयार करने हेतु निर्देश दिया है पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी द्वारा विकास खंड बैतालपुर के सुअर पालन करने वाले गांवों के सुअर पालकों का सर्वे कर-के विकास खंड हेतु पशुपालन विभाग का माइक्रोप्लान तैयार किया है, जिसके अनुसार सुअर पालन करने वाले गांवों में सुकर बाड़ों के आसपास दवा छिड़काव एवं जागरूकता अभियान पशुपालन विभाग द्वारा चलाया जाएगा। विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत ग्राम उघोपुर, भगवानपुर चौबे, बलटिकरा, करौंदी,भूडीकाकड़, करंज,छितही बाजार, रनिहवां, जंगल ईमिलिहां, कोईलगड्डहा,तिवई एवं उसरा बाजार में पशु पालन विभाग द्वारा सुअर पालकों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

### स्काउटिंग के विकास व विस्तार में लाएं तेजी-संयुक्त शिक्षा निदेशक

बस्ती , 20 जून (तरुणमित्र)। स्काउटिंग के विकास और विस्तार में लाए तेजी, हम हर सहयोग के लिए तैयार मिलेंगे यह विचार नवागत संयुक्त शिक्षा निदेशक आनन्दकर पांडेय ने उस वक्त व्यक्त किया जब जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश बस्ती के पदाधिकारी उनसे शिष्टाचार मुलाकात करने गये थे, कहा कि जिन विद्यालयों में स्काउटिंग की गतिविधियां संचालित नही हो रही हैं वहाँ भी सबके सहयोग से जल्द ही संचालित करवाया जायेगा, इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट संदीप कुमार, जिला सचिव डॉ कुलदीप सिंह, प्रदेश मंत्री माध्यमिक शिक्षक संघ एवं आजीवन सदस्य भारत स्काउट और गाइड उत्तर जिला अनिल चतुर्वेदी, जया दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

### 24 जून को भावी उद्यमियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

गोण्डा , 20 जून (तरुणमित्र)। जनपद के उद्यम स्थापना / स्वारोजगार हेतु इच्छुक युवकों/युवतियों को आगामी 24 जून को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत सभागार गोण्डा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों के मध्य योजना का प्रस्तुतिकरण करने के साथ-साथ पोर्टल के माध्यम से योजना के प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं कोटेशन तथा प्रस्तोतरी के साथ फीडबैक सत्र भी आयोजित होगा।

# अधिकारियों की मनमानी पर आंदोलन को शिक्षक होंगे बाध्य -चन्द्रिका

बस्ती , 20 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी और बीएसए को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने परिषदीय विद्यालयों को अधिकारियों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से मर्ज करने के प्रयास को रोकने की बात कही। जिलाध्यक्ष ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ व शासन के निर्देश के क्रम में विद्यालय प्रबंध समिति, ग्राम शिक्षा समिति, ग्राम प्रधान तथा अभिभावकों की सहमति के उपरांत ही विद्यालयों का युग्मन किया जाना है परंतु कुछ खण्ड शिक्षाधिकारियों द्वारा विद्यालय के शिक्षकों से ही जबरन सहमति लेते हुए सूची तैयार कराई जा रही है जो शासन के नियमों के विपरीत है। यदि विद्यालय मर्ज आदेश में अधिकारी अपने स्तर से मनमानी करेंगे तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सभी बच्चों को शिक्षा पाने का अधिकार है। मर्जर आदेश लागू होने से बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं इसलिए बच्चों के शिक्षा की सुलभता को देखते हुए सरकार को तत्काल मर्जर आदेश को वापस लेना चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि शासनादेश के मुताबिक युग्मन करने की प्रक्रिया में विद्यालय प्रबंध समिति, ग्राम शिक्षा समिति, ग्राम प्रधान तथा अभिभावकों की सहमति आवश्यक है इसलिए सहमति पत्र प्राप्त होने के बाद ही युग्मन की सूची बनाई जाए। कहा कि बीईओ द्वारा जबरन सहमति लेने से शिक्षकों में असंतोष है।

# योग शिविर व शैक्षिक कार्यशाला ,आतंकवाद उन्मूलन में योग की उपादेयता पर चर्चा

गोरखपुर, 20 जून (तरुणमित्र)। आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृतिभवन सभागार में महायोगी गुरु गोरखनाथ योग संस्थान, श्री गोरखनाथ मंदिर एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित साप्ताहिक योग शिविर एवं शैक्षिक कार्यशाला के षष्ठ दिवस सैद्धांतिक सत्र में ‡आतंकवाद के उन्मूलन में योग की उपादेयताÞ विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में दी. द. उ. गो. वि. वि. गोरखपुर प्रो. द्वारिका नाथ ने कहा कि वर्तमान समय में भारत ही नहीं दुनिया के कई देश आतंकवाद की समस्या से जूझ रहे हैं ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग सप्ताह अत्यंत उपादेय है। उन्होंने कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलने का विज्ञान योग है। योग से तात्पर्य मिलन या जोड़ना। और जब आत्मा का परमात्मा से मिलन हो जाता है तब हमारे जीवन के सारे दुख समाप्त हो जाते हैं। हमें मुक्ति या मोक्ष की प्राप्ति होती है। योग का परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति ही है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का जो तरीका है वह हिंसा है। जबकि योग दर्शन चाहे भगवान पतंजलि का हो, चाहे कृष्ण का हो अथवा गुरु गोरखनाथ जी का हो ये सभी अहिंसा पर बल देते हैं। योग दर्शन में जो अहिंसा का तत्व विद्यमान है वह आतंकवाद के निवारण में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। यदि कहा जाए भारत दुनिया को कोई अन्य उपहार न भी दिया हो तो अकेले योग इसके लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के दो मुख्य आधार हैं जिनमें मुख्य है शक्ति सिद्धांत। आतंकवाद शक्ति पर आधारित है। शक्ति द्वारा लोगों के बीच भय व आतंक उत्पन्न करता है। और दूसरी पद्धति में साधन को विशेष महत्व नहीं दिया जाता बल्कि उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, किसी भी साधन का प्रयोग कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि दुनिया के अनेकों देशों में आतंकवाद फैला हुआ है। संकीर्ण या आपराधिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक देश दूसरे देश में आतंकी गतिविधि का प्रसार कर रहे हैं। यह भयावह परिस्थिति विश्व पटल पर बनी हुई है।उन्होंने कहा कि भारतीय योग विद्या व्यक्ति को आत्म-जागरूकता और आत्म-नियंत्रण की क्षमता प्रदान करती है, जिससे व्यक्ति तथा समाज अपने विचारों और भावनाओं को नियंत्रित कर सकता है और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने से बच सकता है।उन्होंने कहा कि योग द्वारा सामुदायिक एकता और सौहार्द को बढ़ावा मिलता है, जिससे विभिन्न समुदायों के लोगों के बीच समझ व सहयोग बढ़ाकर आतंकवाद का उन्मूलन संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गोरखनाथ मन्दिर के प्रधान पुजारी पूज्य योगी कमलनाथ जी ने की।



# पुलिस की मौजूदगी में यूरिया खाद का वितरण

धानेपुर (गोंडा), 20 जून (तरुणमित्र)। जनपद के मुजेहना ब्लॉक की साधन सहकारी समिति के गोदाम पर यूरिया खाद को लेकर किसानों की भारी भीड़ जुटी। गोदाम में 700 बोरी यूरिया खाद पहुंचने के बाद सैकड़ों किसान वहां एकत्र हो गए। शुक्रवार को भारी भीड़ देखकर गोदाम के सचिव और वितरक मौके से चले गए। इससे नाराज किसानों ने खाद वितरण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। शुक्रवार सुबह 8 बजे से फिर किसान गोदाम पर जमा होने लगे। घंटों के इंतजार के बाद सचिव और वितरक ने पहुंचकर खाद वितरण शुरू किया। इस दौरान सचिव से किसानों की तीखी बहस भी हुई। वितरण शांतिपूर्ण रहे, इसके लिए धानेपुर पुलिस मौके पर तैनात रही। समिति सचिव राम भवन ने बताया कि पुलिस सुरक्षा में खाद का वितरण किया जा रहा है। किसान विक्रम प्रसाद, राम करन, शेषराम, चंद्रिका, बलिकरन और नंदलाल ने बताया कि दो दिन के प्रयास के बाद उन्हें खाद मिल पाई है।

### बगैर नाली बने ही चार माह पूर्व करा लिया भुगतान

गोंडा, 20 जून (तरुणमित्र)। जनपद के इटियाथोक विकास खंड के अधिकारी सरकारी धन के बंदरबाट पर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं। भ्रष्टाचारी इतने निरंकुश हो गए हैं कि बिना काम कराये ही सरकारी पैसों का भुगतान करा रहे हैं। मामला विकास खंड इटियाथोक के ग्राम पंचायत गनवरिया का है। जहां विगत चार माह बीस दिन पूर्व नाली निर्माण के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान करा लिया गया है। उक्त ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में रामा पासी के घर सेभुगतान ग्राम निधि से किया गया है।समिति अध्यक्ष अच्युतानंद मिश्रा ने बताया कि वे स्वयं मौजूद रहकर किसानों को खाद उपलब्ध करा रहे हैं। किसी तरह का विवाद न हो, इसलिए धानेपुर पुलिस वितरण के दौरान गोदाम पर मौजूद रही।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म अभियुक्त को अर्थदण्ड की सजा

बलरामपुर, 20 जून (तरुणमित्र)। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा एक माह में सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में वादिनी की तहरीरी सूचना के आधार पर दिनांक- 03.10.2019 को थाना पचपेड़वा पर मु0अ0स0- 177/19 धारा 354ख भा0द0वि0 व धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम तिवारी पुत्र मंगरे चौहान नि0 करहिया थाना पचपेड़वा बलरामपुर पंजीकृत हुआ जिसके अभियोग की विवेचना उ0नि0 राम कृपाल वर्मा द्वारा की गयी तथा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग के विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार शुक्ला, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी ओम प्रकाश चौहान, एवं थाना पचपेड़वा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त तिवारी पुत्र मंगरे चौहान उपरोक्त को न्यायालय अस्ज/स्पे0 जज पाक्सो कोर्ट बलरामपुर द्वारा धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट के अपराध में 03 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रु0 का अर्थदण्ड की सजा की सजा सुनाई गई।

# फर्जी सेजरा में जिंदा व्यक्ति को मृत दिखाने का गंभीर आरोप,पीड़ित ने एसडीएम से लगाई गुहार

कर्नलगंज (गोंडा), 20 जून (तरुणमित्र)। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुड़ियांव निवासी भगौती पुत्र राम गुलाम ने उपजिलाधिकारी/परगनाधिकारी कर्नलगंज को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर ग्राम प्रधान पर फर्जी सेजरा तैयार करने का गंभीर आरोप लगाया है,जिसमें उन्हें जीवित होने के बावजूद मृत दिखाया गया है। इस हेराफेरी से उनकी जमीन और कानूनी अधिकारों पर खतरा मंडरा रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से सेजरा खानदान की जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। भगौती ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि मुन्नी देवी बनाम नारायण धारा 34 उत्तर प्रदेश वाद सं० अधिनियम के तहत ग्राम कुड़ियांव, परगना गवारिच, तहसील करनैलगंज, जिला गोंडा में दर्ज सेजरा खान में गलत तथ्य दर्शाए गए हैं। उनके अनुसार, ग्राम प्रधान ने जानबूझकर सेजरा खानदान में हेराफेरी की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह फर्जीवाड़ा उनकी संपत्ति और विरासत को हड़पने की साजिश का हिस्सा हो सकता है। भगौती ने बताया कि इस गलत सेजरा के कारण उनके परिवार को आर्थिक और सामाजिक नुकसान उठाना पड़ रहा है प्रार्थना पत्र में भगौती ने उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि सेजरा खानदान का सत्यापन कराया जाए और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मामले ने ग्राम कुड़ियांव में हड़कंप मचा दिया है और स्थानीय लोग भी इस फर्जीवाड़े की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी कार्यालय ने प्रार्थना पत्र प्राप्त होने की पुष्टि की है और मामले की प्रारंभिक जांच शुरू करने का आश्वासन दिया है।यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड में हेराफेरी की गंभीर समस्या को उजागर करती है।

# करंट के चपेट में आने से पिता पुत्री की मौत व मां गंभीर

गोंडा , 20 जून (तरुणमित्र)। बिजली की करंट के चपेट में आने से पिता पुत्री की मौत हो गई। इस दौरान मां गंभीर गंभीर रूप से घायल हो गई। टुल्लू पंप में करंट उतरने के चलते हादसा हुआ।मेडिकल कॉलेज में मां का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खैरा गांव के मजरे खेरी में टुल्लू पम्प में करंट उतरने से पिता पुत्री हादसे के शिकार हो गए, बचाव के लिए दौड़कर आई मां भी झुलसकर घायल हो गई। जिसे गोंडा से रेफर कर दिया गया है।बताया जाता है कि 50 वर्षीय लक्ष्मी शंकर की 22 वर्षीय विवाहित बेटी डॉली भोजन करने से पहले ताजा पानी निकालने के लिए टुल्लू ऑन की थी, जैसे ही वह पानी के पास पहुंची, उसकी चीख निकल पड़ी। टुल्लू पम्प में करंट होने के कारण पानी में फैल चुका था। करंट लगते ही डॉली की आवाज सुनकर पिता लक्ष्मी शंकर दौड़ पड़े। तुरंत वह भी करंट के चपेट में आ गए। बेटी की आवाज के बाद पति की आवाज सुनकर पत्नी भी बचाव में दौड़ पड़ी। जिससे करंट का झटका लगते ही वह दूर जा गिरी।हादसा होते ही परिवार में कोहराम मच गया। आस-पास के लोगों ने लाइट काट कर पिता पुत्री और मां के स्थिति का जायजा लिया , तो पिता पुत्री की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। मां को गंभीर चोट आई, जिसे इलाज के लिए तत्काल गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां से महिला को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पिता पुत्री की एक साथ हुई मौत से परिजनों व गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी जब बेटी के ससुराल पहुंची, तो वह साथ दोनों घरों में मातम फैल गया।मामले पर नगर कोतवाल ने बताया कि रात में घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर पिता पुत्री के शव पंचायत नामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लिया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस व कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक आयोजित

संतकबीरनगर, 20 जून (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ, आयुक्त संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, तहसील दिवस संदर्भ सहित अन्य संदर्भों एवं लम्बित शिकायतों/प्रकरणों एवं सीएम डैशबोर्ड के आधार पर योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण आइ0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर अवश्य निस्तारित कर दें, जिससे कोई भी संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाए। संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारीगण नियमित तौर पर पोर्टल पर संदर्भों को प्राप्त होते ही निस्तारित करने की दिशा में कार्यवाही प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में प्राप्त जो भी प्रार्थना पत्र आते हैं उसे अधिकारीगण आवश्यकतानुसार संबंधित विभागीय अधिकारी से संपर्क कर तत्काल निस्तारित कराना सुनिश्चित करेंगे।जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो एवं जनसामान्य के शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारीगण आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे।जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान आबकारी, व्यापार कर, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने लक्षित राजस्व देयों की वसूली में सुधार लाते हुये समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश, अपर उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण कुमार, उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ0 सुनील कुमार, तहसीलदार खलीलाबाद आनंद कुमार ओझा तहसीलदार मेहदावल अल्पिका वर्मा तहसीलदार धनघटा योगेंद्र कुमार पांडेय, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अजय दीक्षित, ए0आरटीओ प्रियंवदा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, जिला बांट माप अधिकारी वीपी वर्मा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र सहित राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



## भाजपा नेता ने बतायी सरकार की उपलब्धियां

त्रिवेदीगंज/बाराबंकी, 20 जून (तरुणमित्र)। सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं के 11 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर आज भाजपा नेता सुनील सिंह ने शक्तिकेंद्र त्रिवेदीगंज के ग्राम बिजौली में शक्ति केंद्र स्तरीय चौपाल में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं श्री सिंह ने संबोधित करते हुए देश व प्रदेश में भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा किया व भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं, ग्रामवासियों व मातृशक्तियों शीश झुकाकर प्रणाम निवेदित करते हुए ह्रदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि अतुल सिंह रावत, प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डू, वरिष्ठ भाजपा नेता बचान।

# पीडीए की एकता भाजपा सरकार को करेगी सत्ता से बेदखलः डा. सिंह



ललितपुर, 20 जून (तरूणमित्र)।। समाजवादी पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को मासिक बैठक जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि स्नातक विधायक डॉ मान सिंह यादव व समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव रईश अहमद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संचालन जिला सचिव प्रमोद इमलिया ने किया। इस दौरान पीडीए पंचायत को अनवरत रूप में जारी रखने एवं स्नातक मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में बढ़ाए जाने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, मुख्य अतिथि स्नातक विधायक डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण समाप्त करना चाहती है। साथ ही पीडीए वर्गों को सरकारी नौकरियों से वंचित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 2027 में सपा की सरकार बनना जरूरी है। इस मौके पर जिला महासचिव डॉ शिशुपाल सिंह लोधी, शिक्षक सभा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विजय सिंह यादव, अनूसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, मोहम्मद अनवर खान, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष परवेज पठान, हरी सिंह यादव जिजयावन, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष आकिब मंसूरी, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, राजेश पठारी आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार अमित श्रीवास्तव की पहली पुण्यतिथि मनाई



○ हर वर्ग ने दी उपस्थित हो दी श्रद्धांजलि, विचार गोष्ठी भी हुई

झाँसी, 20 जून (तरूणमित्र)। वरिष्ठ पत्रकार व आजतक के पूर्व संवाददाता अमित श्रीवास्तव की पहली पुण्यतिथि पर राजकीय संग्रहालय में 'हमारा समाज और आज की पत्रकारिता' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वक़्ताओं ने स्व. अमित श्रीवास्तव को पुष्पांजलि समर्पित करते हुए उनकी निर्भीकता, सक्रियता और खबरों को कहने के मामले में अभूतपूर्व क्षमता व साहस का धनी बताया। राजकीय संग्रहालय में आयोजित भावांजलि समारोह में तमाम राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारी तथा व्यापारी नेताओं के अलावा पत्रकारों ने भी बड़ी संख्या में शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष तनवीर आलम, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सीताराम कुशवाहा, संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक व अध्यक्ष संदीप सरावगी, संतराम पेंटर, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष तथा कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय पटवारी, जिला शासकीय अधिवक्ता मृदुल कांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता हरिओम सक्सेना, संजय राष्ट्रवादी, मनमोहन मनु, सुदर्शन शिवहरे, वरिष्ठ पत्रकार रघुवीर शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, धर्मेंद्र साहू, रिपुसूदन नामदेव, डीडी न्यूज के विकास शर्मा, मनोज रेजा, वरिष्ठ समाजसेवी मनमोहन गेडा, मुकेश अग्रवाल, अंबिका श्रीवास्तव, बुंदेली लोक कला संस्थान की अध्यक्ष राधा प्रजापति, नगर निगम की उपसभापति प्रियंका साहू, सोनिया पांडेय, रजनी गुप्ता, दिनेश भार्गव, मनीष श्रीवास्तव, आरिफ खान, अंकित चौधरी, यश ठाकुर, शहजाद खान, रानू साहू, नीरज साहू, नंदकिशोर, कुलदीप अवस्थी, रवि वर्मा, अजय झा, धीरज श्रीवास्तव, श्याम रैकवार आदि ने विचार व्यक्त किये। राजेश खरे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आजादपुरा में सफाई कार्य हुआ, नपा ने नाली निर्माण का दिया आश्वासन



ललितपुर, 20 जून (तरूणमित्र)। नगर पालिका ने वार्ड नंबर 12 में उफना रही नालियों और गंदगी का सफाई कार्य शुरू कराया। ईओ दिनेश विश्वकर्मा के निर्देश पर नपा की टीम ने वार्डवासियों को आश्वासन दिया कि आने वाले 7 दिनों में समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा और जहां नाली निर्माण की आवश्यकता है, वहां निर्माण कार्य कराया जाएगा। बता दें कि यहां गंदगी और जलभराव को लेकर द्वदैनिक तरुणमित्र ने खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। हालांकि नगर पालिका की कार्यवाही के बाद भी स्थानीय निवासी पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आए। उनका कहना है कि यह केवल एक औपचारिकता है और पहले भी कई बार इसी तरह की सफाई दिखावटी रूप में कराई गई लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। लोगों ने मांग की कि केवल सफाई से नहीं बल्कि नालियों के सही तरीके से निर्माण और जल निकासी की ठोस व्यवस्था से ही राहत मिल सकती है।

# 39 स्थानों पर जल्द लगेंगे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

झांसी, 20 जून (तरूणमित्र)। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत जनपद के 39 परिषदीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य सरकारी भवनों पर जल्द ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का काम शुरू होगा। इससे पहले 32 स्थानों पर सिस्टम स्थापित करने का काम चल रहा है और कुल 71 स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया जाना है।

आंगनबाड़ी केंद्र मुस्तरा, आंगनबाड़ी केंद्र लकारा, एएनएम सेंटर हस्तिनापुर, एएनएम सेंटर घुघुआ, पंचायत भवन घुघुआ, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुस्तरा, एएनएम सेंटर मडोरा, आंगनबाड़ी केंद्र गोरामछिया, कम्युनिटी सेंटर बनगुआ, आंगनबाड़ी केंद्र बनगुआ, प्राइमरी स्कूल गढ़मऊ, प्राइमरी स्कूल बावल, आंगनबाड़ी केंद्र बावलटाडा, आंगनबाड़ी केंद्र मथनपुरा, जूनियर हाई स्कूल साकिन, जूनियर हाई स्कूल लोहागढ़, जूनियर हाई स्कूल धींगपुरा, प्राइमरी स्कूल धींगपुरा, जूनियर हाई स्कूल ऐरा, जूनियर हाई स्कूल सेसा, प्राइमरी स्कूल मडोरकला, जूनियर हाई स्कूल मडोरकला, जूनियर हाई स्कूल महाराजगंज ढेरी, प्राइमरी स्कूल महाराजगंज ढेरी, जूनियर हाई स्कूल इमलिया स्टेट, जूनियर हाई स्कूल लखावटी, अपर प्राइमरी स्कूल मवई गिर्द, अपर प्राइमरी स्कूल मैलोनी, प्राइमरी स्कूल अक्सेव, प्राइमरी स्कूल देवरीघाट, अपर प्राइमरी स्कूल तेंदौल, एएनएम सेंटर बनगुआ, एएनएम सेंटर बिरगवां, प्राइमरी स्कूल पहलगांव, प्राइमरी स्कूल तिलैथा कला, प्राइमरी स्कूल बिरगुवां, प्राइमरी स्कूल पुरनिया, पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिलैथा कला और अपर प्राइमरी स्कूल मथुरापुरा में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया जाना है।

# टिकट चेकिंग में 106 रेलयात्री बिना टिकट पकड़े गए

झांसी, 20 जून (तरूणमित्र)। झाँसी मंडल के झाँसी-मऊरानीपुर रेलखंड पर बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम एवं रेल यात्रा को अधिक अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु एक वृहद स्तर का टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस विशेष जांच अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं रेल सुरक्षा बल की टीमों द्वारा रेलखंड पर ट्रेन की गहनता से जांच की गई। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने जैसे मामलों में 77 यात्री पकड़े गए यात्रियों से नियमानुसार रु. 21430/- जुर्माना स्वरुप रेल राजस्व वसूल किया गया। इस दौरान विशेष तौर पर झाँसी-बांदा मेमू तथा प्रयागराज ग्वालियर पैसेंजर की सघनता से टिकट जांच की गयी कपैसेंजर गाड़ियों में जांच के दौरान रु.21000/- की राजस्व वसूली एक बड़ी राजस्व वसूली का उदाहरण है। अभियान की सफलता में मुख्य टिकट जांच निरीक्षक अमरेश कुमार तिवारी एवं अरुण प्रताप सहित रेल सुरक्षा बल कर्मी बलबीर सिंह एवं आर एन पाण्डेय द्वारा विशेष योगदान दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## रेलवे ने 37 लाख कीमत के खोए मोबाइल मालिकों को लौटाए

झांसी, 20 जून (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक रेलवे कार्यालय में आयोजित मोबाइल वितरण कार्यक्रम में कई लोगों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई, जब रेलवे पुलिस ने उन मोबाइल फोन की वापसी की, जो विभिन्न कारणों से खो गए थे, तब उपस्थित लोगों के चेहरे पर मुस्कान छा गई।

पुलिस अधीक्षक रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि टीम ने शिकायतकर्ताओं के मोबाइल तलाश करने के हर संभव प्रयास किए गए और कुल 310 मोबाइल, जिनकी कीमत 37 लाख रुपये आँकी गई, ट्रेस कर बरामद किए। उन्हीं मोबाइल को शुक्रवार को उनके मालिकों को लौटाया गया। अपने खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर मोबाइल लेने आए फरियादियों के चेहरों पर खुशी की लहर देखी गई। उक्त सराहनीय कार्य में एसपी रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा सर्विलांस सेल प्रभारी अखिलेश कुमार, आरक्षी रामचंद्र प्रसाद, दिनेश कुन्तल, हीरा सिंह यादव व क्राइम ब्रांच टीम की प्रशंसा करते हुए पुरुस्कृत करने की घोषणा की है। इस अवसर पर सीओ जीआरपी सोहराम आलम मौजूद रहे।

## पुलिस की नौकरी जॉब नहीं, बल्कि लोगों की सेवा है : एसपी



ललितपुर, 20 जून (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में प्रदेश की पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। जेटीसी प्रशिक्षण के लिये आये रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ किया। ब्रीफिंग के दौरान आरक्षियों को ट्रेनिंग की बेसिक जानकारी देते हुए अनुशासन, अच्छा आचरण, सोशल मीडिया पॉलिसी आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। एसपी ने कहा कि अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के दौरान दी जाने वाली बेहतर मूलभूत सुविधाये प्रदान करने के सम्बन्ध में पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ट्रेनिंग के दौरान अभ्यर्थियों को आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को लेकर आवश्यक जानकारी दी। ट्रेनिंग के दौरान दैनिक दिनचर्या के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## राशन कार्ड धारक तीस जून तक केवाईसी कराएं अपडेट: उमेश मिश्रा

ललितपुर, 20 जून (तरूणमित्र)। राशन कार्ड धारक इस माह की तीस तारीख तक प्रत्येक उपभोक्ता अपने निकटवर्ती उचित दर विक्रेता दुकानों पर पहुंच कर केवाईसी अपडेट करा लें, अन्यथा की स्थिति में उन्हें खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि केवाईसी अपडेट का कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन कई राशनकार्ड धारक ऐसे हैं, जो शहर के बाहर रहकर कार्य करते हैं या फिर किन्हीं कारणोंवश उचित दर विक्रेता की दुकान पर जाकर अपना केवाईसी अपडेट नहीं करा रहे हैं। ऐसे राशन कार्ड धारकों से उन्होंने आह्वान किया कि जो लोग ललितपुर से बाहर रहकर कार्य करते हैं, वह वहां रहकर भी पास की किसी भी उचित दर विक्रेता की दुकान पर जाकर अपना केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। इसके अलावा जो लोग किन्हीं कारणों वश अपना केवाईसी अपडेट नहीं करा रहे हैं, वह जुलाई माह से खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 75 मॉडल शॉप का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था, जिनमें से करीब 65 मॉडल शॉप का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इनमें कई दुकानों को मॉडल शॉप में स्थानान्तरण भी कराकर संचालित कराया जा रहा है। इसके अलावा शेष मॉडल शॉप का भी कार्य तेजी से प्रगति पर चल रहा है।

## वन स्टॉप सेंटर का विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया निरीक्षण

चित्रकूट, 20 जून (तरूणमित्र)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वर्णिका शुक्ला सचिव ने वन स्टाप सेण्टर गढीवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में अनुरक्षित स्टाक रजिस्टर व निकासी रजिस्टर का अवलोकन किया। दोनों रजिस्टर में प्रवृष्टियां अपूर्ण पायी गयी। संस्था प्रभारी को निर्देशित किया कि रजिस्टरों में प्रवृष्टियां अविलम्ब पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। संस्था प्रभारी ने बताया कि वन स्टॉप सेण्टर में पांच बालिकाओं के रहने की जगह है। दौरान निरीक्षण संस्था में तीन बालिकायें पंजीकृत हैं, तीनों बालिकाएं संस्था निरीक्षण के समय उपस्थित पायी गयी। इस अवसर पर चुन्नूराम कम्प्यूटर आपरेटर, विज्ञानचन्द्र गार्ड, उपासना अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

# मोदी का कार्यकाल देशवासियों के परिश्रम व त्याग का परिणाम : पाल



❑ आपरेशन सिन्दूर संकल्प, साहस व बदलते भारत की तस्वीर
❑ वादों पर नहीं वल्कि प्रदर्शन की संस्कृति पर टिकी है तस्वीर

बांदा, 20 जून (तरूणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यमंत्री इलेक्ट्रोनिक तथा सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग अजीत सिंह पाल ने कहा कि मोदी जी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प सिद्धि का स्वर्णिम काल है बीते 11 वर्ष कि यह यात्रा मोदी जी ने अकेले नहीं वल्कि खुद को तपाकर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम , त्याग और सपनों को परवाज देते हुए की है स वर्ष 2014 के पहले भारत में भ्रष्टाचार , घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थीं लेकिन लेकिन अब विकास , अविष्कार और नवाचार की बातें हो रहीं हैं स पहले सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नहीं पहुँचते थे विचोलिये खा जाते थे लेकिन अब सीधे जनता के खाते में पैसे पहुँच रहे हैं।

पहले इलाज के लिए सोचना पड़ता था लेकिन अब आयुष्मान भारत योजना से अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है स पहले हम दुनिया की अस्थिर अर्थव्यवस्था में आते थे लेकिन आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है स पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि विकसित भारत के अमृतकाल के 11 वर्ष पूरे हो गए हैं जब दुनिया में आप्रेशन सिन्दूर का डंका बज रहा है स आपरेशन सिन्दूर एक सैन्य मिशन नहीं वल्कि यह हमारे संकल्प , साहस और बदलते भारत कि तस्वीर है स भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है स मोदी का सपना है कि भारत का गरीब सिर्फ आंकड़ों में न हो वल्कि नीति निर्माण का केंद्र बने स सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि जब से देश में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है तब से घोटालों का अँधेरा दूर हुआ है और सुशासन का प्रकाश फैल रहा है स 11 वर्ष हमारी महान संस्कृति के पुनरुद्धार और धार्मिक जागरण के रहे हैं स प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा , सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल देखने को मिलते हैं स मोदी है तो मुमकिन है - सिर्फ नारा नहीं वल्कि एक जमीनी सच्चाई है स अब राजनीति वादों कि नहीं वल्कि प्रदर्शन की संस्कृति पर टिकी है स अंत में कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया स कार्यक्रम में नरैनी विधायक ओम मणि वर्मा , पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव , लवलेश सिंह , अशोक त्रिपाठी जीतू , अखिलेश नाथ दीक्षित, विवेकानंद गुप्ता, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, ममता मिश्रा, प्रेम स्वरुप द्विवेदी, मनोज पुरवार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, पंकज रायकवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, अमित सेठ भोलू, दुर्गा प्रसाद चौरसिया, संतोष नायक, संतोष राजपूत, लखन राजपूत, अनिल प्रजापति सहित सभी मण्डल अध्यक्ष मण्डल प्रभारी, शिक्षक, चिकित्सक व व्यापारी मौजूद रहे।

# नौकरी के नाम पर चार लाख रुपये ठगी मामले में पलटी महिला

ललितपुर, 20 जून (तरूणमित्र)। संयुक्त आयुष विभाग, दैलवारा ललितपुर में नर्सिंग की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया था, जिसमें महिला ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उससे चार लाख रुपये की ठगी की गई। महिला ने यह आरोप हंशराज कंपनी (वर्तमान में हार्ड कंपनी) के मालिक विशाल भारद्वाज और इमरान मलिक पर लगाया था। हालांकि, इस मामले में नया मोड़ उस समय आया जब वही महिला जिसने पहले ठगी का आरोप लगाया था, अब अपने ही बयानों से पलट गई है। महिला ने मीडिया को कटघरे में खड़ा करते हुए यह कहा कि उसने जो कहा और जो बयान दिए वो मीडिया के दबाव में दिए।

# हरदौल मंदिर से चोरी घंटा बरामद करने की मांग

झांसी, 20 जून (तरूणमित्र)। थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अत्यन्त प्राचीन श्री लाला हरदौल मंदिर से 14/15 जून की रात्रि करीब 1:25 बजे अज्ञात चोर द्वारा पीतल के चार घंटे चोरी की वारदात का खुलासा किए जाने की मांग श्री लाला हरदौल कुशवाहा समाज वैलफेयर सोसायटी अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने डीआईजी व एसएसपी से की है।

उच्चाधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि प्राचीन श्री लाला हरदौल मंदिर से घंटे चोरी के मामले में 15 जून को थाना कोतवाली में शिकायत के बाद भी आज तक चोर की गिरफ्तारी व घंटो की बरामदगी नहीं की जा सकी है, जबकि उक्त वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। जिससे श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त है। धार्मिक भावनाओं को देखते हुये अति शीघ्र वारदात का खुलासा कर चोरी पीतल के घंटों की बरामदी कराये जाने की मांग सोसायटी अध्यक्ष महेश कुशवाहा, मंत्री जानकी प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष, संरक्षक गौरी शंकर कुशवाहा व पुजारी कैलाश आदि ने की है।

# ई-ऑफिस प्रणाली पर पत्राचार करें अधिकारीः सीडीओ



चित्रकूट, 20 जून (तरूणमित्र)। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स की बैठक नीति आयोग सभागार विकास भवन में सम्पन्न हुई।

सीडीओ ने बीएसए बीके शर्मा से कहा कि सभी पत्राचार ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाए इसी प्रकार सभी विभाग भी ई-ऑफिस के माध्यम से पत्रावली तथा पत्राचार भेजे। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिन विद्यालयों पर जिन पैरामीटर्स में कार्य अभी शेष है उनको खंड विकास अधिकारी पूरा कराएं उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों तथा खंड विकास अधिकारियों से कहा कि बैठक करके जिन विद्यालयों पर 19 पैरामीटर्स के कायाकल्प के अंतर्गत क्या कार्य कराया जाना है और क्या कार्य नहीं हो सकते हैं उनको चिन्हित करके कार्य योजना 25 जून तक उपलब्ध कराये। अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण जो कराए जा रहे हैं उनका तकनीकी जांच भी कराई जाए मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के निर्माण कार्य को तेजी से कराया जाए। उन्होंने जिला स्तरीय तथा ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों का निरीक्षण अवश्य करें अधिशासी अधिकारी मऊ को निर्देश दिए कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का कार्य जो अवशेष है उसे पूर्ण कराया जाए।

**कम प्रगति वाले विभागो को भेजे नोटिस**

चित्रकूट। जिला पर्यावरण समिति की बैठक मे सीडीओ ने कहा कि जिन विभागों ने वित्तीय वर्ष 2024 में पौधरोपण किया है और जियो टैगिंग अभी तक नहीं कराया है वह तत्काल करा दे। उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व से कहा कि जिन विभागों द्वारा प्रगति नहीं कराई जा रही है उनको नोटिस जारी कराया जाए। ग्राम पंचायतों के नजदीकी नर्सरी से पौधों के उठान कराने की व्यवस्था करे।

# जलजीवन मिशन: हर घर में पेयजल की उपलब्धता हो सुनिश्चित: जिलाधिकारी



○ योजना में खोदी गई सड़कों के सुधार के निर्देश

झाँसी, 20 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि गाँवों में योजना अंतर्गत छोटी-छोटी कमियों को जल्द से जल्द दूर किया जाए ताकि पेयजल की उपलब्धता घर-घर सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि योजना में सभी को शुद्ध पानी मिले, कोई भी शुद्ध पेयजल से वंचित न रहे।

उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निमार्णाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए पेयजल समस्या से प्रभावित ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभागार में स्काडा ऑटोमिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन की साइट पर जल वितरण की लाइव स्क्रीनिंग को देखा। उन्होंने योजना में पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गई सड़कों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जहाँ-जहाँ जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों को कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पुनर्स्थापित किया है, उनका सत्यापन करते हुए गुणवत्ता की जांच करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने पारीछा बाँध, बढ़वार झील, माताटीला बाँध, सपरार बाँध, एरच बांध, लहचुरा बांध एंव पहाड़ी बाँध में आरक्षित पानी की उपलब्धता जानकारी ली। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे योगेन्द्र कुमार, डीडीओ सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम रणविजय सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय मुकेश पाल, ऐई लोक निर्माण विभाग संदीप शर्मा, सहायक अभियंता जलनिगम नितेश प्रताप सिंह सहित सभी कार्यदाई संस्थाएं व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने पुलिसकर्मियो के साथ किया योग



चित्रकूट, 20 जून (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक ने कान्हा सभागार में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। योगाचार्य जितेन्द्र प्रताप सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर योग विभाग द्वारा कराये जा रहे योग अभ्यास में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ सम्मिलित होकर योगभ्यास किया। उन्होने कहा कि योग हमारे प्राचीन ज्ञान और संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो आज वैश्विक स्तर पर सम्मानित हो चुका है। हमें गर्व होना चाहिए कि भारत से उत्पन्न इस विधा ने पूरे विश्व को स्वास्थ्य और आत्मबल का मार्ग दिखाया है। आने वाली पीढ़ियों को योग की इस धरोहर से जोड़ना हमारा कर्तव्य है। योग न केवल हमें शारीरिक रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि यह हमारे भीतर अनुशासन, आत्मसंयम और मानसिक स्थिरता का विकास करता है। आधुनिक जीवन में मानसिक शांति की जो आवश्यकता है, वह योग से ही संभव है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण उपस्थित रहे।

## दुष्कर्मी को पुलिस ने दबोचा

चित्रकूट, 20 जून (तरूणमित्र)।कोतवाली कर्वी पुलिस ने नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी उनि राजेस कुमार चैरसिया, आरक्षी आषीष कुमार ने नरेन्द्र कुमार कोरी पुत्र श्रवण कोरी निवासी चित्रागोकुलपुर को दबोचा है।

## पांच लीटर शराब पकडी

चित्रकूट, 20 जून (तरूणमित्र)।थाना सरधुवा उनि अजहर जमाल, आरक्षी नागेष गुप्ता ने अभियुक्त मोतीलाल निषाद पुत्र रामस्वरूप निवासी सुरवल को पांच लीटर देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।


# कार्यालयः नगर निगम, झांसी

पत्रांक :- 838 / जनकार्य वि० / न0नि0 / 2024-25 दिनांकः-20-06-2025

हरित झांसी स्वच्छ झांसी

ई-निविदा सूचना
(निविदा/आर0एफ0पी सूचना)

निर्माण कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक आइटमवार दरें / प्रतिशत आधार दरों पर ई-निविदा पद्धति से ई-टेण्डरिंग की बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शैड्यूल के अनुसार सी०एम०-ग्रिड योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो की डी०पी०आर०/ ड्राइंग इत्यादि के कार्य कराये जाने हेतु वास्तुवितद (कन्सलटेण्ड) चयन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रतिभूति की धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि http://jnnjhansi.procure247.com बेवसाइट के माध्यम से आनॅलाइन जमा की जायेगी :-

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1- | Date &Time of Downloading bid Documents. | 23.06.2025 15.00 PM | - |
| 2- | Last Date of sending queries/clarifications. | 06.07.2025 15:00 PM | - |
| 3- | Date of Pre-Bid Meeting. | 30.06.2025 15:00 PM | - |
| 4- | Bid Document Submission End Date and Time. | 08.07.2025 15:00 PM | 08.07.2025 15:00 PM |
| 5- | Technical Bid Opening Date & Time. | 08.07.2025 15:30 PM | 08.07.2025 15:30 PM |

नोट- 1. कार्यों से सम्बन्धित निविदा सूचना एवं शर्तें नगर निगम, झाँसी की बेवसाइट www.jnnjhansi.com में देखी जा सकती है।
2. निविदादाता को बेवसाइट http://etender.up.nic.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण न होने पर निविदा डालना सम्भव नहीं होगा।
3. ई-निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को बेवसाईट पर अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।
4. निविदादाता को निविदा डबल बिड सिस्टम के आधार पर (तकनीकी एवं वित्तीय) पृथक-पृथक देना अनिवार्य होगा।
5. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा।

मुख्य अभियन्ता
झाँसी नगर निगम, झाँसी

नगर आयुक्त
झांसी नगर निगम, झांसी

# अवैध व पक्के अतिक्रमण किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

## नगर प्रशासन के नेतृत्व में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

जालौन/उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नालों की गहराई तक सफाई कराने का निर्णय लिया है। लेकिन नालों के ऊपर बड़े पैमाने पर पक्के अतिक्रमण होने की वजह से सफाई कार्य में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए नगर प्रशासन ने एसडीएम विनय मौर्य और नगर पालिका ईओ सुशील कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज कर दिया है।

शुक्रवार को अभियान का दूसरा दिन था, जिसमें नगर के तकिया मैदान से लेकर छत्रसाल रोड तक की मुख्य मार्गा के बगल में बने पक्के अतिक्रमणों को जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से ध्वस्त किया गया।



यह कार्रवाई सुबह से शुरू होकर देर शाम तक चलती रही।

कई स्थानों पर दुकानों के छज्जे, स्लैब और नालों के ऊपर डाले गए पक्के लिंटर को हटाया गया ताकि नाले की सफाई नीचे तक पूरी तरह की जा सके। अतिक्रमण हटाने के साथ ही जेसीबी मशीनों की मदद से नालों की तलहटी तक सफाई की गई। वर्षों से साफ न होने की वजह से इन नालों में कीचड़, प्लास्टिक, गंदगी, घरेलू कचरा और निर्माण सामग्री जमा हो चुकी थी, जिससे नालों का जल प्रवाह बाधित हो गया था। अभियान का निरीक्षण कर रहे एसडीएम विनय मौर्य ने कहा कि नालों के ऊपर अवैध और पक्के अतिक्रमण किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण न केवल नगर की सौंदर्यता को बिगाड़ते हैं, बल्कि जन स्वास्थ्य और मानसून के समय जन जीवन को प्रभावित करते हैं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि नालों के ऊपर निर्माण न करें और न ही कूड़ा डालें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि यह अभियान केवल एक-दो दिनों का नहीं है, बल्कि इसे नियमित रूप से जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व नगर के सभी प्रमुख नालों की सफाई कार्य पूर्ण कर ली जाएगी, जिससे जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक को नगर की स्वच्छता और सफाई में भागीदार बनना चाहिए।

# पुलिस से निराश होकर एसपी की खटखटाई चौखट

कोंच/उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। थाना कैलिया क्षेत्र में ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद में दबंग ट्रैक्टर चालक और उसके परिजनों ने एक परिवार पर जमकर कहर ढाया दबंगों ने लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। जिसमें महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित जब मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने दिन शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

मामला कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरीकलां गांव का है जहां के रहने वाले हिम्मत सिंह और उनके परिजन दिन शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि बीती 17 जून की रात गांव के ही दबंग राघवेंद्र सिंह उर्फ छोटे साहब ट्रैक्टर लेकर उनके घर के दरवाजे से निकला जहां घर के बाहर खड़ी बाइक में उसने टक्कर मार दी। उलाहना देने पर दबंग ने बाइक पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिसका उसने विरोध किया तो दबंग ने अपने भाइयों को बुलाकर उसे व उसके पूरे परिवार पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिसमें महिलाओं समेत उसके परिजन घायल हो गए पीड़ित ने बताया कि जब वह मामले की शिकायत लेकर कैलिया थाने पहुंचा तो थाना पुलिस ने दबंगों के प्रभाव में आकर उनकी शिकायत को अपने मनमाने तरीके से दर्ज कर लिया पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# समस्याओं को ले वामपंथी मोर्चा के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जालौन/उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। नगर की समस्याओं को लेकर वामपंथी मोर्चा के पदाधिकारियों ने आठ सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन सौंपकर पदाधिकारियों ने एसडीएम से समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

वामपंथियों में डॉ. रामकिशोर गुप्ता, फूलसिहं, आशाराम, रामबाबू, खलील, शिवबालक आदि ने शुक्रवार को एसडीएम विनय कुमार मौर्य को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा कर निर्धारण में मनमानी की गई है। कर निर्धारण में घरेलू व व्यावसायिक भवन के मामले में भी अनिमिताएं की गयी है। भवन स्वामियों ने कर्मचारियों से सांठगांठ करके मन माफिक कर निर्धारण करा लिया। नगर में स्थित की तालाबों में नालियों का पानी जाता है, जिससे तालाब में गंदा पानी भरा रहता है। गंदे पानी से उसमें वैक्ट्रीरिया पनप रहे हैं जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

नालियों का पानी तालाब में जाने से रोका जाए और तालाब के आसपास नाले का निर्माण कराया जाए। नगर में स्थित सब्सिडरी हेल्थ सेंटर के भवन व जमीन को स्वास्थ्य विभाग से हटाकर नगर पालिका को दिलाया जाए। जिससे उसमें महिला पार्क, लाइब्रेरी खोली जा सके। चुंगी नंबर चार पर स्थित सरकारी जमीन के अवैध कब्जा को हटाया जाए और खाली पड़ी सरकारी जमीन पर गरीबों को आवासीय पट्टा दिलाए जाएं। नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण में मानकों अनदेखी पर रोक लगाई जाय। जल निगम द्वारा नगर में पाइपलाइन डाली जा रही है। पाइपलाइन डालने के बाद उसे ऐसे ही छोड़ दिया ग्रया है, जिससे बरसात में दिक्कत होती है।

लौना मार्ग पर कोतवाली से लेकर ट्यूबवेल तक पाइपलाइन नहीं डाली गई। उसे डलवाया जाए। मोहल्ला बैठगंज स्थित जमीन पर लोहापीटा समाज को आवासीय पट्टा 2012 में दिए गए। तोपखाना में समाज कल्याण विभाग द्वारा 1976 में आवासीय दिए गए थे। लेकिन अभी तक दाखिल खारिज नहीं किए गए है। इनका दाखिल खारिज कराया जाए। वामपंथियों ने एसडीएम से समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

# दबंगों ने दुकानदार को बेरहमी से पीटा

राठ, 20 जून (तरूणमित्र)। क्षेत्र के जरिया थाना अंतर्गत गोहांड तिगैला में चार दबंग युवकों ने एक दुकानदार के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार ने जरिया थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड के निवासी मुकेश सैनी पुत्र रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कल गुरुवार की शाम गोहांड तिगैला में अपनी दुकान पर बैठा हुआ था तभी उसी दौरान गोहांड के निवासी अखिलेश और पवन के अलावा दो अज्ञात व्यक्ति उसके दुकान पर आकर उसे गालियां देने लगे। जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त चारों व्यक्तियों ने उसकी जमकर पिटाई कर उसे घायल कर दिया।

# पौधारोपण अभियान में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। मानसून की दस्तक के साथ ही जनपद में व्यापक पौधारोपण अभियान की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 25 जून तक वन विभाग से निःशुल्क पौधों की प्राप्ति हेतु मांग पत्र, विभागीय आईडी, आधार कार्ड तथा फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा 1 से 7 जुलाई के मध्य पौधारोपण कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार नदियों के किनारे विशेष रूप से पौधारोपण कराया जाएगा। इसके लिए ग्राम्य विकास, पंचायती राज और राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया कि वे पौधारोपण स्थलों की सूचना प्रभागीय वनाधिकारी को शीघ्र उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत फलदार, छायादार, औषधीय व इमारती पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी। एक्सप्रेसवे के किनारे और जलभराव वाले क्षेत्रों में भी विशेष पौधारोपण किया जाएगा, जिसमें नीम, जामुन, पाखर जैसे पौधे प्रमुख होंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के लाभार्थियों एवं जीरो पावर्टी कार्यक्रम में चिन्हित परिवारों को दो-दो सहजन के पौधे निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।



## आगामी त्यौहारों को लें जनपद में धारा-163 लागू

उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस माह/आगामी माहों में मोहर्रम, रक्षा बन्धन एवं विश्व विद्यालय की परीक्षाए तथा अन्य स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले त्यौहारों के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु धारा-163, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (धारा-144 दंप्रस) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये निषेधाज्ञा जारी किया जाना आवश्यक है। इस आदेश अथवा इस आदेश के किसी अंश का उल्लंघन करना भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। इस आदेश का प्रचार जनपद जालौन की समस्त तहसीलों/थानों व पुलिस अधीक्षक/जिला मजिस्ट्रेट/जनपद के समस्त न्यायालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करके स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम की गाड़ियों द्वारा स्पीकर से प्रचार कराकर किया जायेगा। किसी विषम परिस्थिति उत्पन्न होने की दशा में तत्काल वस्तु स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।

# भाजपा नगर अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को भेजा पत्र

## बीएससी कक्षाएं शुरू कराने व शिक्षक आवासों का निर्माण कराने की मांग

जालौन/उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। नगर स्थित राजकीय फुंदी सिंह लौना महाविद्यालय में अभी तक बीएससी (विज्ञान संकाय) की कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं। जिससे नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के विज्ञान विषय के गरीब छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए मजबूरी में निजी महाविद्यालयों की शरण लेनी पड़ रही है, जहां उन्हें मनमानी फीस चुकानी पड़ती है। इस समस्या को गंभीरता से उठाते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय सिंह राजावत ने जनपद के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार को पत्र भेजकर महाविद्यालय में बीएससी कक्षाएं शुरू कराने और शिक्षक आवासों का निर्माण कराने की मांग की है।

राजकीय फुंदी सिंह महाविद्यालय में वर्तमान में आर्ट्स (कला) और कॉमर्स (वाणिज्य) संकाय की कक्षाएं संचालित हैं, जबकि विज्ञान विषय की पढ़ाई की सुविधा नहीं है। नगर सहित कई गांवों से आने वाले छात्र विज्ञान विषय में स्नातक करना चाहते हैं, लेकिन राजकीय कॉलेज में यह विकल्प न होने के कारण उन्हें प्राइवेट कॉलेजों का रुख करना पड़ता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ डालता है।

प्रभारी मंत्री को भेजे पत्र में अभिनय सिंह राजावत ने लिखा कि प्राइवेट कॉलेजों द्वारा मनमाने ढंग से फीस वसूली की जा रही है, जिससे गरीब छात्रों का आर्थिक शोषण हो रहा है। कई छात्र तो अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं, क्योंकि वे भारी भरकम फीस वहन नहीं कर पाते। महाविद्यालय में बीएससी की कक्षाएं शुरू होने से स्थानीय व आसपास के छात्रों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। छात्र-छात्राओं को दूसरे शहरों या निजी संस्थानों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही महाविद्यालय की शैक्षणिक छवि और संसाधनों का विस्तार होगा।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण

उन्नाव, 20 जून (तरूणमित्र)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी तथा राजनैतिक पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रॉग रूम, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, सुरक्षा गार्ड रूम आदि देखे गए तथा स्ट्रॉग रूम में रखे वीवीपैट, बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट एवं सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली गयी। इस मौके पर उन्होने विगत दिनों के सीसीटीवी फुटेज तथा गार्ड रजिस्टर चैक किए तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक कैमरा 24 घण्टे क्रियाशील रहना चाहिए। उन्होने कहा कि कैमरे हाई रिज्योलूशन के लगाए जाए ताकि स्पष्टता रहे। यह भी कहा कि स्ट्रॉग रूम में रखे वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रोल यूनिट को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाए ताकि वर्षा के दृष्टिगत सीलन तथा दीमक आदि कीटों से पूर्णतया सुरक्षित रहे। उन्होने निर्देश दिए कि स्ट्रॉग रूम में सुव्यवस्थित वायरिंग तथा प्रकाश की अच्छी व्यवस्था रखी जाए। सभी जगह अग्निशमन यंत्र चालू हालत में उपलब्ध रहें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से आसानी से निपटा जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पार्टी पदाधिकारियों से वार्ता करते हुए कहा कि अन्य देशों की अपेक्षा हमारे देश का निर्वाचन तंत्र बेहतर है। उन्होने अधिकारियों से कहा कि पार्टी पदाधिकारियों से मतदाता सूची संबंधी आवश्यक सुझाव प्राप्त कर अमल में लाते रहे ताकि मतदाता सूची को लेकर किसी भी प्रकार का मतभेद न रहे।



उन्होंने गार्ड रजिस्टर अवलोकित करने के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अत्यन्त संवेदनशील जगह है इसलिए यहां की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिन गार्डस की यहां पर ड्यूटी लगायी जाती है वह निर्धारित अवधि में वहां रूकते है या नहीं, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार गोंड, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोडा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चन्द्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर सोनम सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण एवं विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

# बीमारी से परेशान व्यक्ति ने खुद को मारी गोली, मौत

राठ, 20 जून (तरूणमित्र)। थाना एवं ग्राम चिकासी में बीमारी से परेशान होकर 44 वर्षीय एक व्यक्ति ने स्यवं को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। युवक गुरुवार को ही दिल्ली के एम्स अस्पताल से इलाज कराकर वापस घर लौटा था।सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा शुक्रवार को मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार पाण्डेय व फील्ड यूनिट सहित चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की। चिकासी गाँव के निवासी राजकुमार नायक ने बताया कि 44 वर्षीय उसका बड़ा भाई प्रशांत नायक पुत्र लक्ष्मी नारायण नायक निवासी तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। वह कई साल से एक बीमारी से पीड़ित था। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। प्रशांत गुरुवार को ही दिल्ली के एम्स अस्पताल से इलाज कराकर वापस लौटा था। शुक्रवार की सुबह वह अपने कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जाकर देखा तो प्रशांत खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उसके अपने सीने में खुद गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृतक अविवाहित था। सीओ सरीला राजकुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# आईटीआई में प्रवेश को कल तक करें ऑनलाइन आवेदन

उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई नूपुर कश्यप ने बताया कि आई०टी०आई० में प्रवेश सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 जून 2025 दिन रविवार रात्रि 12:00 बजे है। समस्त इच्छुक प्रशिक्षार्थी पर आज ही आवेदन करें। जनपद में 04 राजकीय आईटीआई उरई, कालपी, माधौगढ़ एवं कोंच के अलावा 16 निजी आई०टी०आई० संचालित है। अधिक जानकारी हेतु अपने नजदीकी आईटीआई से सम्पर्क कर सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण शुल्क रू० 40/- माह है। उन्होंने आईटीआई के करने के उपरान्त फायदे बताए कि सरकारी नौकरियों के प्रबल अवसर, अग्निवीर जैसी सेना भर्तियों में 40 अंक की वरीयता, पॉलिटेक्निक कोर्स के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश, 100ः अप्रेन्टिसशिप/जॉब की सुनिश्चितता, स्वयं के रोजगार हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 5.00 लाख तक बिना गारण्टी के ब्याज की सुविधा। साथ ही व्यवसायः कार-ट्रक ड्राईविंग के सत्रः जुलाई 2025 से सितम्बर 2025 तक प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्रों की बिक्री दिनांक 20.06.2025 से प्रारम्भ हो चुकी है। अभ्यर्थी संस्थान से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र प्राप्त करने तथा जमा करने की अंतिम तिथि 30.06.2025 है। व्यवसाय कार ट्रक ड्राईविंग की शैक्षिक योग्यता जूनियर हाईस्कूल (कक्षा 8 पास) है।

# मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी सम्पन्न

महोबा, 20 जून (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा स्थित सभागार में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित शाखा प्रभारियों को उनके त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाना स्तर पर नियमित सैनिक सम्मेलन आयोजित कर पुलिसकर्मियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाया जाए।

अपराध समीक्षा गोष्ठी पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में विगत माह में घटित घटनाओं की गहन समीक्षा की गई, जिसमें गंभीर अपराधों की विवेचना, अपराध नियंत्रण, अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित कार्यवाही, गुमशुदा की बरामदगी हेतु किये जा रहे प्रयास, बीट पुलिसिंग, मिशन शक्ति, अभियोजन की स्थिति, यातायात प्रबंधन, जनसुनवाई व्यवस्था एवं अन्य प्रचलित अभियानों की बिन्दुवार गहन समीक्षा की गई। महिला एवं बाल सुरक्षा महिला एवं बाल अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध त्वरित गिरफ्तारी और न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित हो। महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट प्रणाली एवं मिशन शक्ति की नियमित समीक्षा कर महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाया जाए। त्योहारों एवं आगामी आयोजनों की तैयारी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की जाएं। जुलूसों के मार्ग का पूर्व भ्रमण कर संभावित विवादित स्थानों पर सतर्कता बरती जाए। धर्मगुरुओं और सम्भ्रांत नागरिकों से समन्वय बनाए रखें।



तकनीकी सुदृढ़ीकरण प्रमुख स्थानों, बाजारों, चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए। पुराने कैमरों का रख-रखाव एवं अपग्रेडेशन सुनिश्चित किया जाए। ऑपरेशन कन्विक्शन व अभियोजन प्रणाली गंभीर अपराधों के मुकदमों की सूचीबद्ध समीक्षा कर अधिकतम दोषसिद्धि सुनिश्चित की जाए। न्यायालय में प्रभावी एवं सतत पैरवी की जाए ताकि आरोपियों को कठोरतम सजा दिलाई जा सके। यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा नगर निकायों व परिवहन विभाग से समन्वय कर यातायात नियमन को व्यवस्थित किया जाए। ब्रेथ एनालाइजर, आईटीएमएस एवं अन्य तकनीकी उपकरणों के माध्यम से नियम उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर ट्रैफिक सुधार के लिए ब्लू प्रिंट तैयार किया जाए। जनसुनवाई और शिकायत निवारण IGRS पोर्टल, पुलिस सहायता केंद्र व जनसुनवाई रजिस्टर की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित हो। प्रत्येक अधिकारी शिकायतों को मानवता एवं संवेदनशीलता के साथ लें।

# घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख

## पीड़िता ने आर्थिक सहायता की लगाई गुहार



जालौन/उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। चूल्हे के कंडे से निकली चिंगारी से घर में आग लगने से खाने पीने समेत घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग में घर में रखे 25000 रुपये नगद भी जल गए। पीड़िता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र ग्राम जगनेवा निवासी गुड्डी देवी पत्नी श्याम सुंदर ने गुरूवार की रात घर के सदस्यों के लिए चूल्हे पर खाना बनाया। चूल्हे को ठंडा करने के बाद भी अंदर से वह सुलगता रहा। खाना खाने के बाद परिवार के सदस्य कमरे में जाकर सो गए। रात में किसी समय घर में बिल्ली आ गई बिल्ली के कूदने से चूल्हे के पास ही रखा कंडों का ढेर चूल्हे में चला गया और धीरे धीरे कंडों ने आग पकड़ ली। कुछ देर बाद धुआं उठने पर जब परिवार के लोगों ने सामान को जलता हुआ देखा तो ग्रामीणों को आवाज लगाई। लेकिन तब तक वहां रखा दो बोरा गेंहू, दो बोरा बेझर, एक बोरा सरसों, एक बोंरा हरा मटर समेत घर गृहस्थी का सामान और 25000 रुपये नकद जलकर राख हो गए। पीड़ित महिला ने आग लगने की घटना को लेकर एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें महिला ने बताया कि आग लगने से उसका घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका है। खाने पीने का सामान भी जो भरकर रखा था वह भी जल गया है। ऐसे में भरण पोषण की समस्या आ खड़ी हुई है। पीड़िता ने एसडीएम से उसे आर्थिक मदद दिलाने की गुहार लगाई है।

# महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

राठ, 20 जून (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर 20 वर्षीय एक महिला ने अपनी जीवन लीला को समाप्त करने का प्रयास किया। जिसके बाद महिला की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगांव की निवासी 20 वर्षीय महिला रोशनी पत्नी शशिकांत ने शुक्रवार की दोपहर करीब जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान देने का प्रयास किया। जिसके बाद महिला रोशनी की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।

# कृषकों, मिलर्स व व्यापारियों का एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोंच/उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। नदीगांव रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी परिसर में इंद्रा गांधी सहकारी प्रबंध संस्थान लखनऊ एवं डब्ल्यूडीआरए नई दिल्ली के सहयोग से दिन शुक्रवार को कृषि भंडारण और वित्त पोषण पर केंद्रित एक व्यापक शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाकर उन्हें आधुनिक कृषि अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ना है साथ ही किसानों को अपनी उपज का बेहतर प्रबंधन करने व वित्तीय सुरक्षा प्राप्त करने और बाजार में मजबूत स्थिति हासिल करने में मदद करना है। इस कार्यक्रम से किसानों कृषि व्यवसायियों बैंकरों और कृषि क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारकों के लिए ज्ञानवर्धक जानकारियां दी गयीं कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक अभिषेक तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है तथा किसानों, व्यापारियों व मिलर्स के लिए विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही हैं। भंडार गृह में रखे गए अनाज पर आसान व कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें किसानों से प्रतिदिन के हिसाब से ब्याज लगता है, इसके लिए सिर्फ किसान द्वारा भंडारगृह में रखे अनाज की रसीद लगती है। भंडार गृह में रखे अनाज की कीमत का 75 प्रतिशत मूल्य का ऋण उपलब्ध कराया जाता है; साथ ही ई-किसान उपज निधि के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में बोलते हुए श्री श्याम सिंह क्लस्टर इन-चार्ज, आर्यधन फाइनेंस बैंक ने कृषकों, मिलर्स एवं व्यापारियों को मिलने वाले लोन के बारे में विस्तार से बताया। भंडार गृह प्रभारी बी.पी. सिंह ने बताया कि किसानों के लिए सरकार भंडार गृह में उपज/अनाज रखने पर 30 प्रतिशत किराये में छूट दे रही है ,साथ ही कार्यक्रम में आए लोगों को गोदाम भंडारण में उपयोग होने वाले यंत्रों व दवाइयों के उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अनंत पाण्डे, मैनेजर व्यवसाय विकास एन0ई0आर0एल0 ने उपज के जमा एवं निकासी की प्रक्रिया इलेक्ट्रॉनिक रसीद (ई0एन0डब्ल्यू0आर0) पर विस्तृत जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि फसल व्यवस्था के अनुसार रसीद प्रदान की जाएगी जिसमें उत्पाद के पूरे विवरण का उल्लेख होगा एवं किसान इस रसीद को किसी को भी ट्रांसफर कर सकता है। इस रसीद को बैंक में गिरवी रखकर प्रचलित दरों पर लोन भी प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर सुनील कुमार, मनीष कुमार गुप्ता, चन्द्र शेखर, राम राजा, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे। भंडार गृह, प्रभारी श्री बी.पी. सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस जागरूकता कार्यक्रम के सफल आयोजन से किसानों में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार हुआ, जो भविष्य में कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होगा।

# बिजली विभाग की टीम ने नगर में चलाया चेकिंग अभियान

जालौन/उरई, 20 जून (तरूणमित्र)। बिजली विभाग की टीम ने नगर में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिजली चोरों की तलाश की गयी और बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। एसडीओ बिजली रामसुधार के नेतृत्व में अवर अभियंता नवीन कंजोलिया, विनोद कुमार, जितेंद्र, उपेंद्र व संदीप की टीम ने नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिल में दशार्यी गई रीडिंग व मीटर रीडिंग का मिलान किया गया, जिससे यदि मीटर रीडर द्वारा रीडिंग स्टोर की जा रही हो तो उसका पता चल सके। टीम ने मीटर से पोल तक जाने वाली केबिल को बारीकी से देखा। टेप पुराने मिलने पर उन पर सील लगाने के निर्देश दिए।

# कॉरिडोर के विरोध को धार देने की कोशिश, खुद आगे आये भाजपाई

**मथुरा, 20 जून (तरूणमित्र)।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण की प्रक्रिया पूरी गति से आगे बढ़ रही है। कॉरिडोर की जद में आ रहे मकान दुकानों का सर्वे हो चुका है। कुछ लोग अपने कागजात भी जिला प्रशासन को सौंप चुके हैं जिससे मुआवजा मिलने की प्रक्रिया आगे बढ़े। वहीं कॉरिडोर के विरोध को धार देने की कोशिश एक बार फिर तेज हुई है।

इस बार खुद भाजपाई आगे आये हैं। स्थानीय पार्षद लगातार विरोध कर रहे हैं। अब भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता मधु शर्मा और कई अन्य कद्दावर भाजपाईयों ने विरोध को मोर्चा सम्हाला है। शुक्रवार को भाजपा नेताओं के नेतृत्व में बडी संख्या में लोग वृंदावन की सडकों पर उतर आये और रैली निकाल कर सरकार और प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास किया। इस प्रदर्शन के दौरान साफ तौर पर यह दिखाने की कोशिश हुई की वृंदावन की जनता की आवाज को अनसुना किया जा रहा है। जनसमर्थन के साथ एक बार फिर विरोध स्वरों को तेज करने की कोशिश हुई है। यह सब इसके बाद है कि विगत कई दिनों से लगातार कॉरिडोर के समर्थन में लोग सामने आ रहे थे।

सामाजिक संगठन, किसान सगठन, कर्मचारी सगठन, महिला संगठन, धार्मिक जातीय संगठन लगातार कॉरिडोर के समर्थन में आवाज बुलंद कर रहे थे। ऐसे में विरोध के स्वर धीमे हुए और लोगों के बीच कॉरिडोर के विरोध की बात भी कम हो रही थी। शुक्रवार को वृंदावन की सड़कों पर सैकड़ो की संख्या में महिला और पुरुषों का हुजूम देखने को मिला। जो नारेबाजी करते हुए सरकार पर वृंदावन के स्वस्प को नष्ट करने का आरोप लगा रहे थे। अष्टसखी मंदिर से चली भीड स्नेह बिहारी मंदिर होते हुए वापस बांके मंदिर के गेट नंबर एक पर पहुंची और यहां विरोध सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।





विरोध प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष मधु शर्मा भी अपनी सरकार को कोसती नजर आई। सांसद हेमा मालिनी पर कटाक्ष करते हुए कहा महिला होते हुए भी हमारी सांसद को महिलाओं का दर्द दिखाई नहीं दे रहा। बृज तीर्थ विकास परिषद को भी मधु शर्मा ने आड़े हाथों लिया और कहा कि सरकारी आवास में रहने वाले अधिकारी कुटिया बनाकर रह रहे हैं और वृंदावन के स्वरूप को खराब करना चाहते है। मधु शर्मा ने कहा कि ऐसे थोपे हुए अधिकारी यहां हैं जिन्होंने हर सरकार के साथ काम किया है।

यहां ऐसे ही थोपे हुए जनप्रतिनिधि हैं। यहां जो अधिकारी बिठाये हैं, वह भी अपने सरकारी आवासों में कुटिया बना कर रहे हैं, इनकी मंशा क्या है। उन्होंने कहा कि ऐसी सांसद को धिक्कार है जिन्हें ब्रज की महिलाओं को खून से पत्र लिखने पड गये। हम मुख्यमंत्री को उनकी पूर्व में कही बातों को याद दिलाना चाहते हैं। मैने एमवीडीए अधिकारियों को यह कहते हुए सुना कि वृंदावन से गोकुल तक पैदल पथ बनाया जाएगा। सब कुछ अधिग्रहण में आने वाला है।

# वृंदावन में केशव धाम के सामने हुए गड्ढों को निगम ने भरवाया

**मथुरा, 20 जून (तरूणमित्र)।** पेयजल और सीवर लाइन लीकेज की समस्याएं दिन प्रतिदिन मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में बढ़ती जा रही है जिसके चलते सड़कों पर गहरे गहरे गड्ढे हो रहे हैं जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकते हैं। ऐसा ही एक मामला वृंदावन में आरएसएस के कार्यालय केशव धाम के सामने होना प्रकाश में आया जहां लीकेज के कारण दो बड़े-बड़े 10 फुट के गहरे गड्ढे चौराहे पर हो गए। गड्ढो के कारण यहां ट्रैफिक बाधित हो गया। इसकी सूचना लोगों ने जिलाधिकारी सीपी सिंह और नगर आयुक्त जग प्रवेश को दी। नगर आयुक्त ने तत्काल मौके पर टीम भेजी और निर्माण विभाग से गड्ढो को भरवाया वही जलकल की टीम ने लाइन को चेक कर अस्थाई तौर पर रिसाव को बन्द कर दिया। पूरी तरह से लीकेज बंद कराकर सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि बारिश के कारण पानी भर जाने से सीवर पेयजल लाइनों में लीकेज आ जाता है जिससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

नगर निगम के निर्माण और जलकल विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वह तत्काल लीकेज की शिकायत मिलती ही उसकी मरम्मत करा दे। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सीएमओ के निर्देश पर टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**मैनपुरी, 20 जून (तरूणमित्र)।** खंड विकास अधिकारी बेवर पर राजीव कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर सी गुप्ता के निर्देश पर संचारी रोग अभियान एवं स्टॉप डायरिया प्रोग्राम पर चर्चा हुई इसमें दिनांक 16 जून 2025 से 31 जुलाई 2025 तक स्टॉप डायरिया प्रोग्राम चलाया जाएगा।

जिसमें आशाओं के माध्यम से प्रत्येक बच्चे को घर घर जाकर ओआरएस और दस्त होने वाले बच्चों को जिंक की गोली भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसके साथ ही जिले से आए डीएमसी यूनिसेफ श्री संजीव पांडे द्वारा बताया गया दिनांक 1 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक संचारी रोग अभियान चलेगा एवं दिनांक 11 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 25 तक दस्तक अभियान चलेगा जिसमें आशा बहन एवं आंगनबाड़ी बहन जी घर-घर जाकर संचारी रोग अभियान की जानकारी देगी एवं डेंगू मलेरिया दस्त बुखार खांसी जुकाम आदि बीमारी से बचने का तरीका बताएंगे मच्छरदानी के प्रयोग करना बताया जाएगा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के सभी बच्चों का पोषण संबंधित जानकारी देगी, रवींद्र सिंह गौर प्रभारी जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 23 जून को जनपद स्तरीय अंतर विभागीय बैठक आदरणीय जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न होगी एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण 24 जून से 27 जून तक किया जाएगा स्थानीय निकायों पर संवेदीकरण बैठक 25 जून से 26 जून तक होगी ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी संवेदीकरण बैठक 27 और 28 जून को संपन्न कराए जाएंगे सभी विभाग विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु ब्लॉक एवं जनपद स्तरीय माइक्रो प्लान 27 जून को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ,मीटिंग के दौरान प्रभारी खंड विकास अधिकारी राजीव कुमार डॉ मनीष प्रताप सिंह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संजीव पांडे डीएमसी यूनिसेफ रवींद्र सिंह गौर प्रभारी जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नगर पंचायत से विमलेश कुमार एग्रीकल्चर ज्ञानेंद्र कुमार पशुपालन विभाग से प्रवीन कुमार मानवेंद्र सिंह बीएमसी अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।



# नीट परीक्षा में डॉ. किरन सौजिया स्कूल के तीन छात्रों ने मारी बाजी, विद्यालय का नाम रोशन

**मैनपुरी, 20 जून (तरूणमित्र)।** शहर के डॉ. किरन सौजिया स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) 2025 में शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। आदिल खान, राधिका और पारस यादव ने बेहतर अंक हासिल कर सफलता की नई कहानी लिखी है।




इन तीनों छात्रों ने स्कूल में कक्षा 9 से 12वीं तक की पढ़ाई की और शिक्षकों के मार्गदर्शन में मेहनत कर NEET में शानदार रैंक हासिल की। आदिल ने 4778, राधिका ने 5173 और पारस ने 9700 रैंक हासिल कर मेडिकल क्षेत्र में अपने सपनों को उड़ान भर दी।

विद्यालय चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ये सफलता स्कूल के समर्पण, शिक्षकों के परिश्रम और छात्रों की लगन का नतीजा है। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणादायक कहानी छात्रों को निरंतर मेहनत और धैर्य की सीख देती है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग शिविर का आयोजन

**मैनपुरी, 20 जून (तरूणमित्र)।** जिले में 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जिला प्रशासन की ओर से श्री देवी मेला नुमाइश पंडाल में प्रातः 7 बजे से वृहद योग शिविर आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष शिविर में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. सारिका मोहन और भोगांव विधायक रामनरेश अग्निहोत्री मुख्य रूप से भाग लेंगे। डीएम ने जिले के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे नियत समय व स्थान पर पहुंचकर योग शिविर में सहभागिता सुनिश्चित करें, जिससे इस आयोजन को सफल बनाया जा सके।

# धर्म रक्षा संघ के प्रतिनिधियों ने किया कॉरिडोर का विरोध

## बांकेबिहारी मंदिर न्यास के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मथुरा, 20 जून (तरूणमित्र)।** धर्म रक्षा संघ का एक प्रतिनिधिमंडल धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ के नेतृत्व में मथुरा के जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह के कार्यालय पर भेंट करने पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल में साधु संत एवं धर्म रक्षा संघ के पदाधिकारी शामिल थे। धर्म रक्षा संघ के साधु संतों ने जिलाधिकारी का पटका पहनाकर और ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज का विशिष्ट चित्रपट भेंट कर स्वागत किया।

जिलाधिकारी ने भी पधारे हुए सभी साधु संतों एवं पदाधिकारी का यथोचित सम्मान किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सोंपा। जिसमें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा जारी किए गए बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश 2025 पर घोर आपत्ति दर्ज की गयी। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि न्यास के माध्यम से सरकार बांके बिहारी मंदिर का सरकारी करण और अधिक ग्रहण करने की योजना बना रही है धर्म रक्षा संघ किसी भी मंदिर के सरकारी कारण और अधिक ग्रहण का विरोध करता रहा है और करता रहेगा। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि सन 2015-16 में भी समाजवादी पार्टी की अखिलेश सरकार ने बांके बिहारी मंदिर और विंध्यवासिनी मंदिर के अधिग्रहण का आदेश जारी किया था जिसका धर्म रक्षा संघ ने घोर विरोध करते हुए एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया और अंत में सरकार को अपना अधिग्रहण संबंधी आदेश वापस लेने को बाध्य होना पड़ा।



ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर के सेवायत आनंदबल्लभ गोस्वामी ने कहा कि 1939 से ही बांके बिहारी मंदिर में एक कमेटी कार्यरत है जो 2015-16 में किसी कारणवश भंग हो गई थी सरकार चाहे तो अपने पदेन सदस्यों को उसे कमेटी में जोड़कर उसी कमेटी को पुनर्जीवित किया जा सकता है जिससे मंदिर के अंदर की सेवा पूजा एवं प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलती रहेगी। महंत अतुल कृष्ण दास महाराज ने कहा कि कोई भी ऐसा न्यास जिसमें बांके बिहारी मंदिर के सेवायत गोस्वामियों का बहुमत न हो वह कभी भी मंदिर की मयार्दाओं,परंपराओं एवं संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकते,सरकार को मंदिर के अंदर की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार का दखल नहीं देना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल से जिलाधिकारी ने धर्म रक्षा संघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आश्वासन दिया कि वह निश्चित रूप से उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक अवश्य पहुंचायेंगे।

# ट्रैक्टर चालक ने बाइक में मारी टक्कर युवक की मौत

**मथुरा, 20 जून (तरूणमित्र)।** थाना राया क्षेत्र के सादाबाद रोड पर राधा कोल्ड स्टोरेज के समीप ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी दी। बाइक सवार गंभीर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई ।पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार आकाश(26) पुत्र हर प्रसाद गांव ढकू का रहने वाला था और फ्रिज और एसी ठीक करने का काम करता था ।वह गांव तिरवाया से काम करके बाईक से अपने घर जा लौट रहा था। तेज रफ़्तार टैक्टर ट्रोला ने टक्कर मार दी। जिससे आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली को लेकर मौके के से फरार हो गया।

# सुदिती ग्लोबल एकेडमी में शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक प्रशिक्षण सत्र

**मैनपुरी, 20 जून (तरूणमित्र)।** सुदिती एजुकेशनल एंड रिसर्च फाउंडेशन के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया गया। इस सत्र ने उन्हें न केवल ज्ञान, बल्कि नेतृत्व व प्रेरणा से भी सशक्त किया।

सुदिती ग्लोबल एकेडमी में इस प्रेरणादायक प्रशिक्षण का संचालन देश के प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता व प्रशिक्षक बिलाल अली ने किया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. लव मोहन ने कहा कि आज शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन की आवश्यकता है, और ऐसे सत्र इस दिशा में सार्थक प्रयास हैं।

अली ने शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि आज शिक्षा सिर्फ जानकारी तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह जीवन निर्माण की एक सतत प्रक्रिया बन गई है। उन्होंने शिक्षकों को प्रभावशाली शिक्षक बनने हेतु आत्ममंथन, रचनात्मकता, संवाद कौशल और सहयोग की भावना विकसित करने की प्रेरणा दी।

सत्र के दौरान समूह चचाएं, विचार-विमर्श और अनुभव साझा करने की गतिविधियों में शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अली को स्मृति चिह्न व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जयशंकर तिवारी सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

यह सत्र सिर्फ ज्ञानवर्धक नहीं रहा, बल्कि शिक्षकों के लिए ऊर्जा का संचार भी बना। शिक्षकों को बदलते शैक्षिक परिदृश्य में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया।

# लूट की योजना में शामिल दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अलीगढ़, 20 जून (तरूणमित्र)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने गस्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो नफर अभियुक्त आर्शिल पुत्र ताहिर अली उर्फ भुल्लन निवासी नियर नूर मस्जिद आशिफनगर जमालपुर थाना सिविल लाईन जनपद अलीगढ़ व शादाब जाफरी पुत्र मुन्ने खां निवासी मौलाना आजाद नगर नियर राबिया मस्जिद गली नम्बर 2 थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़ को मेडिकल कालोनी जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अवध किशोर शर्मा पुत्र वशिष्ठ शर्मा निवासी सूत मिल,लेबर कॉलोनी एच -167 पोस्ट सोमैय्या नगर जिला बाराबंकी का निवासी हूं। मेरी माता जी का नाम मेरे हाई स्कूल प्रमाण पत्र पर रामदुलारी एवं मेरे पासपोर्ट पर रामदुलारी देवी अंकित है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**(नाम व पता उपरोक्त)**

# सीएम युवा उद्यमी अभियान को गति देने को कार्यशाला का आयोजन

**अलीगढ़, 20 जून (तरूणमित्र)।** आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में सीएम युवा उद्यमी अभियान को गति प्रदान करने के लिए एलडीएम अशोक कुमार सौनी, बैंकर्स एवं विभिन्न योजनाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

मण्डलायुक्त ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप में बहुत ऊर्जा है, स्वरोजगार स्थापना कर किसी के यहां नौकरी करने वाले न बनकर नौकरी देने वाले बनें। कोई भी उद्यम आरम्भ करने में दो बातों की आवश्यकता होती है उसके बारे में तकनीकी जानकारी और दूसरी पूंजी। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आपको तकनीकी रूप से दक्ष बनाया गया है और सीएम युवा योजना में आपकी पूंजी की समस्या का भी समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी क्षेत्रों में नौकरी के अवसर सीमित हैं, सरकार की योजनाओं के साथ आगे बढ़ें और अपने आप को और देश को विकास की ओर लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा योजना के बारे में दी जा रही जानकारी को अच्छे से आत्मसात करें ताकि आपको आवेदन करने, अपने उद्यम को संचालन करने एवं ऋण अदायगी जैसे पहलुओं की पूरी जानकारी हो सके। उन्होंने बैंकर्स को निर्देशित किया कि यदि किसी अभ्यर्थी ने आवेदन में कोई कमी है तो संबंधित से उसका समाधान कराते हुए उसे लाभान्वित करने पर प्राथमिकता दी जाए। बिना किसी ठोस कारण के किसी युवा का आवेदन निरस्त न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

# हर पीड़िता को त्वरित न्याय व सहायता देना प्रशासन की प्राथमिकता: डीएम

**अलीगढ़, 20 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष के अंतर्गत हिंसा एवं अत्याचार की शिकार पीड़ित महिलाओं को सहायता राशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिला प्रशासन ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और पुनर्वास के लिए रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष एक प्रभावी और संवेदनशील माध्यम के रूप में कार्य कर रहा है। बैठक का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी अजीत कुमार ने किया, उन्होंने कुल 182 प्रकरणों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें से 80 प्रकरणों को मेडिकल रिपोर्ट के अभाव के कारण अस्वीकृत कर दिया गया। शेष 102 मामलों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए प्रस्तुत दस्तावेजों, धाराओं, मेडिकल रिपोर्ट व पुलिस रिपोर्ट का गहन परीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि हर पीड़िता को त्वरित न्याय व सम्मानपूर्वक सहायता देना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने समिति को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग पूर्ण संवेदनशीलता के साथ समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। विशेष रूप से तीन ऐसिड अटैक पीड़िताओं के मामलों पर विचार किया गया, जिनमें से सभी मामलों को सहायता के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। इन मामलों में पीड़िताओं की स्थिति, आख्याओं की गंभीरता और राहत की तात्कालिक आवश्यकता को प्राथमिकता दी गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि स्वीकृत मामलों में जल्द से जल्द धनराशि संबंधित लाभार्थियों के खातों में अंतरण सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती ममता कुरील, महिला चिकित्सक डॉ0 रजनी गुप्ता व डॉ0 समन जुबैरी सहित अन्य समिति सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अप्रशिक्षित व स्नातक शिक्षामित्र का पत्राचार बीटीसी दो वर्षीय पाठ्यक्रम परीक्षा द्वितीय सेमेस्टर वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2664010 क्रमांक 148465 अंक पत्र कहीं खो गया है। काफी तलाश किया लेकिन मिल नहीं पा रहा है।

**रेखा देवी वर्मा**
निवासी ग्राम गिद्धौर गुमड़ी परगना व तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार लड़कियां हैं इसमें सबसे छोटी पुत्री रुकसाना बानो के क्रियाकलापों से असंतुष्ट रहता हूं तथा अपनी पुत्री की हरकतों से काफी नाराज हूं। अपनी सबसे छोटी पुत्री रुकसाना बानो के क्रियाकलापों से नाराज होकर अपनी स्वेच्छा से मै अपने सभी चल अचल संपत्तियों से बेदखल कर रहा हूं। यदि भविष्य में रुकसाना बानो किसी प्रकार की कोई हरकत या अन्य कार्य करती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी रुकसाना बानो की होगी। मैं उसका कोई जिम्मेदार नहीं हूं।

मो0 रशीद पुत्र मो0 नसीर
निवासी-ग्राम रमवापुर गौर पोस्ट गुमड़ी थाना श्रीदत्तगंज परगना व तहसील उतरौला जनपद-बलरामपुर

## सूचना

मैं हवलदार पाटील खंडेराव श्रीकांत (PATIL KHAN-DERAO SHRIKANT) सैन्य संख्या-14848994F मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरे पिता जी का नाम त्रुटिवश कमल (KAMAL) व जन्मतिथि 01 अक्टूबर 1960 गलत अंकित हो गयी है। वास्तविक सही नाम सिंधुताई श्रीकांत पाटील (SINDHUTAI SHRIKANT PATIL) व जन्मतिथि 01 जनवरी 1948 है। भविष्य में इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाये। अधार कार्ड के अनुसार सही है। मो0-9149577287

## सूचना

मैं हवलदार पाटील खंडेराव श्रीकांत (PATIL KHAN-DERAO SHRIKANT) सैन्य संख्या-14848994F मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरे पिता जी का नाम त्रुटिवश पाटील श्रीकांत भाऊसाहेब (PATIL SHRIKANT BHAUSAHEB) व जन्मतिथि 01 अक्टूबर 1960 गलत अंकित हो गयी है। वास्तविक सही नाम श्रीकांत भाऊ पाटील (SHRIKANT BHAU PATIL) व जन्मतिथि 01 जनवरी 1948 है। भविष्य में इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाये। अधार कार्ड के अनुसार सही है। मो0-9149577287

## पेज 1 का शेष...

### नीतीश के लिए मास्टरस्ट्रोक...

वहीं विपक्ष कानून-व्यवस्था और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर हमला बोलने की रणनीति बना रहा है। इस सत्र में राज्य के लिए अनुपूरक बजट भी पेश हो सकता है, जिसमें 41 विभागों की योजनाओं के लिए अतिरिक्त राशि आवंटित की जा सकती है। इस बजट में महिलाओं और शिक्षकों के लिए खास ऐलान की संभावना है। इस बीच सत्तारूढ़ एनडीए और महागठबंधन दोनों ही अपने-अपने एजेंडे के साथ पूरी तैयारी में हैं। इस लिहाज से 25 जुलाई तक का मानसून सत्र भले ही कुछ दिन का हो, लेकिन यह नीतीश कुमार की छवि निर्माण और चुनावी एजेंडे सेट करने का बड़ा हथियार बन सकता है। अब देखना यह होगा कि यह सत्र सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाता है या चुनाव से पहले एक राजनीतिक मास्टरस्ट्रोक साबित होता है।

### पुरुलिया में सड़क हादसा...

ये सभी झारखंड के निमड़ी थाना अंतर्गत तिलैतन गांव के रहने वाले थे। इसके अलावा निमड़ी थानांतर्गत रघुनाथपुर गांव निवासी चंद्रमोहन महत और मुरू गांव निवासी चितरंजन महत की भी दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी 9 शवों को बरामद कर लिया गया है ।दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है। दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए ट्रेलर चालक और उसके सहायक की तलाश की जा रही है।

### ईरान ने फिर दागीं...

इस युद्ध पर ईरान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ का कहना है कि अब इस्लामी गणतंत्र ईरान ही तय करेगा कि युद्ध का अंत कैसे होगा। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि उनका देश ईरान के सभी परमाणु संयंत्रों पर हमला करने में सक्षम है और ईरान के आधे से अधिक मिसाइल लांचर पहले ही नष्ट कर दिए गए हैं। इजरायल पब्लिक ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन के साथ एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध के सात दिन बाद इजरायली सेना ईरानी परमाणु और मिसाइल ठिकानों पर हमले में अपने तय समय से आगे थी ।हालाँकि उन्होंने इजरायली हमलों की समाप्ति की कोई समय सीमा नहीं बताई। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के नेतृत्व में बदलाव या पतन इजरायल के हमलों का लक्ष्य नहीं था लेकिन इसका यह नतीजा हो सकता है। गुरुवार को इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में घोषणा की कि उन्होंने समूचे ईरान में एक व्यापक हवाई अभियान शुरू किया है जिसमें पश्चिमी ईरान में निष्क्रिय अराक परमाणु रिएक्टर को निशाना बनाकर हमला करना भी शामिल है।

इस बीच इजरायल के स्वास्थ्य अधिकारियों और स्थानीय मीडिया के अनुसार ईरानी मिसाइलों ने गुरुवार को भी इजरायल में एक अस्पताल और आवासीय इलाकों को निशाना बनाया जिसमें 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। वहीं युद्ध प्रभावित ईरान से लाये गये जम्मू-कश्मीर के सभी 94 छात्र सुरक्षित रूप से कश्मीर पहुंच गये हैं। केन्द्र सरकार ने इजरायल -ईरान युद्ध के मद्देनजर ईरान से भारत लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को वहां से स्वदेश लाने के लिए आपरेशन सिंधु चलाया है। इसके तहत 110 भारतीय छात्रों का पहला जत्था बुधवार रात दिल्ली लाया गया जिनमें जम्मू -कश्मीर के 94 छात्र शामिल थे। ये सभी छात्र उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे और उन्हें आर्मेनिया और दोहा के रास्ते निकाला गया। जम्मू- कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन( जेकेएसए) के अनुसार, कुछ छात्र गुरुवार को ही कश्मीर पहुंच गये थे, जबकि बाकी छात्र जो दिल्ली से डीलक्स बसों में रवाना हुए थे वे आज सुबह घाटी पहुंच गये। एसोसिएशन ने कहा, हम विदेश मंत्रालय और उन सभी का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने छात्रों की सुरक्षित और समय पर वापसी सुनिश्चित की। यह उनके परिजनों के लिए बहुत बड़ी राहत है।

### बिहार को मिली नयी...

यह गाड़ी 384 किलोमीटर की दूरी सात घंटे में तय करेगी। मार्ग में इसका ठहराव उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, कप्तानगंज, पनियहवा और बिहार के बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र स्टेशन पर होगा। इस ट्रेन के माध्यम से चंपारण, वैशाली और कुशीनगर जैसे स्थानों पर सैलानी भी आसानी से पहुंच पाएंगे जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। गोरखपुर से 26502 अप ट्रेन सुबह 5:40 बजे चल कर दोपहर 12:45 बजे पाटलिपुत्र स्टेशन पहुंचेगी तथा वापसी में पाटलिपुत्र से दोपहर 3:30 बजे रवाना हो कर रात 10:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इस सेवा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस एक ट्रेन सेट लगाया गया है। यह सप्ताह में छह दिन चलेगी और शनिवार को अनुरक्षण के लिए यह सेवा उपलब्ध नहीं होगी। आठ कोच वाली यह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सभी कोच वातानुकूलित हैं। इस ट्रेन में लगे दरवाजे ऑटोमेटिक हैं। यात्रियों को साफ-सुथरे बायो टॉयलेट की सुविधा मिलेगी। ट्रेन में जीपीएस आधारित जानकारी देने वाली स्क्रीन भी दी गई है। यात्रियों को ऑनबोर्ड खाना और पानी मिलेगा। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। अत्याधुनिक ट्रेन सेट की राइड बहुत ही आरामदायक होगी। इसमें झटके नहीं लगते हैं। ट्रेन सेट चंद सेकेंड में रफ्तार पकड़ लेती है और बहुत ही कम समय में रुक जाती है। इस कारण औसत गति अधिक बनी रहती है और यात्रा के समय में काफी कमी आती है। उत्तर प्रदेश में अब 15 और बिहार में 13 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। पूरे देश में अब तक कुल 70 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं लोगों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल सफर दे रही हैं। देश के 24 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 330 जिलों को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन कनेक्टिविटी मिली है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का स्लीपर संस्करण भी तैयार हो गया है और बहुत जल्दी यह पटरियों पर यात्रियों को सेवा प्रदान करेगी।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# इंदिरानगर के बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा!

## गाजीपुर पुलिस टीम से मुठभेड़ में सरगना घायल, सात साथी पकड़े गए

- सी ब्लॉक चोरी कांड में पहले मैगी बनाकर खाई थी, फिर उड़ा ले गये जेवर आदि
- तकरोही सहित अन्य कॉलोनियों में मचा रखा था चोरी-चकारी का आतंक



**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** गाजीपुर इलाके में चोरी के दौरान साथियों के साथ मैगी पार्टी करने वाले चोर गैंग का सरगना शुक्रवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया। शातिर चोर सात साथियों के साथ सर्वोदयनगर मजार के पास चोरी का सामान बांट रहा था।

पुलिस ने घेराबंदी की तो चोरों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सरगना के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके अस्पातल में भर्ती कराया। उसके पास से तमंचा, कारतूस, खोखा और चोरी का सामान बरामद हुआ। पुलिस ने उसके सात साथियों को भी गिरफ्तार किया है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं के चलते पुलिस लगातार गश्त कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार सुबह कुकरैल बंधा के पास मजार के पीछे कब्रिस्तान पर गई। जहां आठ संदिग्ध लोग जेवर और पैसे लेकर बैठे थे। पुलिस ने मौके से छह युवक और एक महिला को पकड़ा। वहीं एक युवक पुलिस को देखते ही भागने लगा। पुलिस के पीछा करने पर तमंचे से फायर कर दिया। जिसके चलते पुलिस की जवाबी फारिंग में उसके पैर में गोली लगी।

जिसको पास के अस्पताल भेजा गया। जहां पूछताछ में बताया कि उसका नाम हिमांशु थारु उर्फ संजू बाबा है। वह तेलीबाग पुराना नटखेड़ा में देशी ठेका के पास रहता है। उसके पास से एक देशी तमंचा, एक कारतूस और एक खोखा बरामद हुआ। दूसरी तरफ पुलिस ने मौके से तकरोही निवासी आकाश यादव, इंदिरानगर संतपुरम निवासी रिंकू कनौजिया, गाजीपुर के पटेलनगर निवासी रोहन कश्यप, हुसैनगंज निवासी विकास जायसवाल, आलमबाग आजानगर निवासी रोहित थारु उर्फ छंगा, तकरोही निवासी विकास यादव और बालू अड्डा निवासी महिला साथी मानसी शर्मा को पकड़कर पूछताछ की।

इस पर इन लोगों ने बंद मकानों की रेकी कर चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मानसी घरों में काम तलाशने के बहाने घरों की रेकी करती थी। जिसके बाद आकाश यादव, हिमांशु थारु उर्फ संजू बाबा, विकास जायसवाल, रिंकू कनौजिया, रोहन कश्यप को इसकी जानकारी देती थी। यह लोग चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर माल आपस में बांट लेते थे। मुठभेड़ में घायल हिमांशु थारू के खिलाफ 11 मामले, आकाश के खिलाफ पांच, रिंकू कनौजिया के खिलाफ तीन, रोहन कश्यप के खिलाफ एक, विकास जायसवाल के खिलाफ एक, विकास यादव के खिलाफ एक मामला दर्ज है। रोहित और मानसी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पुलिस के मुताबिक हिमांशु की आकाश, रिंकू और रोहन से जेल में मुलाकात हुई थी। इसके बाद इन लोगों ने चोरी का गिरोह बना लिया। जिसके बाद अन्य को जोड़कर घटनाओं को अंजाम देने लगे। यह लोग घरों में चोरी के साथ वाहन चोरी भी करते थे।

**रिटायर्ड बैंक कर्मी के यहां हुआ चोरीकांड बन गया था चुनौती...!**

पुलिस ने चोरों के पास से सोने के 47 ग्राम वजन के जेवरात, 250 ग्राम चांदी, 2.60 लाख रुपए नकद, चोरी में प्रयोग की गई दो स्कूटी और दरवाजा-अलमारी में तोड़ने में प्रयोग होने वाले दो सब्बल और पेचकस बरामद किए हैं। इंदिरानगर के सी-ब्लॉक के 499 मकान में बैंक से रिटायर्ड भूपाल सिंह बसेरा परिवार के साथ रहते हैं।

उनके दोनों बेटे सेना में तैनात हैं। 8 जून को भूपाल सिंह की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। इसके चलते बेटे आलोक बसेरा ने इलाज के लिए पिता को दिल्ली बुला लिया और वो पत्नी नीरू बसेरा के साथ दिल्ली चले गए थे। देखभाल करने वाली पड़ोसी दीपा बिष्ट ने सोमवार को देखा उनके घर की लाइट जल रही है। वो अंदर गई तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। गहने और नकदी गायब थी। उन्होंने भूपाल को इसकी जानकारी दी थी। घर में बेड पर प्लेट में थोड़ी बची हुई मैगी मिली। दीपा और पड़ोसियों ने किचन में जाकर देखा तो पता चला कि चोरों ने मैगी बनाई थी। उसे बेड रूम में लेकर खाया था।



अमीनाबाद में सड़कों पर नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण अभियान। छाया: तरूणमित्र

## राम सागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय में कुल्हा प्रत्यारोपण शुरू



**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** बक्शी का तालाब स्थित राम सागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय में कुल्हा प्रत्यारोपण शुरू हो गया है। शुक्रवार को अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज के एक तरफ का कूल्हा प्रत्यारोपण करने में कामयाबी हासिल की है। डॉक्टरों का दावा है कि अस्पताल में पहली बार कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया है। प्रत्यारोपण के बाद मरीज की तबीयत में सुधार है। बाराबंकी के ग्राम कोढ़वा निवासी कल्लू पांडेय के कूल्हे में चोट लग गई। परिवारीजन उन्हें लेकर राम सागर मिश्र हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां हड्डी रोग विभाग के डॉ. अशोक कुमार ने मरीज को देखा। रेडियोलॉजी की जांच कराई। जिसमें दाहिनी तरफ का कूल्हा फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई है।

डॉक्टरों ने बाईपोलर कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी। अस्पताल के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि मरीज का कूल्हा प्रत्यारोपण कराने के लिए परिवारीजन राजी हो गए। डॉ. अशोक कुमार, डॉ. यूएस लाल, डॉ. सुमित महराज ने मिलकर ऑपरेशन किया। एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. अंशु व फहीम ने मरीज को बेहोशी दी। डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज ठीक है। डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि अस्पताल में लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। नतीजतन ओपीडी व भर्ती मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।



नगर निगम मुख्यालय पर यूजर चार्जेस में संशोधन और डिजिटल भुगतान पर विशेष छूट के लिए ऑनलाइन सेवा का शुभारंभ करती मेयर सुषमा खर्कवाल। छाया: तरूणमित्र

## पुलिया से सटी जर्जर दीवार नाले में गिरी, करंट फैलने का खतरा



**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** बालागंज वार्ड–27 के मोहल्ला हरीनगर में मानसून की पहली बारिश ने क्षेत्र व्यवस्था की कमियों को उजागर कर दिया है। यहां देर रात को बारिश के बाद पुलिया से सटी जर्जर दीवार नाले में जा गिरी। वहीं बुनियादी ढांचे की खस्ता हालत सामने आ गई।

क्षेत्रवासी फूलचदं, अवधेश, अंकुर, पंकज गुप्ता, संदीप, मनोज, विकास, परवेस, डब्बू, अनिकेत, यूबी खान समेत सैकड़ों क्षेत्रवासियों का कहना है कि गुरूवार को बारिश के बाद यहां बीस मीटर लम्बी दीवार नाले में जा गिरी जिससें वहा आसपास लगें बिजली के पोल नाले की ओर झुक गये और आरसीसी सड़क पर दरारें आ गयी। वहीं कुछ दूर रखा 11 हजार केवी ट्रांसफार्मर भी उसी चपेट में आ सकता है। जिसस कोई बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि क्षेत्रीय पार्षद, पटेल कमलेश कुमारी देवी यहां समस्याएं देखने नहीं आती है। सालों से यहां जलभराव से परेशान हैं सड़क पर लगभग तीन से चार फिट पानी का रेला चलता है। जो कि घरों का सामान पूरी तरह खराब हो जाता व जानमाल का भी खतरा बना रहता है। क्षेत्रवासियों कहना है कि सालों से नाला क्षतिग्रस्त है बारिश से पहले हर बार शिकायत की जाती है। लेकिन उनके पास इसका कोई बजट न होने की बात कह कर टाल देते है।

- **बड़ा हादसा होने से लोग सहमें, पार्षद ने की नगर आयुक्त से ठीक करने की मांग**

लोगों का कहना बारिश के पानी से भरे गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पा रहा है। इससे पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। मॉर्निंग वॉक सदस्यों ने बताया कि हरीनगर चौराहा से लेकर श्री महेश्वरनाथ महादेव मंदिर,तक आने–जाने में दिक्कत हो रही है। स्थानीय निवासी शिवासु मिश्रा का कहना है कि सभासद से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा के हैं, फिर भी विकास कार्य नहीं हो रहे।

## एयरपोर्ट की बाउंड्री में उतरा करंट, महिला की मौत



**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी रोड के किनारे लगे टीनशेड में करंट उतर आया। यहां जामुन बीनने आई महिला की करंट लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान रायबरेली की रहने वाली 42 वर्षीय नसीरा के रूप में हुई। नसीरा पिछले 15 वर्षों से सरोजनी नगर के चिल्लावां में अपनी बुआ मुन्नी और उनके परिवार के साथ किराए के मकान में रह रही थी। नसीरा शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे जामुन बीनने के लिए घर से निकली थी। एयरपोर्ट वीआईपी रोड से चिल्लावां गांव जाने वाले रास्ते पर लगे लोहे की टीन शेड वाली बाउंड्री वॉल में उतरे करंट की चपेट में आ गई। राहगीरों ने महिला को जमीन पर पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही सरोजनी नगर पुलिस और एसीपी कृष्णा नगर विकास पांडेय मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि नसीरा जन्म से मानसिक रूप से दिव्यांग थी और अविवाहित थी। उसकी मां मेहरून का देहांत करीब 25 वर्ष पहले हो चुका है। उसके पिता मुन्ना नगराम में अकेले रहते हैं। मृतका के बाएं हाथ की हथेली में करंट लगने के निशान मिले हैं। घटनास्थल पर जमा लोग एयरपोर्ट प्रशासन से काफी नाराज दिखे। उनका कहना था कि रास्ते के पास लोहे की टीन शेड युक्त बाउंड्री स्थानीय लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बाउंड्री वाल में अक्सर करंट उतर आता है। जिसकी चपेट में आकर अब तक कई लोगों के करंट लग चुका है।

## लोहिया संस्थान में माइग्रेन और मनोदैहिक रोगों पर चर्चा



**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** लोहिया संस्थान के फिजियोलॉजी विभाग ने स्वास्थ्य और रोग में योग का प्रभाव पर एक सीएमई का आयोजन किया। शुक्रवार को इस सत्र को डॉ. विक्रम सिंह, सीएमएस, प्रोफेसर और प्रमुख, मेडिसिन विभाग, डॉ. आरएमएलआईएमएस, लखनऊ, डॉ. आदर्श त्रिपाठी, प्रोफेसर, मनोचिकित्सा विभाग, केजीएमयू, लखनऊ, डॉ. राजकुमार यादव, प्रोफेसर, फिजियोलॉजी विभाग, एम्स, दिल्ली सहित प्रख्यात विशेषज्ञों के भाषणों से समृद्ध किया गया। डॉ.विक्रम ने मन और चेतना के बारे में विस्तार से बताया और आईबीएस, सिरदर्द-माइग्रेन, क्लस्टर टेंशन सिरदर्द और अन्य न्यूरोलॉजिकल स्थिति जैसे मनोदैहिक रोगों पर इसके प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। केजीएमयू, लखनऊ के डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर योग की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। एम्स दिल्ली के फिजियोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. आर. के. यादव ने योग पर साक्ष्य आधारित शोध और इस क्षेत्र में उभरते रुझानों और अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। यह सीएमई उन चिकित्सा पेशेवरों, शोधकताओं और छात्रों के लिए था जो स्वास्थ्य और रोग प्रबंधन के लिए एकीकृत दृष्टिकोण की अपनी समझ का विस्तार करना चाहते हैं। 18 जून को फिजियोलॉजी विभाग द्वारा योग और वैकल्पिक चिकित्सा के माध्यम से स्वास्थ्य लक्ष्यों को प्राप्त करना शीर्षक से एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

## योग महोत्सव का हुआ आयोजन

**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** 21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवसर पर महिला पतंजलि योग समिति लखनऊ के तत्वावधान में सीएमएस विशाल खंड में योग महोत्सव का आयोजन हुआ। योग समिति की जिला प्रभारी मीना दीक्षित ने बताया कि इस दौरान आयोजित योग महोत्सव में प्रतिभागियों को दैनिक जनजीवन में किस प्रकार से योग को शामिल करके खुशहाल और स्वास्थ्यवर्धक जीवन व्यतीत किया जा सकता है। इस दौरान कार्यक्रम में योग कक्षा संचालिका भारती पंत, अर्चना मिश्रा, आरती राघवेंद्रम, नीतू पांडेय, आशा मौर्या, मीरा श्रीवास्तव, लक्ष्मी सिंह आदि बहनों की विशेष भागीदारी रही। योग महोत्सव में योग प्रोटोकॉल के साथ ही अनिता मिश्रा ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। साथ ही आगे जानकारी दी कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत शनिवार को महिला पतंजलि योग समिति टीम के द्वारा योग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हर वर्ग के नागरिकजन भाग लेंगे।

## निजीकरण के लिए बढ़ा-चढ़ाकर घाटा दिखाने पर उठाया सवाल

**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि निजी घरानों को बेजा मुनाफा पहुंचाने के लिए पॉवर कारपोरेशन ने आर एफ पी डाक्यूमेंट में बढ़ा चढ़ा कर घाटा दिखाया है। समिति ने इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। 22 जून की महापंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक सम्मिलित होंगे। 22 जून को बिजली महापंचायत में व्यापक जन आंदोलन का फैसला लिया जायेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पॉवर कारपोरेशन द्वारा विद्युत नियामक आयोग को निजीकरण के लिए सौंपे गये आर एफ पी डॉक्यूमेंट में 45 हजार करोड़ रुपए का घाटा दिखाया गया है जो पूर्णतया निराधार और भ्रामक है। दरअसल निजी घरानों को बेजा मदद पहुंचाने के लिए पॉवर कारपोरेशन ने बढ़ा चढ़ा कर घाटा दिखाया है। संघर्ष समिति ने कहा कि किसानों, बुनकरों और गरीबी रेखा के नीचे के उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सब्सिडी को पॉवर कारपोरेशन घाटे में जोड़ कर दिखा रहा है।

## स्कूल कैम्पस में लगेगा मेगा ऑर्थोपेडिक कैम्प

**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** राजधानी के गोमतीनगर विराट खंड एक स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल कैम्पस में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मेगा ऑर्थोपेडिक कैम्प सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक लगेगा। शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आशीष कुमार अग्रवाल ने जानकारी दी कि शैल्बी हॉस्पिटल्स के सहयोग से इस मेगा कैम्प को लगाया जा रहा है जिसमें विश्व विख्यात ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विक्रम शाह अहमदाबाद और उनकी जोड़ प्रत्योरोपण की एक्सर्ट मेडिकल टीम मौजूद रहेगी। इसके अलावा सीनियर ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं ऑर्थ्रोस्क्रोपी सर्जन डॉ. दीपांकर मिश्रा व ट्रामा सर्जन डॉ. रंजन पटारिया भी अपनी चिकित्सकीय सेवा मेगा कैम्प में देंगे।

## डीजीपी ने आरक्षियों के प्रशिक्षण को बताया गेम चेंजर



**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में पहली बार एक साथ 60,244 नवनियुक्त आरक्षियों के आधारभूत प्रशिक्षण की व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को डीजीपी राजीव कृष्ण ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस दौरान प्रदेश के सभी 112 प्रशिक्षण केन्द्रों, जोनल अपर पुलिस महानिदेशकों, पुलिस आयुक्तों, आईजी/डीआईजी, सेनानायकों और अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता और अनुशासन पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए गए।

बैठक का संचालन एडीजी प्रशिक्षण बीडी पाल्सन ने किया। डीजी प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण भारत ही नहीं, विश्व में पहली बार हो रहा है।

**नवनियुक्त आरक्षियों के प्रशिक्षण की डीजीपी ने की समीक्षा**

इसे सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों को संकल्प के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। आरक्षियों को पारंपरिक पुलिसिंग के साथ-साथ साइबर, फॉरेंसिक और सर्विलांस जैसी आधुनिक तकनीकों में दक्ष बनाने की योजना है। प्रशिक्षण के लिए जरूरी सामग्री की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है और प्रशिक्षकों को पाठ्यक्रम की मुफ्त प्रतियां दी जाएंगी। महिला प्रशिक्षुओं की सुविधा के लिए महिला स्टाफ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक थाने को लगभग 25 प्रशिक्षित अतिरिक्त आरक्षी मिलेंगे, जो कानून-व्यवस्था को नई मजबूती देंगे।

उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे प्रशिक्षुओं को उदाहरण के माध्यम से नेतृत्व का पाठ पढ़ाएं। डीजीपी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रशिक्षुओं की स्किल मैपिंग कर उनका डेटाबेस तैयार किया जाए, जिससे भविष्य में उनकी क्षमताओं का बेहतर उपयोग हो सके। सोशल मीडिया नीति की जानकारी भी प्रशिक्षुओं को दी जाएगी और महिला प्रशिक्षण केन्द्रों पर विशाखा समिति का गठन अनिवार्य किया गया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के अंत में डीजीपी ने जोनवार अधिकारियों से प्रशिक्षण में आ रही चुनौतियों को जाना और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में लॉजिस्टिक, प्रशासन, तकनीकी सेवाएं, स्थापना समेत मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## गर्भवती महिलाओं के लिए योग सत्र आयोजित

**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के हिस्से के रूप में केजीएमयू के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने गर्भवती महिलाओं के लिए एक विशेष योग सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भ संस्कार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था- प्रसवपूर्व प्रथाओं का एक समूह जो मां और बच्चे दोनों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। सत्र के दौरान, प्रतिभागियों ने गर्भावस्था-सुरक्षित योग अभ्यासों में भाग लिया और गर्भ संस्कार के महत्व पर शैक्षिक मार्गदर्शन प्राप्त किया। जागरूकता को और बढ़ाने के लिए, उपस्थित सभी माताओं को सूचनात्मक पुस्तिकाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम का संचालन प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख और वर्तमान में विश्वविद्यालय की कार्यवाहक प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर अंजू अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया।

## अर्जुनगंज सरसंवा सर्वहित व्यापार मंडल गठित



**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** अर्जुनगंज में व्यापारियों की बैठक सर्वहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव की उपस्थिति में कमला टावर नियर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में हुई। व्यापारियों ने अर्जुनगंज में दुकानों के सामने जलभराव, बिजली कटौती और सड़क निर्माण की वजह से आ रही समस्याओं के निस्तारण के लिए अर्जुनगंज सरसंवा सर्वहित व्यापार मंडल का गठन किया।

सर्वसम्मति से प्रीतम मिश्रा को अध्यक्ष, मंसूर अहमद को वरिष्ठ महामंत्री,रणवीर यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,राजेश गुप्ता, गौरव अग्रवाल को महामंत्री, वीरेन्द्र यादव और राजकुमार यादव को उपाध्यक्ष, सुनील अग्रवाल, अंशुल निगम, योगेश यादव और प्रशांत गुप्ता को सचिव,रतन लाल खंडेलवाल को कोषाध्यक्ष, आदर्श यादव और शैलेन्द्र सिंह चौहान को मीडिया प्रभारी, हिमांशु गुप्ता, पीयूष पांडे और गौरव अग्रवाल को सलाहकार और सिकंदर पाल को संरक्षक मनोनीत किया गया।

मनोनीत पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनसे वादा लिया कि वे सभी व्यापारियों की हर समस्या के निस्तारण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। नगर अध्यक्ष अजय सोनी ने बताया कि जल्दी शपथ ग्रहण समारोह कराया जाएगा, तथा कल से ही वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर अर्जुनगंज सरसावा व्यापारिक क्षेत्र में हो रही दिक्कतों को उनके प्रस्तुत रखकर उसका समाधान करवाया जाएगा। बैठक में अजय वर्मा, रिंकू यादव, आशीष जयसवाल, पुनीत मिश्रा, अनिल, पवन, अखिलेश यादव, वैभव मिश्रा, मंसूर अहमद, चन्दन कुकरेजा, राजेश, कौसल, योगेश यादव, सुबोध, इमरान, मोहम्मद उस्मान, विष्णु यादव, पुनीत बब्लू पाण्डेय, गौरव यादव, मुजीब, रणविजय, अनिल, मणींद्र नाथ दूबे, मो. दिलशाद, श्यामू, सौरभ गुप्ता, अश्विनी मिश्रा, विराट सिंह, राहुल यादव, राजेश पाल, सनी सिंह, विनोद सिंह, लाला, सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे मौजूद रहे।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने पूर्व सीएम से की मुलाकात

## अखिलेश का आश्वासन, सपा सड़क से न्यायालय तक करेगी मदद



**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** पिछले 6 वर्षों से लखनऊ की सड़कों पर आंदोलन कर रहे 69000 शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियो का धैर्य आखिरकार टूट ही गया और पहुंच गए सपा कार्यालय अखिलेश यादव से मुलाकात की और उनसे मदद की गुहार लगाई। अखिलेश यादव ने अभ्यर्थियों की पीड़ा सुनने के बाद कहा कि समाजवादी पार्टी इन अभ्यर्थियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी मुलाकात करने वालों में विजय यादव श्री गंगाराम यादव यशवंत कुमार अर्चना शर्मा व अन्य शामिल रहे।

विजय यादव ने बताया कि भाजपा सरकार से न्याय मांगते मांगते 6 साल गुजर गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई अब हम लोग चाहते हैं कि सपा इस मामले को पूरी मजबूती से सरकार के सामने उठा और न्यायालय में भी पर भी करें ताकि हमें न्याय मिल सके हमारे सामने रोजी-रोटी का संकट है।

## पुलिस बूथ में दो पक्षों में चले लात-घूसे




**लखनऊ, 20 जून (तरूणमित्र)।** पारा इलाके की बुद्धेश्वर पुलिस बूथ में 19 जून की देर रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दो युवकों ने एक-दूसरे को लात-घूसे मारे। एक-दूसरे को घसीट-घसीटकर पीटा। पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घटना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उस पर लोगों ने अलगझअलग प्रतिक्रियाएं दी हैं। पुलिस के अनुसार, पारा में राधेश्याम, अंकुश, आकाश और अनुपम सिंह रहते हैं। 19 जून की रात बारिश हो रही थी।

अनुपम सिंह बाइक लेकर पुल के नीचे खड़ा था। पीछे से आए राधेश्याम, अंकुश और आकाश ने कई बार हॉर्न बजाया। इसको लेकर उनका अनुपम सिंह से झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों में काफी देर तक गालीझगलौज हुई। उसके बाद दोनों पक्ष बुद्धेश्वर पुलिस बूथ पहुंचे। वहां पर भी दोनों पक्ष भिड़ गए। पुलिस कर्मियों के सामने ही चौकी में एकझदूसरे को गालियां देने लगे। मारपीट शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों ने बीचझबचाव करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। स्थानीय लोग भी बीच-बचाव में आए। उसके बाद पुलिस ने सख्ती बरतते हुए राधेश्याम, अंकुश, आकाश और अनुपम सिंह को गिरफ्तार कर लिया।